CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 9 अक्टूबर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 268 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

# मुंबई हमले का जवाब देना चाहती थी सेना, कांग्रेस ने विदेशी दबाव में रोका

**मुंबई, वार्ता**



■ कांग्रेस सरकार ने कार्रवाई न कर कमजोरी का संदेश दिया था और आतंकियों के सामने घुटने टेके थे: प्रधानमंत्री

■ पीएम ने केंद्र की मनमोहन सरकार में गृह मंत्री रहे पी. चिदंबरम का नाम लिए बिना उनके बयान का जिक्र किया

**प्रधानमंत्री मोदी** ने बुधवार को कहा कि 2008 में 26/11 मुंबई आतंकी हमले के दौरान कांग्रेस सरकार ने कार्रवाई न कर कमजोरी का संदेश दिया था और आतंकियों के सामने घुटने टेके थे।

उन्होंने कहा कि हमारी सेनाएं पाकिस्तान पर हमला करने के लिए तैयार थी, लेकिन सरकार ने विदेशी दबाव में ऐसा नहीं करने दिया। उन्होंने यह बात नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले फेज के उद्घाटन के दौरान कही। पीएम ने मनमोहन सरकार में गृह मंत्री रहे पी. चिदंबरम का नाम लिए बिना उनके बयान का जिक्र किया। 30 सितम्बर को चिदंबरम ने कहा था कि 26/11 के मुंबई आतंकी हमले के बाद उनके मन में भी बदला लेने का विचार आया था, लेकिन उस वक्त की कांग्रेस सरकार ने सैन्य कार्रवाई नहीं करने का फैसला लिया। पीएम ने 22 मिनट की स्पीच में ऑपरेशन सिंदूर, जीएसटी रिफॉर्म और विकसित भारत का जिक्र किया। पीएम बुधवार को दो दिन के दौरे पर मुंबई पहुंचे। गुरुवार को वे ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर से मिलेंगे। साथियों मुंबई भारत की आर्थिक राजधानी के साथ सबसे वाइब्रेंट शहरों में से एक है। 2008 में आतंकियों ने भी मुंबई शहर को बड़े हमले के लिए चुना। तब की कांग्रेस सरकार ने कमजोरी का मैसेज दिया। आतंकियों के सामने घुटने टेके। हाल ही में कांग्रेस के बड़े नेता और जो देश के गृह मंत्री तक रह चुके हैं। उन्होंने एक इंटरव्यू में दावा किया था कि मुंबई हमले के बाद हमारी सेनाएं पाकिस्तान पर हमला करने के लिए तैयार थीं। पूरा देश भी यही चाहता था, लेकिन उस नेता की माने तो किसी दूसरे देश के दबाव के कारण कांग्रेस सरकार ने भारत की सेनाओं को पाकिस्तान पर हमला करने से रोका। गरीब हो मिडिल क्लास हो इनका सशक्तीकरण आज देश की प्राथमिकता है। इन परिवारों को सुविधा-सम्मान देना, उनका सामर्थ्य बढ़ाता है। जीएसटी रिफॉर्म से जो चीजे सस्ती हुई उससे भी देश का सामर्थ्य बढ़ा है। नवरात्रि में बिक्री के कई साल के रिकॉर्ड टूटे, मेरा आग्रह है कि गर्व से कहो हम स्वदेशी हैं, स्वदेशी को अपनाएं। स्वदेशी को अपनाएं। हर घर-बाजार का यही मंत्र होना चाहिए।

# आजम खां के दर पहुंचे अखिलेश यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**रामपुर।** सपा मुखिया अखिलेश यादव बुधवार को आजम खां से मिलने उनके घर पहुंचे। अखिलेश यादव का हेलीकॉप्टर बुधवार को लगभग 1.00 बजे जौहर यूनिवर्सिटी उतरा।

आजम खां ने अखिलेश यादव का स्वागत किया, इसके बाद आजम खां अखिलेश यादव एक गाड़ी में बैठकर आजम खान के घर पहुंचे, जहां लगभग 2 घंटे तक आजम और अखिलेश की मुलाकात चली, इसके बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि पुराने लोग, पुराने समाजवादी जो नेताजी के साथ के हैं और जो नेता जी के साथ हैं, उनकी बात ही अलग होती है। उन्होंने कहा 2027 में सरकार बनने जा रही है और पीडीए की आवाज बुलंद होगी। अखिलेश ने कहा कि आज मैं आजम खां साहब का हाल जानने आया था, क्योंकि मैं जेल में मिलने नहीं पहुंच पाया था और अब हम लगातार मिलते भी रहेंगे। उन्होंने कहा कि जो सुप्रीम कोर्ट में हुआ है यह समाज में कहीं ना कहीं एक संदेश जा रहा है, यह पीडीए के लोग कहीं बैठे हों, जीवन में कहीं न कहीं अपमानित होते है, यह मैं पहली बार नहीं कह रहा हूं, एक बार विधानसभा में मैंने यह बात उठाई थी, जो पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक मुसलमान भाई, आदिवासी जो पीडीए परिवार है जो एक सूत्र में बना हुआ है, अपनी पीड़ा से वह अपमान महसूस करता है और इस सरकार में अपमानित हो रहा है। अखिलेश से नाराजगी को लेकर आजम खां ने मीडिया से कहा कि यह सूचना मिली कहां से, आपको कि मैं अखिलेश से नाराज हूं, अखिलेश ने कहा कि आजम खां समाजवादी पार्टी के दरख्त हैं, इनकी गहरी जड़ें हैं। अखिलेश ने कहा कि आजम खां पर जितनी भी झूठे मुकदमे लगे हैं, वह सब सपा सरकार में वापस लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आजम खां यूनिवर्सिटी में अच्छा काम कर रहे हैं।






## संक्षिप्त समाचार

### धार्मिक पुस्तक के अपमान के आरोप में एक गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर पुलिस ने सांबा जिले में एक धार्मिक पुस्तक के अपमान के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को यहां बताया कि सांबा जिले के राम कौलपुर निवासी मंजीत सिंह उर्फ बिल्ला नामक व्यक्ति को एक धार्मिक पुस्तक को जलाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

### आजम से मुलाकात अखिलेश की सियासी मजबूरी : राजभर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कबीना मंत्री व सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि जेल से जमानत पर छूटे आजम खान से मुलाकात करना सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की राजनीतिक मजबूरी है। जेल में रहने के दौरान 23 महीने तक अखिलेश ने आजम से एक बार भी मिलने नहीं गए, लेकिन जेल से बाहर आने के बाद उन्हें याद आ गए।

### एसआईए की कश्मीर में छापेमारी जारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) आतंकवाद से जुड़े एक मामले में कश्मीर के कई जिलों में छापेमारी कर रही है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र बलों की सहायता से एसआईए की टीमों ने आज सुबह कई जगहों पर एक साथ तलाशी शुरू की। ये छापेमारी आतंकवाद से जुड़े एक मामले की चल रही जांच का हिस्सा हैं। अभी तक किसी को हिरासत में लिए जाने की सूचना नहीं है।

# वैष्णो देवी यात्रा तीन दिन के बाद बहाल

**जम्मू, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम के कारण तीन दिनों तक स्थगित रहने के बाद श्री माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर की यात्रा आज फिर से बहाल हो गई।

अधिकारियों ने बताया कि मौसम विभाग की चेतावनी के बाद रोकी गई यात्रा बुधवार सुबह फिर से शुरू हो गई। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने भी एक्स पर पोस्ट किया कि जैसा कि पहले ही सूचित किया जा चुका है, सभी यात्रा पंजीकरण काउंटर 08 अक्टूबर 25 को सुबह 6 बजे से चालू रहेंगे। पोस्ट में आगे लिखा गया कि श्रद्धालुओं को सलाह दी जाती है कि वे आगे की जानकारी के लिए आधिकारिक संचार माध्यमों के माध्यम से अपडेट रहें। मौसम विभाग द्वारा पांच से सात अक्टूबर तक जारी खराब मौसम संबंधी चेतावनी के मद्देनजर वैष्णो देवी यात्रा तीन दिनों के लिए स्थगित रही। इस बीच मौसम में सुधार होने पर हेलीकॉप्टर सेवा भी सुचारू रूप से जारी है।

श्री माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर की यात्रा भारी बारिष्ठ के कारण 26 अगस्त को स्थगित कर दी गई थी। 26 अगस्त को अर्धकुंवारी स्थित इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में 34 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर तीर्थयात्री थे और कई घायल हो गए।

## एयर इंडिया का ताइवान की एयरलाइंस से इंटरलाइन करार

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने ताइवान की स्टारलक्स एयरलाइंस से इंटरलाइन भागीदारी का करार किया है।

एयर इंडिया ने बुधवार को बताया कि इस समझौते से उसके यात्रियों के लिए एक ही टिकट पर एयर इंडिया और स्टारलक्स की उड़ानों से ताइपेई की यात्रा संभव हो सकेगी। यात्रियों के पास एयर इंडिया की उड़ान से हांगकांग, बैंकॉक, सिंगापुर या क्वालालम्पुर जाकर वहां से स्टारलक्स की उड़ान से ताइपेई जाने का विकल्प होगा। उन्हें एक ही टिकट लेनी होगी। इन्हीं केंद्रों के माध्यम से स्टारलक्स के ग्राहक एयर इंडिया की उड़ानों से एक ही टिकट पर भारत आ सकेंगे।

# यूपी में अपनी खोई जमीन तलाशेंगी मायावती

## आज लखनऊ मे होगा कांशीराम की पुण्यतिथि पर शक्ति प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ इस महापर्व में बसपा के वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहेंगे

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती पार्टी संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि के अवसर पर गुरुवार को शक्ति प्रदर्शन के जरिये 2027 विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी के खोए जनाधार को वापस पाने की संभावनाएं तलाशेंगी।

कांशीराम की पुण्यतिथि में भाग लेने के लिए बसपा कार्यकर्ता मंगलवार से ही लखनऊ पहुंचने लगे हैं। सभी यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि पार्टी प्रमुख मायावती कांशीराम स्मारक परिसर से 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए किस रणनीति और जीत के फॉर्मूले का अनावरण करेंगी। इस महापर्व में बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद की मौजूदगी ने पार्टी समर्थकों के उत्साह को और बढ़ा दिया है। दरअसल 2012, 2017 और 2022 के लगातार विधानसभा चुनावों के साथ-साथ 2014, 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में हार के बाद बसपा प्रमुख एक जीत के फॉर्मूले की तलाश में हैं, ताकि राज्य की राजनीति में अपना वर्चस्व स्थापित कर सकें। 2012 में राज्य की सत्ता गंवाने के बाद, मायावती विधानसभा और लोकसभा चुनावों में विभिन्न जातिगत समीकरणों पर काम कर रही हैं, लेकिन इससे बसपा के लिए सत्ता का रास्ता साफ नहीं हो पाया है। बल्कि, लगातार चुनावों में बसपा का समर्थन आधार और वोट शेयर घटता ही जा रहा है।

### सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले को जिंदा करेगी बसपा

**लखनऊ।** लंबे अंतराल के बाद बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती एक बार फिर गुरुवार को पार्टी के समर्थकों से रूबरू होंगी। इस दौरान मायावती शक्ति प्रदर्शनन के जरिये बसपा को बी टीम बताने वाले विपक्ष को न केवल अपनी ताकत का अहसास कराएंगी, बल्कि मिशन 2027 का आगाज भी करेंगी। सर्वजन सुखाय- सर्वजन हिताय को लेकर मान्यवर कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती एक बार फिर से रैली के जरिये सोष्टाल इंजीनियरिंग के फार्मूले पर चलते हुए मतदाताओं के बीच पहुचने की कोशिश करेंगी।

## रायबरेली में दलित की हत्या पर राहुल गांधी और खड़गे का हमला

# मॉब लिंचिंग व बुलडोजर आज की पहचान

**नई दिल्ली, वार्ता**





रायबरेली में एक दलित की हत्या को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने कहा है कि 2014 के बाद से मॉब लिंचिंग, बुलडोजर अन्याय और भीड़तंत्र आज की पहचान बन चुकी हैं। कांग्रेस के दोनो नेताओं ने दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की हत्या को इंसानियत और संविधान की हत्या बताया है।

राहुल गांधी ने लिखा कि रायबरेली में दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की निर्मम हत्या सिर्फ एक इंसान की नहीं, इंसानियत, संविधान और न्याय की हत्या है। आज भारत में दलित, आदिवासी, मुसलमान, पिछड़े और गरीब हर उस व्यक्ति को निशाना बनाया जा रहा है, जिसकी आवाज कमजोर है, जिसकी हिस्सेदारी छीनी जा रही है और जिसकी जिंदगी सस्ती समझी जाती है। वह लिखते हैं कि देश में नफरत, हिंसा और भीड़तंत्र को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है। संविधान की जगह बुलडोजर ने ले ली है और इंसाफ की जगह डर ने। मैं हरिओम के परिवार के साथ खड़ा हूं, उन्हें न्याय जरूर मिलेगा। भारत का भविष्य समानता और मानवता पर टिका है और यह देश संविधान से चलेगा, भीड़ की सनक से नहीं। संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है कि रायबरेली में दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की निर्मम और क्रूर हत्या की कांग्रेस पार्टी कड़ी से कड़ी निंदा करती है। हमारे देश में एक संविधान है, जो हर इंसान को समानता के भाव से पहचानता है, एक कानून है, जो हर नागरिक की सुरक्षा, उसके अधिकार और उसकी अभिव्यक्ति को समान दर्जा देता है। जो रायबरेली में हुआ, वह इस देश के संविधान के प्रति घोर अपराध है, दलित समुदाय के प्रति अपराध है और इस देश व समाज पर कलंक है। चाहे हाथरस और उन्नाव में महिलाओं के खिलाफ अपराध हों, रायबरेली में हरिओम की हत्या कुछ समय पहले रोहित वेमुला की संस्थागत हत्या। मध्य प्रदेश में एक नेता द्वारा आदिवासी युवक पर पेशाब करने की अमानवीय घटना, ओडिशा और मध्य प्रदेश में दलितों की निर्मम पिटाई या फिर हरियाणा के पहलू खान और यूपी के अखलाक की हत्याप्रशासन और सत्ताधारी शक्तियों की बढ़ती संवेदनहीनता का दर्पण है। कांग्रेस पार्टी समाज के वंचित और कमजोर तबकों के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। हम नागरिकों से आह्वान करते हैं कि वे इस अन्याय के विरुद्ध एकजुट हों। यह लड़ाई तब तक जारी रहनी चाहिए, जब तक हर भारतीय के अधिकारों और जीवन की गरिमा को पूर्ण सुरक्षा नहीं मिल जाती।

### मुख्य न्यायाधीश पर हमले के विरोध में पूरे यूपी में 'आप' करेगी प्रदर्शन

**लखनऊ।** भारत के मुख्य न्यायाधीष्ठा पर जूता फेंकने की घटना की भर्त्सना करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) ने 10 अक्टूबर को पूरे उत्तर प्रदेश में विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। इस दौरान कार्यकर्ता राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपेंगे। पार्टी के प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि देश के सर्वोच्च न्यायिक पद पर एक दलित के बेटे का बैठना भारतीय जनता पार्टी और उसके नफरती तंत्र को बर्दाश्त नहीं हो रहा है। यही कारण है कि इस जघन्य कृत्य और उसके बाद सोशल मीडिया पर सीजेआई के खिलाफ फैलाए जा रहे घृणित अपमान को लेकर सरकार खामोश है। भारत के सीजेआई का अपमान हुआ है, क्योंकि आरएसएस और बीजेपी दलितों पिछड़ों आदिवासियों मुसलमानों से नफरत करती है।

# योगी ने राममंदिर पहुंच की ट्रस्ट के साथ मंत्रणा

**अयोध्या, वार्ता**



■ रामलला के दर्शन कर की पूजा-अर्चना

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अयोध्या में रामलला का दर्शन पूजन अर्चन करने के बाद श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर के अंदर बने आदित्य भवन में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासर्. चव चंपतराय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र एवं राममंदिर प्रबंधन का कार्य देख रहे गोपाल राव एवं प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व पर्यटन संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की मौजूदगी में मंत्रणा की। उन्होंने श्रीराम मंदिर ध्वजारोहण समारोह की तैयारियों के साथ साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित अयोध्या आगमन पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर निर्धारित समय पर रामकथा पार्क हेलीपैड पर उतरा जहां उनका स्वागत वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने किया। मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी पर माथा टेककर हनुमंत लला का दर्शन पूजन किया। हनुमानगढ़ी से मुख्यमंत्री का काफिला सुरक्षा घेरे में क्रॉसिंग 3 से राम मंदिर पहुंचा जहां उन्होंने विधि विधान से रामलला का दर्शन पूजन अर्चन किया और उपस्थित दर्शनार्थियों को अभिवादन कर श्रमिकों का हाथ उठाकर अभिनन्दन किया।

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 81790.12
निफ्टी 25077.65

सोना रु. 121799
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 150783
प्रति किलो

# शेयर बाजार में थमी तेजी, सूचकांक लुढ़के

**मुंबई, वार्ता**



ऑटो, बैंकिंग तथा अन्य सेक्टरों में बिकवाली के दबाव में घरेलू शेयर बाजारों में पिछले चार दिन की तेजी पर बुधवार को ब्रेक लग गया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 153.09 अंक की गिरावट के साथ 81,773.66 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक भी 25,046.15 अंक पर आ गया। दिन भर के कारोबार में सेंसेक्स में 600 अंकों का उतार-चढ़ाव रहा। यह ऊपर 82,257.74 अंक और नीचे 81,646.08 अंक तक गया। आईटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में बिकवाली ज्यादा रही। ऑटो, फार्मा, बैंकिंग, रियलिटी, तेल एवं गैस सेक्टरों पर ज्यादा दबाव रहा। दिग्गज कंपनियों के मुकाबले दूसरी कंपनियों में अधिक गिरावट देखी गई। निफ्टी-100 में 0.34 प्रतिशत की गिरावट रही। मिडकैप-50 सूचकांक 0.74 फीसदी और स्मॉलकैप 0.52 फीसदी टूट गया। एनएसई में कुल 3,207 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 1,864 में गिरावट और 1,250 में तेजी रही, जबकि 93 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित रहे।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में 21 के शेयर लाल निशान में बंद हुए। टाटा मोटर्स का शेयर सबसे अधिक 2.41 प्रतिशत गिर गया। महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.91 प्रतिशत, बीईएल में 1.67 प्रतिशत और अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.55 प्रतिशत की गिरावट रही। ट्रेंट का शेयर 1.46 प्रतिशत, सनफार्मा का 1.37 प्रतिशत, एनटीपीसी का 1.30, पावर ग्रिड का 1.28, रिलायंस का 1.27, बजाज फिनसर्व का 1.17 और एशियन पेंट्स का 1.05 प्रतिशत टूट गया। भारतीय स्टेट बैंक, मारुति सुजुकी, हिंदुस्तान यूनीलिवर और एक्सिस बैंक भी दबाव में रहे। टाइटन में सबसे अधिक 4.38 प्रतिशत की तेजी देखी गयी। इंफोसिस का शेयर 2.67 फीसदी, टीसीएस का 1.78, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 1.34, टेक महिंद्रा का 1.17 और इटरनल का 1.10 प्रतिशत चढ़ गया।

भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस में भी तेजी रही। एशिया में जापान का निक्केई 0.45 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.48 प्रतिशत टूट गया। चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.52 प्रतिशत की तेजी रही। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.46 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.56 फीसदी की बढ़त में था।

# सोना और चांदी की कीमत में रिकॉर्ड उछाल

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में लगातार तेजी देखी जा रही है। रोज नए-नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) की वेबसाइट के अनुसार बुधवार दोपहर तक 24 कैरेट सोने की कीमत बढ़कर 1,21,799 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जबकि चांदी की कीमत बढ़कर 1,50,783 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। एमसीएक्स पर चांदी वायदा में भी जोरदार खरीदारी देखी गई। 2,387 रुपये या 1.63 प्रतिशत बढ़कर 1,48,179 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत उछलकर 1,24,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई। हालांकि चांदी अपने अपने उच्चतम स्तर से 3,400 रुपये की गिरावट के साथ 1,54,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) पर आ गई। देश के महानगरों पटना में 24 कैरेट सोने का भाव 122,220, जयपुर में 122,270, कानपुर में 122,350, लखनऊ में 122,350, भोपाल में 122,450, इंदौर में 122,450, चंडीगढ़ में 122,320 और रायपुर में 122,270 रुपये रहा। पटना में सोना आज सबसे सस्ता मिल रहा है। वहीं सबसे महंगा सोना भोपाल और इंदौर में है। पटना में 10 ग्राम सोने की की कीमत 122,220 रुपये चल रही है। वहीं भोपाल और इंदौर में सोने का दाम 122,450 रुपये प्रति 10 ग्राम है।

# चावल नरम, गेहूं.चीनी मजबूत खाद्य तेल और दालों में घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव घट गये जबकि गेहूं की कीमतों में तेजी रही।

खाद्य तेलों और दालों के दाम में उतार.चढ़ाव देखा गया। चीनी में भी बढ़त देखी गई। विदेश में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा 76 रिंगिट चढ़कर 4,546 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.78 प्रतिशत की बढ़त के साथ 51.46 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत नौ रुपये घटकर 3,855.21 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं के भाव सात रुपये बढ़कर 2,859.58 रुपये प्रति क्विंटल रहे। आटे की कीमत भी 10 रुपये बढ़ी और यह 3,313.25 रुपये प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल की औसत कीमत 27 रुपये और वनस्पति की 31 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। सूरजमुखी तेल 48 रुपये और पाम ऑयल 39 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मूंगफली तेल 63 रुपये और सोया तेल छह रुपये रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत दो रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मसूर दाल भी 10 रुपये सस्ती हुई। अन्य दालों में तेजी रही। मूंग दाल की औसत कीमत आठ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। तुअर दाल 15 रुपये और उड़द दाल 14 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 19 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई, जबकि चीनी में दो रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। .दाल.दलहन : दाल चना 7908.25 रुपये, मसूर काली 8153.97 रुपये, मूंग दाल 10115.67 रुपये, उड़द दाल 10421.28 रुपये, अरहर दाल 10536.90 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2859.58 रुपये और चावल 3855.21 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी. गुड़ : चीनी एस 4319.01 रुपये और गुड़ 5008.08 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

# यूपी के हर जिले में आज से स्वदेशी मेला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ संस्कृति विभाग के सहयोग से दिखेगा ब्रांड यूपी का दम

**लखनऊ।** प्रदेश के उद्योग, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने लखनऊ के लोक भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि हाल ही में ग्रेटर नोएडा एक्सपो मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 के तीसरे संस्करण को अभूतपूर्व सफलता मिली है।

मंत्री ने बताया कि इस सफलता को जनता तक पहुंचाने और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 9 से 18 अक्टूबर 2025 तक प्रदेश के सभी जिलों में 'स्वदेशी मेलों' का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 'विकसित उत्तर प्रदेश 2047' के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन ने न सिर्फ निवेश और नवाचार के नए अवसर खोले, बल्कि ब्रांड उत्तर प्रदेश को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दी। 2200 से अधिक स्टॉल्स लगाए गए थे, जिनमें सरकारी विभागों, उद्यमियों, निर्यातकों, हस्तशिल्पियों और कारीगरों ने अपने उत्पादों और नवाचारों का प्रदर्शन किया। इस आयोजन में 80 से अधिक देशों के 500 से ज्यादा खरीदारों ने हिस्सा लिया, जिससे 11,200 करोड़ रुपये की व्यावसायिक पूछताछ और लगभग 5 लाख लोगों का फुटफाल दर्ज किया गया। अब हर जिले में 'स्वदेशी मेला' लगेगा। इन मेलों में उद्योग विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग, माटी कला बोर्ड, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, रेशम विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, सीएम युवा, ओडीओपी और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना से जुड़े विभागों के साथ-साथ हस्तशिल्पियों, कारीगरों, उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री का अवसर मिलेगा। मंत्री राकेश सचान ने कहा कि संस्कृति विभाग के सहयोग से मेलों में उत्तर प्रदेश की लोक कला, संगीत और परंपरागत संस्कृति का भी शानदार प्रदर्शन किया जाएगा। इसके साथ ही युवक मंगल दल, नेहरू युवा केंद्र और विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि प्रत्येक जिले में प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक और जिला अध्यक्ष स्वदेशी मेले का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री द्वारा जीएसटी सुधारों के रूप में देश को जो दीपावली गिफ्ट मिला है, यह स्वदेशी मेला उसी क्रम का उत्सव है।

# लोग आम खाने के बाद फेंक देते हैं गुठली, बेटियां रहें सावधानः पटेल

**वाराणसी, वार्ता**



■ महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के दीक्षांत समारोह में बोलीं राज्यपाल

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बेटियों को लेकर के बड़ी नसीहत दी। उन्होंने लिव इन रिलेशनशिप को लेकर कहा कि अभी लिव इन रिलेशनशिप का चलन है। मत करिए, अच्छे फैसले करिए। मैंने 50-50 टुकड़े कर बीम में भरने वालों को देखा है। पिछले 10 दिन में ऐसी घटनाओं के बारे में सूचना मिली है, जिन्हें सुनकर बेहद दुःख होता है। यह ऐसा समाज है जो आम खाता है और गुठलियों फेंक देता है, ऐसे में बेटियों को सावधान रहने की जरूरत है।

राज्यपाल ने कहा कि एक हाई कोर्ट के जज ने मुझसे चिंता व्यक्त की। मेरे सामने पास्को एक्ट के बारे में बताया, जो लोग गलत काम करते हैं, वह भाग जाते हैं। उन्होंने मुझे बताया कि मैडम एक दो लोग हैं, हमें न्याय भी देना है। समय नहीं है तो हम क्या करें, आप मदद कीजिए। मैंने कहा कि जरूर मदद करेंगे, बोलिए क्या करना है। इस पर जज ने कहा कि एक काम आप ऐड कर दीजिए कि पाक्सो एक्ट में जो बच्ची है, जहां भी रहती हैं उनके लिए क्या करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि मैंने सभी यूनिवर्सिटी से जानना चाहा कि इस पर क्या किया जा सकता है, इन बच्चियों तक कैसे पहुंचे। फिर मैंने 40 बेटियों को बंद कमरे में बैठाया, इनमें से चार की बातें सुनी। एक ने कहा कि पिता. जी मुझे प्रताड़ित करते थे। दूसरे ने मामा, तीसरी ने काका और चौथी ने कहा पड़ोसी प्रताड़ित करते थे। बेटियों ने हिम्मत दिखाई वह पुलिस स्टेशन गई और एफआईआर दर्ज की। दोषी लोगों की धर पकड़ हुई और अब वह जेल में है। इसके बाद बाकी बच्चों की बात सुनने की मेरी हिम्मत नहीं हुई। राज्यपाल ने कहा कि बच्चियों से मिलने के बाद मैंने ऐसी 80 लड़कियों से मुलाकात की, जिन्हें उनके पति ने छोड़ दिया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
कालीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# विकसित भारत के लिए इंडस्ट्री की आवश्यकता को पूरा करेगा सीआईआईआईटी: कपिल देव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश कपिल देव अग्रवाल ने भूमि पूजन एवं गायत्री मंत्र के जाप का उच्चारण करते हुये सेन्टर ऑफ इन्वेंशन इनोवेशन इनक्यूबेशन एण्ड ट्रेनिंग सेंटर (सीआईआईटी) का शिलान्यास किया। जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, जिलाध्यक्ष भाजपा सुधीर सैनी, मण्डलायुक्त सहारनपुर अटल कुमार राय, जिला. धिकारी उमेश मिश्रा ने भूमि पूजन के उपरान्त वृक्षारोपण किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम के पश्चात् मंच सम्बोधन कार्यक्रम शारदेन स्कूल मेरठ रोड मुजफ्फरनगर में आयोजित किया गया।

शिलान्यास कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों द्वारा अपने-अपने विचार मंच के माध्यम से प्रस्तुत किये गये। उक्त कार्यक्रम में टाटा टेक्नोलोजी लिमिटेड, पुणे से आये अधिकारियों द्वारा विभागीय वृत्तचित्र का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री, प्रमुख सचिव, मण्डलायुक्त एवं निदेशक, प्रशिक्षण निदेशालय, उत्तर प्रदेश द्वारा 21 आईटीआई के टॉपर्स सेवायोजित प्रशिक्षार्थियों को प्रशस्ति पत्र वितरित किये गये तथा राज्यमंत्री द्वारा उनको उज्जवल भविष्य की कामना व्यक्त करते हुये बताया गया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में प्रचलित उद्योगो तथा तकनीकी एवं व्यावसायिक शैक्षणिक संस्थानों आदि के समन्वय से ज्यादा से ज्यादा रोजगार सृजन एवं क्षेत्रीय युवाओं में कौशल क्षमता वृद्वि के उद्देश्य मुजफ्फरनगर को एक सेन्टर ऑफ इन्वेंशन इनोवेशन इनक्यूबेशन एण्ड ट्रेनिंग (सीआईआईटी) के रूप में विकसित करने निर्णय शासन स्तर पर लिया गया। इस केन्द्र को स्थापित करने के लिये राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मुजफ्फरनगर के आस-पास 1 वर्गमीटर (दस हजार वर्ग मीटर) नि:शुल्क भूमि की आवश्यकता थी, जिसको जिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर के माध्यम से भूमि का चिन्हान कर, प्रस्ताव प्रमुख सचिव, को भेजा गया एवं तत्काल प्रमुख सचिव द्वारा स्वीख्र ति प्रदान कर दी गयी। टाटा टेक्नोलोजी लिमिटेड के सहयोग से सेन्टर ऑफ इन्वेंशन इनोवेशन इनक्यूबेशन एण्ड ट्रैनिंग (सीआईआईटी) का निर्माण कार्य 226.52 करोड की लागत से बनेगा। यह संस्थान प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी सोच से जनपद मुजफ्फरनगर को मिला है।

यह संस्थान युवाओं का एडवांस ऑटोमोबाइल, इलैक्ट्रिक व्हीकल, ड्रोन टैक्नोलोजी, रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधु. निक तकनीकी शिक्षा प्रदान करेगा। यह संस्थान न केवल प्रशिक्षण देगा बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाकर प्रदेश और देश के विकास में योगदान का अवसर भी देगा। अत्याधुनिक कॉलेज मुजफ्फरनगर सहित पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए शिक्षा और रोजगार का नया द्वार खोलेगा। इसका निर्माण कार्य अगले वर्ष फरवरी 26 तक पूरा किए जाने का लक्ष्य रखा गया। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) द्वारा यह भी बताया गया योगी सरकार का लक्ष्य केवल डिग्री देना नही बल्कि रोजगारपरक शिक्षा के माध्यम से युवाओं को तकनीकी और आर्थिक रूप से शसक्त बनाना है। आने वाले समय में यह संस्थान उत्तर प्रदेश की सबसे बडी तकनीकी शिक्षा और रोजगार शक्ति के रूप में उभरेगा।

उक्त शिलान्यास कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डा हरिओम, प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ, अटल कुमार राय, मण्डलायुक्त सहारनपुर, अभिषेक सिंह निदेशक, प्रशिक्षण निदेशालय,उमेश मिश्रा जिलाधिकारी, कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, मुख्य विकास अधिकारी, राजेन्द्र प्रसाद, अपर निदेशक प्रशिक्षण निद. ेशालय, मयंक गंगवार, संयुक्त निद. ेशक, राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश अलीगंज लखनऊ, बीरेन्द्र बहादुर सिंह, संयुक्त निदेशक सहारनपुर मण्डल सहारनपुर, मनोज सिंह, संयुक्त निदेशक मेरठ मण्डल मेरठ, यतेन्द्र कुमार, उप उपाध्यक्ष, हेड ऑफ एजुकेशन, टाटा टेक्नोलोजी लिमिटेड, पुणे, रजनीकांत उपाध्याय इण्डिया हेड-स्किल डवलपमेंट टाटा टेक्नोलोजी लिमिटेड, पुणे, डा वीरपाल निर्वाल, अध्यक्ष जिला पंचायत मुजफ्फरनगर, डा सुधीर सैनी, जिलाध्यक्ष भाजपा, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष सतपाल, पूर्व चेयरमैन डा सुभाष चन्द्र शर्मा, पूर्व चेयरमैन, रेणू गर्ग, पुरूषोत्तम गौतम, मण्डलाध्यक्ष, अमित शास्त्री, प्रवीण खेडा, नन्दकिशोर, सभासद शोभित गुप्ता, मनोज वर्मा, राजीव शर्मा, रजत धीमान, नवनीत गुप्ता, प्रशान्त गौतम, अमित पटपरिमा, रीतू त्यागी, हरेन्द्र शर्मा, प्रमोद पुण्डीर भाजपा नेता, राजेश जैन, चौयरमैन, आईएमसी राजकीय आईटीआई



मुजफ्फरनगर, शारेदन स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर ब्रिवरतन, उद्यमी राकेश बिन्दल, भीमसेन कंसल, उपेन्द्र गर्ग, व्यापारी नेता संजय मित्तल, प्रमोद मित्तल, संजय मिश्रा, राजू अग्रवाल, विशाल गर्ग, सुदर्शन बेदी, के साथ सैकडों कार्यकर्ता उपस्थित रह। मुकेश प्रताप सिंह, नोडल प्रधानाचार्य द्वारा अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# हंसते खेलते परिवार को बर्बाद करने वाला जौला का है साबिर

## बेवफाई की कहानी का खलनायक साबिर है पांच मौतों का जिम्मेदार?

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** बेवफाई की कहानी फिर से एक बार दोहराई गयी। जिसमें पति ने अपनी पत्नि की बेवफाई से तंग आकर अपने चार मासूम बच्चों के संग नहर में कूदकर आत्महत्या कर ली। जांच में इस खौफनाक कांड के तार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र से भी जुड़े पाए गये क्योंकि इस कांड का असली दोषी गांव जौला का साबिर अंसारी पुत्र मंगता ही है जो कि आत्महत्या करने वाले युवक की पत्नि से अवैध संबंध रखकर उनके हंसते और खेलते परिवार को उजाड़ने का मंसू. बा बनाए हुए था। वैसे मामला समीपवर्ती जनपद शामली की कैराना कोतवाली क्षेत्र का है। जिसमें दिल को दहला देने वाली एक बड़ी घटना घटित हुई है। कैराना क्षेत्र निवासी सलमान की शादी करीब डेढ़ दशक पूर्व खुशनुमा से हुई थी। सलमान अपने परिवार का पालन पोषण करने को पंजाब के लुधियाना में रेहड़ी पर फल बैंचने का काम करता था।

पति की गैर मौजूदगी का फायदा उठाकर खुशनुमा ने बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव जौला निवासी साबिर नामक युवक से दोस्ती कर अवैध संबंध बना लिए। कहते हैं कि इश्क और मुश्क छुपाए नहीं छुपता दोनों के अवैध संबंधों का पता कुछ दिन बाद सलमान को भी लग गया। सलमान अपनी पत्नि को ऐसा करने से मना करता था लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही थी। तब इसी बात को लेकर दोनों में अक्सर झगड़ा होता रहता था।

इसी के चलते बीती 03 अक्टूबर को सलमान और खुशनुमा में साबिर को लेकर झगड़ा हुआ तो वह अपने पति सलमान के सामने ही साबिर के साथ चली गयी। बस यही बात को सलमान को नागवार गुजरी और उसने अपनी जिंदगी को ही खत्म करने का निश्चय करते हुए अपने 04 मासूम बच्चों को साथ लेकर नहर में छलांग लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। अब कैराना पुलिस ने खुशनुमा और उसके प्रेमी साबिर अली को अरैस्ट कर जेल भेज दिया है।

### मृतक के पिता ने कराए जौला के चार नामजद

मृतक सलमान के पिता शफीक ने इस मामले में मुख्य आरा. ेपी साबिर के अलावा उसके ही गांव जौला की अंजुम, इस्तकार और इंतजार को भी नामजद कराया है। आरोपी साबिर कैराना क्षेत्र में ही वाहन चलाता था और अविवाहित है।

वहीं पर उसकी खुशनुमा से आंखें चार हुई थी।

### वाहन की चपेट में आकर हुई युवक की मौत

**बुढाना।** आज मंगलवार की देर रात एक अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक अज्ञात युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। समाचार लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पायी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी थी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के खतोली मार्ग पर स्थित गांव रसूलपुर दभेडी के पास किसी एक अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से एक व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। शव की शिनाख्त नही हो पाई। पुलिस की प्रथम जांच में मृतक के मुस्लिम होने की पुष्टि हुई है। उम्र लगभग 42 वर्ष बताई गयी है।

# बिना पंजीकरण चल रहा क्लीनिक सील

## स्वास्थ्य विभाग की टीम की बड़ी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** अपंजीकृत क्लीनिक और नर्सिंग होमों के विरुद्ध स्वास्थ्य विभाग की सख्ती लगातार जारी है। बुधवार को जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और मुख्य चिकित्सा अधिक. ारी डॉ. सुनील तेवतिया के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष जांच अभियान के तहत खतौली ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम सादपुर में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

जानकारी के अनुसार, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी खतौली (ग्रामीण) डॉ. अवनीश कुमार सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्राम सादपुर में स्थित एक क्लिनिक पर औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान क्लिनिक संचालक मौके पर कोई वैध पंजीकरण प्रमाणपत्र, न ही किसी मान्यता प्राप्त शैक्षिक योग्यता से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत कर सका। टीम द्वारा कई बार पूछे जाने पर भी कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया।

नियमानुसार कार्रवाई करते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर ही क्लीनिक को सील कर दिया। सीलिंग की कार्यवाही के दौरान विभागीय टीम ने सभी अभिलेखों का परीक्षण किया और संबंधित रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित की।

डॉ. अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई जनहित में और अवैध चिकित्सा व्यवसाय पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने कहा कि ऐसे अपंजीकृत क्लीनिक और नर्सिंग होम जो बिना पंजीकरण या योग्य चिकित्सकीय स्टाफ के संचालन में हैं, उनके विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों ने विभाग की इस सख्ती का स्वागत किया और कहा कि इस प्रकार की कार्रवाई से झोलाछाप डॉक्टरों पर लगाम लगेगी तथा लोगों को सही चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरे जनपद में अपंजीकृत क्लीनिकों, पैथोलॉजी और नर्सिंग होमों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# शहीद की बेटी से साढ़े तीन लाख रुपये की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शासन व प्रशासन के प्रचार-प्रसार के बाद भी लोग लगातार ठगी का शिकार हो रहे है इस बार तो ठगों ने शहीद सिपाही की बेटी से भी साढ़े तीन लाख रूपये ठग लिए है। ठग ने शहीद की पत्नी को पैंशनर्स को गैलेंट्री का लालच देकर ठगी की। पुलिस ने इस मामले को दर्ज कर साइबर सेल द्वारा जांच शुरू कर दी गई।

शहर के मौहल्ला खालापार के दक्षिणी कृष्णापुरी निवासी युवती ने साइबर थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पिता तेजपाल सीमा सुरक्षा बल में सिपाही थे और 26 सितम्बर 1999 में शहीद हो गए थे पीड़िता ने बताया कि उनके पास फोन कॉल आई जिसमें उन्हे बताया गया कि तेजपाल सिंह के गैलेंट्री ग्राउंड जारी हुआ है।

जिसमें 3.70 लाख रूपये है और यह निरस्तीकरण कोष में पड़ा हुआ है। इसमें बताया गया कि वर्ष 2023 से 2026 तक लगभग 3.70 लाख रूपये मिलेगा। इसके बाद विवेक राजपुत नामक अधिकारी के सहायक गुलाटी ने फोन कर ग्रांड देने की एवज में 24 हजार से अधिक की मांग की। इसके बाद 74600 रूपये लिए गए और इसी तरह 97 हजार रूपये तथा एक लाख 66 हजार टैक्स के नाम पर लिए और 3.62 लाख रूपये की ठगी की गई। जब नम्बर बंद मिला तो पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। पुलिस ने इस मामले को दर्ज करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी है।

# स्वदेशी अपनाकर ही आत्मनिर्भर बनेगा भारत: डॉ. सोमेन्द्र

## जिले के प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अभियान गिनाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भाजपा सरकार के अस्तित्व में आने के बाद आत्मनिर्भर भारत अभियान को जन-जन तक पहुँचाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं।

भाजपा कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश सरकार में ऊर्जा एवं वेकल्पिक ऊर्जा विभाग के राज्यमंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर ने अभियान की रूपरेखा और उद्देश्यों की जानकारी दी। जिसमें उत्तर उन्होंने 'घर-घर स्वदेशी, हर घर स्वदेशी' के संकल्प के साथ स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और जनता को आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करने की रणनीति साझा की।

प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक कदम बढ़ाए हैं। उनका कहना था कि भाजपा का यह अभियान सिर्फ आर्थिक स्वावलंबन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देने का आंदोलन है। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना, लघु उद्योगों को सशद्र बनाना और 'वोकल फॉर लोकल' की भावना को जन-जन तक पहुंचाना इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि यह अभियान 3 अक्टूबर से 25 दिसम्बर तक जिलेभर में चलाया जा रहा है, जिसके तहत विभिन्न स्तरों पर कार्यशालाएं, संवाद कार्यक्रम और जनजागरण रैलियां आयोजित की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की भावना तभी साकार होगी, जब हर नागरिक देश के उत्पादों को अपनाएगा और स्वदेशी उद्यमों को सहयोग देगा। उन्होंने बताया कि भाजपा के इस अभियान के अंतर्गत युवाओं, महिलाओं और उद्यमियों के लिए विशेष सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें रोजगार सृजन, कौशल विकास, नवाचार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष फोकस रहेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को सरकार की आत्मनिर्भर भारत से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देंगे।

इस दौरान जिलाध्यक्ष डा. सुधीर सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, कार्यक्रम जिला संयोजक सुधीर खटीक, सहसंयोजक हरेन्द्र शर्मा, सचिन त्यागी, रविकान्त प्रधान, मीडिया प्रभारी पवन अरोरा, शरद शर्मा, रोहताश पाल, अचित मित्तल, विनय घई, जोगेन्द्र गुर्जर, पिन्टू त्यागी मौजूद रहे।

# मासूम से दुष्कर्म के मामले में उम्र कैद की सजा

**सबूत व गवाहों के आधार पर सुनाया फैसला, जुर्माना लगाया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कस्बा खतौली के एक पीड़ित ने 27 अप्रैल 2024 को पुलिस को एक तहरीर देते हुए अवगत कराया था कि गांव बुआडा कलां थाना खतौली निवासी महकार पुत्र धर्मवीर ने उनकी पांच साल की बेटी के साथ जंगल में ले जाकर दुष्कर्म की घटना की है। खतौली पुलिस ने इस मामले को धारा 354(क)(1), 376(ए,बी), 363, 506 आईपीसी व 5 एम/6पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज करते हुए 28 अप्रैल 2024 को आरोपी महकार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके बाद पुलिस ने विवेचना पूर्ण करते हुए कुछ सबुत जुटाते हुए न्यायालय में 18 मई 2024 को आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। पुलिस ने भी मिशन शक्ति 5.0 के तहत पैरोकारी की और यह मामला न्यायालय विशेष पोक्सो कोर्ट की न्यायाधीश अलका भारती ने सुना। इस मुकदमें की पैरोकारी एडीजीसी विक्रांत राठी व दीपक गौतम पैरोकार सुधीर कुमार ने की। कोर्ट ने सबूत व गवाहों के मद्देनजर महकार को दोषी पाया और उसको बीस वर्ष के कारावास की सजा सुनाते हुए उस पर पन्द्रह हजार रूपये से दण्डित भी किया है।

# 100 करोड़ की ठगी में बी-कॉम का छात्र दबोचा

## दो साथी भी गिरफ्तार, 16 प्रतिशत रिटर्न रिफंड का झांसा देकर हजारों लोगों को ठगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस अधीक्षक नगर सत्यानारायण प्रजापत ने पुलिस लाइन के सभागार में बुधवार को एक प्रेसवार्ता के दौरान पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि एसएसपी के निर्देशन में पुरकाजी थाना प्रभारी जयवीर सिंह व उनकी टीम ने एक ठग गिरोह को गिरफ्तार किया है। उन्होने बताया कि पांच अक्टूबर को कुछ पीड़ित लोगों ने थाना आकर एक लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि अमित कुमार गौतम व उसके साथियों ने सेनेमी ब्यूटी एंड वेलनेस प्रा. लि. नाम की कम्पनी में निवेश के नाम पर उनसे करोड़ों की धोखाधडी की है। पुलिस ने इस मामले में तुरंत ही मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी थी। इस मामले में पुरकाजी में दो और सिविल लाइन थाने में एक मुकदमा दर्ज किया गया। एसपी सिटी ने जानकारी दी कि पुलिस ने सूचना के आधार पर अमित कुमार गौतम पुत्र धीरज सिंह निवासी ग्राम खेडकी थाना पुरकाजी व डॉक्टर शादाब पुत्र उस्मान तथा सरफराज पुत्र यासीन निवासीगझ झोझीयान को गिरफ्तार किया। पुलिस ने जवालापुर स्थित वेयरहाउस और आरोपी सरफराज के घर पर छापा मारा तो यहां से भारी मात्रा में सेनेमी ब्रांड ब्यूडी प्रोडक्ट बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से एक कीमती कार, फर्नीचर, ऑफिस का सामान व करीब चार करोड रूपये से अधिक के सेनेमी ब्रांड के ब्यूटी प्रोडक्ट बरामद किए। एसपी सिटी ने यह भी जानकारी दी कि आरोपी अमित गौतम ने अपनी पत्नी वन्दना के साथ मिलकर सेनेमी ब्यूटी एंड वेलनेस प्रा. लि. के नाम से एक फर्म बनाई है। और इन्होने सवा साल में इस रकम को ढ़ाई गुना करने का झांसा देकर करीब 120 करोड रूपये का निवेश करवाया। एसपी सिटी ने यह भी जानकारी दी कि यह गिरोह विश्वास में लेकर कागजी एग्रीमेंट कराकर पीड़ितों को बताता था कि इस कम्पनी से जुडने पर मोटी कमाई होगी और अमित ने अपने साथी सरफराज व शादाब के साथ मिलकर इसका प्रचार-प्रसार कराया और उक्त पैसे से उत्तराखंड के जवालापुर, हरिद्वार में सम्पत्ति खरीदी गई और वेयरहाउस, सेनेमी ब्रांड के मार्ट और ब्यूटी प्रोडक्स, मेन्यूफेक्चरिंग यूनिट बनाई। इन गिरोह ने लोगों को अपने जाल में फंसाने के लिए शुरू-शुरू में कुछ लोगों को पैसा भी दिया। और इसके बाद यह लोग कम्पनी बंद कर फरार हो गए थे। एसपी सिटी ने यह भी जानकारी दी कि इस कम्पनी के झांसे में आकर मोटी रकम कमाने वाले पीडितों ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी उमेश मिश्रा से की थी इसके बाद सिविल लाइन थाने में एक महिला सहित तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया। इसमें दर्जन भर लोग ग्यारह फरवरी को डीएम से मिले थे। और इस गिरोह ने कई जनपदों में ब्रांच कार्यालय भी खोल रखे थे इसमें अमित, वन्दना और विजय ने मिलकर ठगी की थी।




# खतौली बाजार में दिनदहाड़े नशीला हमला

**वृद्धा के कानों से सोने के कुंडल लूटे गए**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** बुधवार दोपहर कस्बे के व्यस्त बाजार में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब दो अज्ञात युवकों ने एक वृद्धा को नशीला रुमाल सूंघाकर उसके कानों से सोने के कुंडल लूट लिए और घटनास्थल से फरार हो गए।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टबिटा निवासी राजेश देवी पत्नी शेरपाल, बुधवार को घरेलू सामान खरीदने खतौली बाजार आई थीं। जानसठ मार्ग स्थित शिव मूर्ति के पास पहुंचते ही दो युवक उनसे पैसे लेने का बहाना करने लगे। वृद्धा के इनकार करने पर युवकों ने कपड़े में रखा सामान दिखाते हुए उन्हें लुभाने की कोशिश की। इसी दौरान एक युवक ने मौका पाकर महिला के मुंह पर नशीला रुमाल रख दिया। महिला अचेत होकर सड़क किनारे गिर पड़ी। कुछ देर बाद होश आने पर पता चला कि उनके कानों के सोने के कुंडल गायब थे। पीड़िता ने शोर मचाया और स्थानीय लोगों को घटना की जानकारी दी, लेकिन आरा. ेपी पहले ही फरार हो चुके थे। राजेश देवी ने अपने परिजनों के साथ कोतवाली खतौली जाकर तहरीर दी और पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और जानसठ मार्ग पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान करने में जुट गई है। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से बाजार में दहशत का माहौल है।



# नगर में खाद विभाग की छापेमारी से मचा हड़कंप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** नगर मे चल रही मिठाइयो की दुकान पर मिलावटी मिठाई बनने की शिकायतों के चलते चरथावल मे खाद्य विभाग की टीम के द्वारा छापेमारी की गयी छापेमारी से नगर के दुकानदारों मे जहाँ हड़कंप मच गया वही अनेको दुकान स्वामी अपनी दुकानों को बंद करके फरार हो गएस ज्यादा मुनाफा कमाने के चककर मे जहाँ इस समय मिलावटी मिठाई का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा हेस वही मिलावटी मिठाई से जहाँ स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता हे वही मिलावटी मिठाई खाने से अनेको बीमारियों को जन्म मिलता हेस और मिलावटी सामान के प्रयोग से अनगिनत बीमारियों का शिकार लोग हो जाते हेस आख़िरकार योगी सरकार मे भी मिलावटी सामान के बनने पर क्यों रुक नहीं लग रही हे यह सवाल क्षेत्र सहित चप्पे चप्पे पर गूंज रहा हे मुख्यमंत्री जहाँ मिलावटखोरो पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की बात कर रहे हे वही मिलावट खोरो अपने कार्य को पूरी तरह से अंजाम देकर मिलावटी सामान का निर्माण कर रहे हे मिलावट खोरी की शिकायत पर मुख्य खाद्य अधिकारी शिवकुमार एवं रचना धीरन सहायक आयुक्त के नेतृत्व मे चरथावल मे मिठाई की दुकानों पर छापेमारी की गयी फूड इंस्पेक्टर वैभव शर्मा ने मिठाई की कई दुकानों के नमूने लेकर जाँच के लिए भिजवाए और सभी को किसी भी तरह की मिलावट और मिठाईयों पर रंग न लगाने की हिदायत दी और कहा मिलावटखोरो को किसी भी क़ीमत पर नहीं बक्शा जायेगे आज की छापेमारी से मिलावटखोरो मे हड़कंप मचा हुआ है।

# आगामी चुनावों को लेकर कार्यकर्ताओं ने की चर्चा

**अगले चुनाव में ओवैसी की पार्टी दिखाएगी पूरा दमखम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** आज बुधवार की देर रात आल इण्डिया मजलिस ए इत्ते. हादुल मुस्लिमीन की एक आवश्यक बैठक का आयोजन बुढ़ाना नगर अध्यक्ष काज़ी फईम उस्मानी के मोहल्ला काजीवाडा में स्थित आवास पर किया गया। जिसमें जिला पंचायत के वार्ड नंबर 19, 20 ओर 22 से सदस्य पद का चुनाव लड रहे उम्मीदवार सैय्यद बाबर, हामिद राणा, डॉक्टर मुबारक राणा और जिला महासि. चव आजम फारूकी ने संयुक्त रूप से आने वाले जिला पंचायत चुनाव पर एक खास रणनीति पर जोर दिया।

जिसमें तीनों वार्डों पर ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाए जाने पर चर्चा की गयी और संगठन को भी मजबूत करने की बात कही गयी। यहां यूथ जिला अध्यक्ष अब्दुल माजिद राणा ने भी अपनी राय रखी और बुढ़ाना नगर के अध्यक्ष फईम उस्मानी ने भी आने वाले नगर पंचायत चुनाव पर अपनी बात रखी। जिसमें बुढ़ाना नगर पंचायत के वार्ड नंबर 16 से वसीम कुरैशी को वार्ड का अध्यक्ष बनाया गया। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से यूथ जिला अध्यक्ष अब्दुल माजिद, जिला महासचिव आजम फारूकी, बुढ़ाना नगर अध्यक्ष काज़ी फईम उस्मानी, सलीम बेग, आशु राणा, हामिद राणा, सैय्यद बाबर और डॉक्टर मुबारक राणा सहित अन्य कई कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरूकता जरूरी

**पुरकाजी।** बाईपास स्थित एसएम डिग्री कॉलेज में साइबर सेल एवं थाना पुरकाजी की संयुक्त पहल पर फिशिंग क्राइम के निवारण के विषय पर छात्राओं को विशेष साइबर क्राइम सुरक्षा एवं जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को ऑनलाइन सुरक्षा, डिजिटल व्यवहार तथा साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के बीच निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर साइबर सेल अधिकारी तथा उप निरीक्षक निशा सिंह मुख्य आरक्षी हरेंद्र चौधरी सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने छात्राओं को विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों जैसे फिशिंग, ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया फॉड, साइबर बुलिंग आदि की जानकारी दी और उनसे बचाव के व्यावहारिक उपाय बताए। उन्होंने छात्राओं को बताया कि यदि कोई साइबर अपराध का शिकार होता है, तो वह तुरंत राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल या हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करा सकता है। उन्होंने सभी से सतर्क रहने और दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएम डिग्री कॉलेज के सचिव सलमान सईद द्वारा की गई। सलमान सईद ने साइबर सेल और थाना पुरकाजी की आई टीम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्राओं को डिजिटल युग में सुरक्षित रहने और जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं।




कार्यक्रम का संचालन शिराज कुरैशी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर डॉ. शाहिना (डायरेक्टर) डॉ. शिराज कुरैशी प्रिन्सिपल नसीम अख्तर सपना चौधरी अनिबा दुर्गेश गोयल दीपेंद्र शारिक शाहनवाज़ कुरैशी कपिल असगर कुरैशी उमर दिन सलमानी, शहज़ाद सलमानी, शोएब राशन, हैदर खान पी. वी. जनता जूनियर हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक शाहिद अख्तर अंसारी बालेश्वर जुल्फान अली अब्दुल सलाम मेराज खान शोएब आबादी आदि गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामय उपस्थिति रही।

# हिन्दू संगठनों ने 12 स्थानों पर लगवाए मेहंदी शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अपना त्यौहार, अपनों को रोजगार, जिहादियों पर प्रहार के स्लोगन के साथ विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल एवं राष्ट्र सेविका समिति द्वारा करवाचौथ के पवित्र त्योहार पर हिंदू समाज को आह्वान करते हुए करवाचौथ एवं समस्त त्यौहारों पर मेंहदी हिंदू बहनों से लगवाए नगर के विभिन्न स्थानों पर 12 मेंहदी केंद्र का शुभारंभ किया ।

जिसमें बड़ी धर्मशाला नई मंडी में मेंहदी केंद्र का उद्घाटन ममता अग्रवाल पूजा दुआ , श्वेता जैन, मीनाक्षी मित्तल डॉ राजेश कुमारी द्वारा सामूहिक रूप से फीता खोलकर और दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिव चौक पर अन्नू अग्रवाल एवं नीति अग्रवाल जी द्वारा दीप जलाकर मेंहदी केंद्र का शुभारंभ किया ।कार्यक्रम में नई मंडी में राष्ट्र सेविका समिति की जिला संघचालिका मंजू महेश्वरी, जिला निधि प्रमुख प्रीति गुप्ता, अंशु गर्ग जी द्वारा आए अतिथियो का पटका पहनाकर एवं उपहार देकर करवाचौथ की शुभकामनाएं दी। विहिप के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, जिला संगठन मंत्री शुभम ,जिला कोषाध्यक्ष मोहित बंसल, जिला सामाजिक समरसता प्रमुख नितिन तायल, जिला गौरक्षा प्रमुख नीतीश ऐरॉन, मनोज अग्रवाल, राघव गुप्ता ने अंकुर दुआ एवं सभी मीडिया बंधुओं को पटका पहनाकर उपहार देकर सम्मानित किया।

# शाहपुर में धूमधाम से मनाई गई वाल्मीकि जयंती

**शाहपुर।** हिंदू समाज में पवित्र धार्मिक महाकाव्य ग्रन्थ रामायण के रचयिता भगवान महर्षि वाल्मीकि प्रकट उत्सव कस्बे में बड़ी धूमधाम से मनाया। मंगलवार की रात को महर्षि वाल्मीकि प्रकट उत्सव पर वाल्मिक समाज के लोगों ने महर्षि वाल्मीकि आश्रम प्रांगण में जागरण का आयोजन किया। शुभारंभ विधि विधान के साथ मंदिर के महंत राजेश गिरी नागा नें पूजा अर्चना कर कराया। जागरण में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष प्रमेश सैनी, प्रमुख समा. जसेवी उमेश मित्तल भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष रूबी सैनी ने फीता काटकर शुभारंभ किया। जागरण का शुभारंभ प्रसिद्ध भजन गायक कुमार विशाल ने वाल्मीकि भगवान की स्तुति करते हुए प्रारंभ किया। धार्मिक भजन गायक सन्नी धवन ने भजनों का ऐसा समा बाधा के भद्रगण गण झुमने पर मजबूर हो गये। कुमार विशाल, सुनील व अन्य भजन गायको ने महर्षि वाल्मीकि का गुणगान किया। जागरण में धार्मिक झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमेश सैनी व उमेश मित्तल ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि भगवान त्रिकालदर्शी ऋषि थे। उन्होंने अयोध्या में राजा दशरथ के घर माता कौशल्या की कोख से अवतार लेने से पहले ही वाल्मीकि रामायण की रचना की थी। इस बीच सभी से उनके बताए मार्ग पर चलने का आ]वान किया। आज शोभायात्रा का शुभारंभ फीता काटकर अरविंद पाल व दीप प्रज्ज्वलित डॉ. प्रदीप सिंह चौहान ने किया। प्रमुख समाजसेवी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रमुख दावेदार अरविंद पाल ने कहा कि पावन ग्रंथ रामायण की रचना किसी विशेष समुदाय के लिए नहीं बल्कि, समस्त मानव कल्याण के लिए की थी। मुख्य अतिथि डॉक्टर प्रदीप सिंह चौहान ने कहा कि भगवान वाल्मीकि विश्व संस्कृति के पितामह हैं। भाजपा नेत्री रुबी सैनी ने कहा कि सनातन धर्म का वह घर अधूरा है। जिस घर में पवित्र ग्रंथ रामायण नहीं है। और यदि है तो उसमें प्रतिदिन रामायण का पाठ होना चाहिए। जागरण के दौरान वाल्मिक समाज के महिलाओ व पुरुष समेत हिंदू समाज के भक्तगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी अभियान का स्वागत सम्मान समारोह आयोजित

**जानसठ।** राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी जागरूकता अभियान एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण संसद अनीत कौशिक एवं महंत धर्माचार्य पंडित आर.के स्वामी का जानसठ के मोहल्ला जन्नताबाद में सभासद मोहम्मद अहसान के आवास पर स्वागत किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महंत पंडित आर के स्वामी ने कहा कि प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाया जाए। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीत कौशिक, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित आर के स्वामी, पूर्व चेयरमैन यनेश तंवर, प्रवीण तंवर, ब्रजेश रस्तौगी, सभासद मोहम्मद अहसान, विशाल सैनी, सुशील कुमार, गौरव भटनागर, धर्मेश सैनी, राजन कुमार, अंकित सिंघल, हाजी कल्लू, मौलाना शाहिद खान, डॉ.अरशद, इकराम खां, परवेज राणा, सिराजुद्दीन, अपील सैफी, साजिद,सैफी, जयप्रकाश, पाजू सोमपाल, धर्मपाल, अकील, नौशाद अंसारी, डैनी आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

# थानाध्यक्ष-जेई के विरुद्ध भाकियू ने रतनपुरी थाने का किया घेराव



**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने बुधवार की देर रात रतनपुरी थाने में पहुंचकर अनिश्चितकालीनघ धरना शुरु कर दिया। भाकियू नेताओं का यह आरोप है कि टोडा गांव में आज एक महिला अपने घर पर नहा रही थी तो टोडा बिजलीघर के जेई के निर्देश पर लाइनमेन ने दीवार पर चढ़कर महिला के घर की विद्युत लाइन काट दी। महिला ने कहा भी कि में नहा लूं तब विद्युत तार काट देना लेकिन लाइनमेन नहीं माना। आरोप के मुताबिक जब महिला रतनपुरी थाने में अपनी शिकायत लेकर पहुंची तो रतनपुरी थानाध्यक्ष ने महिला की रिपोर्ट दर्ज करने से साफ इंकार कर दिया और कहा कि उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं होगी। वे बिजली विभाग की तरफ से जो तहरीर आई है वो दर्ज करेंगे। बस इसी बात से क्षुब्ध होकर भाकियू कार्यकर्ताओं ने देर रात थाना रतनपुरी में धरना शुरु कर दिया क्योंकि महिला के परिजन भाकियू कार्यकर्ता हैं। देर रात समाचार लिखे जाने तक धरना जारी था और भाकियू कार्यकर्ता रतनपुरी थाने में पहुंचने शुरु हो गये थे। धरने पर भाकियू जिला महासचिव अनुज बालियान, जिला संगठन मंत्री विकास त्यागी, तहसील अध्यक्ष बुढ़ाना संजीव पंवार, लविश जांगिड, सुले चौधरी, राशिद अली, विपिन चंधेडी, यासीन खान, गुलाब, शहजाद भारती, इसरार राजपूत, अंकुर बालियान, अफजल अहमद, राशिद अली और मंजूर हसन सहित कई भाकियू कार्यकर्ताओं की मौजूदगी देखने को मिली।

# अध्यापक मनीष गोयल के बेटे अयन गोयल ने इंदौर - मध्यप्रदेश में किया पुरकाजी का नाम रोशन



**पुरकाजी।** मिली जानकारी के अनुसार पुरकाजी के रहने वाले और लखनौती गांव के सरकारी स्कूल में प्रधानाध्यापक मनीष कुमार गोयल का बेटा अयन गोयल, जी. एस.इन्स्टीटयूट ऑफ टैक्नोलॉजी एंड साइंस इन्दौर, मध्य प्रदेश में बी टेक (औद्योगिक एवं उत्पाद) में तृतीय वर्ष का छात्र हैं इन्होंने तीनों वर्षों में अपनी स्ट्रीम में प्रथम स्थान प्राप्त किया।आज इन्दौर में इस बिवविख्यात इंस्टीटडूट के प्रांगण में उडान-2025 कार्यक्रम के अन्तर्गत इन्द्र सिंह परमार माननीय मंत्री (उच्च शिक्षा), मध्य प्रदेश सरकार, द्वारा बी टेक डिग्री धारकों को डिग्री तथा गत वर्षों में प्रथम स्थान पर रहें छात्रों को स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया गया। जिसमें पुरकाजी के होनहार छात्र अयन गोयल को भी प्रथम स्थान प्राप्त करके पर मध्य प्रदेश के शिक्षा मंत्री ने सम्मानित किया।

# सिविल लाईन पुलिस ने एकत्र की छात्रा की फीस

**मुजफ्फरनगर।** मिशन शक्ति फेस 5.0 अभियान के अंतर्गत शासन द्वार जारी कल्याणकारी योजनाओं जैसे- विधवा पेंशन योजना वृध्दावस्था पेंशन योजना सुकन्या समृद्धि योजना प्रधानमंत्री आवास योजना उज्ज्वल योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधान मंत्री जन अरोग्य योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान आदि से अवगत कराते हुए तथा बालिकाओं को उनकी सुरक्षा व सम्मान के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- वूमेन पावर लाइन-1090 महिला हेल्पलाइन नंबर -181 पुलिस आपातकालीन सेवा -112 स्वास्थ्य सेवा-102,108 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर -1076 चाइल्ड लाइन 1098, साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 1930 आदि के बारे प्रचार प्रसार के दौराना थाना सिविल लाईन पुलिस की एंटीरोमियो टीम एक बच्ची तिशा मदान पुत्री नितेश मदान नि0 प्रेमपुरी थाना सिविल लाईन मु0नगर के घर पहुँची तो




ज्ञात हुआ कि तिशा मदान एमजी पब्लिक स्कूल मे पढती थी । परिवार. जनो की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण तिशा मदान उपरोक्त का स्कूल जाना बन्द हो गया तो एण्टी रोमियो टीम द्वारा तत्काल थाना प्रभारी को उक्त घटना से अवगत कराते हुए तिशा मदान की मदद करे की ठानी प्रभारी निरीक्षण तुरन्त तिशा मदान उपरोक्त को स्वयं के पिता नितेश मदान के साथ थाना बुलवाया तथा थाना प्रभारी द्वारा आपस मे पैसे एकत्रित करके तिशा मदान की 03 माह की स्कूल की फीस 10,500 रुपये दिये । तिशा मदान व उसके पिता नितेश मदान के चेहरो पर खुशी लौट आयी तिशा मदान व उसके पिता द्वारा थाना पुलिस को धन्यवाद किया ।

# पूर्व मंत्री ने छात्र आरव का बढ़ाया हौसला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश उपाध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री चौधरी योगराज सिंह आज बुधवार की सायं बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के चन्धेडी में पहुंचे।

जहां पर उन्होंने विगत दिवस मध्य प्रदेश के जनपद उज्जेन में भारतीय युवा खेल विकास महासंघ संगठन रजिस्टर्ड के तत्वाधान में आयोजित किए गये 2 दिवसीय राष्ट्रीय राज्य स्तरीय खेल के पांचवें फेडरेशन कप में एक सौ मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक और 1600 मीटर की दौड़ में रजत पदक जीतने वाले छात्र आरव को उनके घर पर पहुंचकर अपने कर कमलों द्वारा सैंकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में एक सादे समारोह मे सम्मानित किया और कहा कि वे इसी तरह से पूरे देश प्रदेश में अपने चन्धेडी गांव का नाम रोशन करें। इस दौरान रालोद के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र सहरावत, संयम पंवार, बाल किशोर त्यागी, गांव चन्धेडी के प्रधान पुरुषोत्तम सिंह, सुनील महले, यश कुमार, दिनेश कुमार, विनोद, संदीप, धर्मेंद्र, कालू पंवार, ऋषिपाल, पंकज, शीशपाल पंवार, प्रदीप, सर्वोत्तम, गौरव, कविंद्र, राम सुमन, सुनीत और चांदवीर रहे।

# पिछड़ा वर्ग मोर्चा के संस्थापक जयपाल प्रजापति की पुण्यतिथि मनाई

**मुजफ्फरनगर।** आज भारतीय अति पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा के संस्थापक ,वे मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति के पूज्य पिता स्वर्गीय जयपाल सिंह प्रजापति की ग्यारवीं पुण्यतिथि टाउन हॉल स्थित कार्यालय पर मनाई गई जिसमें हवन पूजन के बाद पुण्यतिथि में पहुंचे सभी गणमान्य लोगों ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस दौरान विचार गोष्ठी में समाज में जागरूकता एकजुटता हक अधिक. ारों वे शिक्षा पर जोर दिया गया वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा हे कि जयपाल सिंह प्रजापति ने हमेशा गरीब मजदूर अति पिछड़ों वे दलितों वंचितों की लड़ाई लड़ी वही आज इस लड़ाई को उनके पुत्र मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति द्वारा मजबूती वे ईमानदारी के साथ अति पिछड़ों गरीब मजदूर की लड़ाई लड़ी जा रही हे वहीं अति पिछड़ा शोषित वंचित वर्ग को भी उनके हाथों को मजबूत करना चाहिए ताकि उनके द्वारा लड़ी जा रही लड़ाई ओर अधिक मजबूती से लड़ी जा सके वहीं वक्ताओं ने कहा हे कि जब से मोर्चा अस्तित्व में आया हे समाज के हर वर्ग की लड़ाई निडरता से लड़ कर समाज को न्याय दिलाने का काम हो रहा हे ,ओर हमें मोर्चा के संस्थापक स्वव जयपाल सिंह प्रजापति के समाज के प्रति बलिदान को न भूलकर उनके पद चिन्हों पर आगे बढ़कर समाज के लिए काम करना चाहिए कार्यक्रम में मुख्य रूप से, प्रदेश



उपाध्यक्ष राकेश वालिया , कार्यवाहक जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह पाल, प्रभारी श्याम सिंह प्रजापति, वरिष्ठ नेता दिनेश पाल, महासचिव रजत प्रजापति, वरिष्ठ नेता हरेंद्र पाल, पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य जगदीश पांचाल ,वरिष्ठ नेता पवन पाल, सुंदरलाल प्रजापति, डॉव राजवीर सिंह प्रजापति, सुखपाल कश्यप, राजेश सैन, रामनिवास प्रजापति एडव , जिला पंचायत सदस्य तरुण पाल,अजय सैनी, विजय पाल, वरिष्ठ नेता कमल गौतम, वरिष्ठ नेता ब्रजवीर धीमान,नितिन गौतम, जगदीश प्रजापति, प्रधान मोदी लाल प्रजापति, सोनू प्रजापति नगर अध्यक्ष,सोनू प्रधान, ओमप्रकाश प्रजापति, वरिष्ठ नेता प्रमोद पाल, वरिष्ठ नेता नरेश प्रजापति, नवीन प्रजापति,आदि सैकडो मौजूद रहे

# रजिस्ट्रार कानूनगों कार्यालय एवं न्यायालयों से जुड़ी शिकायतों पर अधिवक्ताओं में रोष

**10 अक्टूबर तक न्यायिक कार्यों से रहेंगे विरत**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** तहसील बार एसोसिएशन खतौली के अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय एवं न्यायालयों से जुड़ी विभिन्न शिकायतों को लेकर विरोध तेज कर दिया है। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया है कि इन कार्यालयों में व्याप्त अनियमितताओं और समस्याओं को लेकर बार कार्यकारिणी द्वारा कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि इस विषय में दिनांक 3 अक्टूबर और 6 अक्टूबर 2025 को भी पत्र के माध्यम से प्रशासन को अवगत कराया गया था। उसी दौरान अधिवक्तागण न्यायिक कार्यों से विरत भी रहे थे, परंतु इसके बावजूद संबंधित अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। न ही किसी प्रकार की कार्रवाई या सूचना बार एसोसिएशन को दी गई। इस उपेक्षा के कारण अधिवक्ताओं में भारी रोष व्याप्त है। सभी अधिवक्ताओं की राय-मशवरा बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि तीन दिवस 10 अक्टूबर तक संबंधित समस्याओं एवं अनियमितताओं पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई और बार एसोसिएशन को अवगत नहीं कराया गया, तो संगठन को कठोर निर्णय लेने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। निर्णय के अनुसार, बुधवार 8 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक तहसील बार एसोसिएशन खतौली के सभी अधिवक्तागण विरोध स्वरूप सभी राजस्व न्यायालयों में न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन द्वारा अब भी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो शीघ्र ही बैठक बुलाकर आगे की रणनीति तय की जाएगी और आवश्यक होने पर कठोर कदम उठाए जाएंगे।

# वैल्ली में चौपाल लगा महिलाओं को जागरुक किया

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव माजरा और गांव वैल्ली के साथ साथ बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला दयानंद नगर में स्थित शिक्षण संस्था एसडी पब्लिक जूनियर हाई स्कूल मास्टर कालोनी बुढ़ाना में आज बुधवार के दिन बुढ़ाना महिला थानाध्यक्ष सुमन शर्मा ने मुजफ्फरनगर जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा और एसपी देहात आदित्य बंसल के संयुक्त निर्देश पर पहुंचकर मिशन शक्ति 05.0 के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं और स्कूली छात्राओं को भी जागरूक किया। दोनों गांवों में चौपाल लगाकर मिशन शक्ति 5 के अंतर्गत महिलाओं को भी जागरूक किया गया।

# इंडोनेशिया के बाद मेक्स्किो में हुई अधूरा ख्वाब सेलेक्ट

**बुढ़ाना।** फिल्म अधूरा ख़्वाब लगातार कामयाबी की सीढ़ियां चढ रही है। फ़िल्म ने इंडोनेशिया के फोर्थ डायमेंशन इंटरनेशनल फ़िल्म फेस्टिवल में हज़ारों फ़िल्मों को पछाड़ जीत का ख़िताब अपने नाम किया है। फ़िल्म की कामयाबी का सिलसिला यहीं ख़त्म नहीं हुआ कि फ़िल्म को मेक्सिको इंटरनेशनल फ़िल्म फेस्टिवल में भी चुन लिया गया। लगातार मिल रही अधूरा ख़्वाब को कामयाबी ने फ़िल्म की टीम के हौंसलों को चार चाँद लगा दिए हैं। की कामयाबी का सफ़र अभी बाक़ी है। फ़िल्म की निर्देशक सबा सिद्दीक़ी फ़िल्म को कई और बड़े फेस्टिवल में ले जाना चाह रही हैं।

फ़िल्म की कहानी फ़ैज़ुद्दीन सिद्दीक़ी ने बड़े ही खूबसूरत अन्दाज़ में लिखी और बनाई है। अधूरा ख़्वाब सबके ख़्वाब पूरे कर रही है। फ़िल्म में सोनिया शर्मा के अभिनय की भी चर्चा की जा रही है। सोनिया के अभिनय को वर्ल्ड में पसंद किया जा रहा है




वहीं फिल्म के मुख्य किरदार निभाने वाले अभिनेता अली मर्चेंट के अभिनय ने फ़िल्म में चार चाँद लगा दिए हैं। फ़िल्म के निर्देशक शादाब ख़ान, क्रिएटिव प्रोडडूसर शिव चौधरी व पुलिस ऑफिसर की मुख्य भूमिका निभाने वाले प्रसिद्ध एक्टर सौरभ भारद्वाज ने अपने अभिनय से बहुत प्रभावित किया है। फ़िल्म के निर्देशक फ़ैज़ुद्दीन व सबा हैं। फ़िल्म में 2 गाने हैं। मंजिमा गोस्वामी ने अपनी मधुर आवाज़ से फ़िल्म को चमकाया है। अधूरा ख़्वाब बुढ़ाना में शूट हुई है। कई स्थानीय कलाकार भी इस फ़िल्म में एक्ट कर रहे हैं।

# आयुष्मान योजना में धांधली: शाहपुर के अस्पताल में मरीज और पत्रकारों से की गई अभद्रता

**शाहपुर।** क्षेत्र स्थित एम.जी. इंस्टिटडूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड हॉस्पिटल में आयुष्मान योजना के तहत गंभीर लापरवाही और धांधली का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, गांव बवाना निवासी ओमपाल सिंह को रविवार को अस्पताल द्वारा लगाए गए मेडिकल कैंप से पैर में दर्द की शिकायत पर इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था। लेकिन अस्पताल में पैर के दर्द का इलाज करने की बजाय, स्टाफ ने उन्हें बुखार का मरीज बताकर भर्ती कर लिया और उसी आधार पर उनका उपचार शुरू कर दिया। परिजनों का कहना है कि ओमपाल सिंह पहले से कैंसर पीड़ित हैं और मेरठ स्थित केएमसी हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा है। इसके बावजूद अस्पताल स्टाफ ने नसों के डॉक्टर के नाम पर उन्हें भर्ती किया, जबकि अस्पताल में ऐसा कोई विशेषज्ञ मौजूद ही नहीं था। जब मरीज के परिजनों ने यह पूछने की कोशिश कि अब तक नसों के डॉक्टर क्यों नहीं आए, तो अस्पताल स्टाफ ने



मरीज और उनके बेटे के साथ बदतमीजी की। इतना ही नहीं, मौके पर पहुंचे स्थानीय पत्रकारों के साथ भी अस्पताल के कर्मचारियों और कुछ बाहरी लोगों ने धमकी दी। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सबूत के रूप में मौजूद है, जिसमें मरीज, परिजन और पत्रकारों के साथ हुई अभद्रता साफ दिखाई दे रही है। ग्रामीणों और परिजनों ने इस मामले को आयुष्मान योजना में फर्जी भर्ती और इलाज दिखाकर लाभ उठाने की कोशिश बताया है। उन्होंने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से अस्पताल की जांच कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

**सूचना**

मैने हाईस्कूल की परीक्षा वर्ष 1978 में सनातन धर्म इंटर कॉलेज मुजफ्फरनगर से उर्त्तीण की थी। जिसका अनुक्रमांक संख्या-753474 है। जिसकी सनद व अंक पत्र दोनों ही खो गये है। जिस व्यक्ति को मिले मेरे उपरोक्त पते पर पहुंचाने का कष्ट करे।

**मौ.अरशद पुत्र मौ.असगर**
**निवासी म.न-261/4 मौहल्ला काजियान सरवट थाना सिविल लाईन जिला-मुजफ्फरनगर।**
**मो.न-8273692572**

**सम्बन्ध विच्छेद**

मेरी पत्नी बीता उर्फ मीनाक्षी झगडालु किस्म की है। आये दिन तानाकशी करती है। मेरा पुत्र गौरव, सौरभ व पुत्री वंदना तथा साक्षी को मेरे खिलाफ कर रखा है। मकान अपने नाम कराने का दबाव बनाये हुए है। मुझ पर झूठे इल्जाम लगाती है। मुझे षडयन्त्र करके झूठे मुकदमे में फंसवाकर जेल भिजवा सकती है। मै अपनी पत्नी व बच्चों से तंग व परेशान आ चुका हूँ। मुझे अपनी पत्नी बीता उर्फ मीनाक्षी व बच्चों से जान माल का खतरा बना हुआ है। इस कारण मैने इन सभी को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेनदेन के लिए मै जिम्मेदार नहीं होगा। ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**नरेश कुमार पुत्र दीपचन्द**
**निवासी म.न.80 गली न.1, आनन्दपुरी थाना सिविल लाईन जिला-मुजफ्फरनगर**

# स्वास्थ्य विभाग की मिली भगत से चल रहा बड़ा फर्जीवाड़ा

**पैथोलॉजी लैब डाल रही हैं लोगों की जेब पर डाका**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** बीमारी की जांच करवाने के नाम पर नगर में जगह-जगह खोली गई पैथोलॉजी लैब लोगों की जेब पर डाका डाल रहे हैं।

चिकित्सक की मर्जी के अनुसार ही पैथोलॉजी लैब संच. ालक लोगों की रिपोर्ट तैयार कर देते हैं। इसके बाद गंभीर बीमारियों का डर दिखाकर गली मोहल्ले में ज्यादातर फर्जीवाड़े से खोले गए अस्पतालों में लोगों को भर्ती कर इलाज किया जाता है। यह सारा फर्जीवाड़ा स्वास्थ्य विभाग की नाक के नीचे चल रहा है।

जहां कुछ लोग समय-समय पर अपने स्वास्थ्य चेकअप के लिए लैब पर जाकर अपने विभिन्न टेस्टों को करवाते रहते हैं।

वहीं कुछ लोगों को चिकित्सकों द्वारा बताए गए टेस्ट को करवाना पड़ता है। ऐसे टेस्ट को करवाने के लिए चरथावल के लोग ज्यादातर फर्जीवाड़े से खोली गई लैब के भरोसे ही अपनी बीमारियों की जांच करवा रहे हैं। गली मोहल्ले में कलेक्शन सेंटर एवं कुछ अस्पतालों में भी लैब को खोला गया है।

इन लैब पर न तो कोई एमडी पैथोलॉजिस्ट मौजूद है और ना ही कोई अच्छी मशीन और टेक्निकल लोग मौजूद हैं। मात्र लैब टेक्नीशियन व नोसिखया लड़को के सहारे ही लोगों के टेस्ट किए जाते हैं।और क्षेत्र की भोली भाली जनता को जमकर बेवकूफ बनाया जा रहा है

**इन लेबो पर कमीशन का चलता है मोटा खेल**

जब मरीज नगर में खोले गए अस्पतालों एवं क्लीनिक पर जाता है तो वहां मौजूद चिकित्सक मरीज को कई संक्रमण जैसे खून ,पेशाब, बलगम, मलेरिया , हेपेटाइटिस, विटामिन की कमी, बीपी,शुगर आदि की जांच करने के लिए लैब पर भेज देता है।

टेस्ट के नाम पर जहां मनमाने दाम वसूले जा रहे हैं। वहीं जिस चिकित्सक के पास से व्यक्ति जाता है उसको भी मोटा कमीशन दिया जाता है। कुछ लैब संचालक तो महीने में चिकित्सकों का हिसाब करते हैं। इस मोटे कमीशन के कारण बिना किसी वजह भी कई ऐसे टेस्ट को भी लिखा जाता है जिनकी मरीज को कोई आवश्यकता नहीं होती इससे आम लोगों की जेब पर भी मोटा असर पड़ रहा है।और जमकर मरोजो की लुटाई की जाती है।

**नियमों कानूनों को तांक पर रखकर चल रही है लैब:**ज्यादातर लोगों ने अपनी लैब को कलेक्शन सेंटर का नाम दिया है और वही तमाम तरह के टेस्ट को घटिया किस्म की किट से करके लोगों को रिपोर्ट बनाकर दे रहे हैं। कस्बे में एक भी ऐसी पैथोलॉजी लैब नहीं है जिस पर एमडी पैथोलॉजिस्ट मौजूद हो मात्र लैब टेक्नीशियन व नोशिखिया ही लैब को चला रहे हैं।

**ज्यादातर अस्पतालों में फर्जीवाडे से चल रही है लैब:**नगर में जगह-जगह फर्जी अस्पताल खोले गए हैं। सभी ने अपने अस्पताल में टेस्ट करने की सुविधा के नाम पर लैब को संचा. लित कर रखा है।

नियमों को तांक पर रखकर ज्यादातर जगहों पर लोगों के टेस्ट किए जाते हैं और मरीजो से जमकर उगाही की जाती है।

**स्वास्थ्य विभाग भी नकेल कसने में नाकाम:**लोगों के टेस्ट करने के लिए नगर में सैंकड़ो केंद्र व लैब खोली गई हैं जिन पर नकेल कसने में स्वास्थ्य विभाग नाकाम दिखाई दे रहा है और योगिराज में भी यह फर्जी लेबो का धंधा चरम सीमा पर पहुँच चुका है और भोली भाली जनता को जमकर लुटा जा रहा है स्वास्थ्य विभाग सबकुछ जानते हुए भी अनजान बना बैठा हुआ है।

# जीएसटी बचत उत्सव में बोले मंत्री कपिल देव

**देश को एकीकृत राष्ट्रीय बाजार बनाना मोदी का लक्ष्य**

**बुढ़ाना।** विधानसभा बुढ़ाना क्षेत्र के बुढ़ाना कस्बे के एक विवाह मंडप में बुधवार को जीएसटी बचत उत्सव सम्मेलन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि देश को एकीकृत राष्ट्रीय बाजार बनाना ही पीएम मोदी का लक्ष्य है।

जीएसटी से कर संग्रह में पारदर्शिता बढ़ी है और भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगा है। डिजिटल भुगतान व ऑनलाइन रिटर्न फाइलिंग से काम आसान हुआ है। मोदी की अगुवाई में वन नेशन वन टैक्स से व्यापार को नई दिशा मिली। जीएसटी ने कर प्रणाली को सरल व पारदर्शी बनाया है। इससे छोटे व मध्यम व्यापारियों को राहत मिली है। पूर्व विधायक उमेश मलिक ने खुले मंच से सब व्यापारियों संग संवाद किया तो व्यापारियों ने भी जीएसटी में ऐतिहासिक बदलाव के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद एवं आभार जताया। अध्यक्षता श्यामपाल भाईजी ने की। यहां जिला पंचायत सदस्य प्रमोद कश्यप, भाजपा जिला महामंत्री विनीत कात्यायन, प्रधान संघ अध्यक्ष शाहपुर डॉक्टर कुलदीप त्यागी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मोनू कुरथल, पवन वर्मा, तेलूराम कश्यप, नगर पंचायत बुढ़ाना के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र त्यागी, सहदेव सिंह, पूर्व चेयरमेन शाहपुर प्रमेश सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र देव शर्मा, पूर्व सभासद मुकेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो मोनू मलिक, हिमांशु संगल, कुलदीप बागड़ी और अंकुश राठी सहित अन्य भाजपाई उपस्थित रहे।

## जिला कारागार में अधिकारियों ने की महिला बंदियों से वार्ता

**मुजफ्फरनगर।** अपर जिला. धिकारी वित्त गजेन्द्र कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अपराध इन्दु सिद्धार्थ द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारीगण द्वारा कारागार परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, भोजन की गुणवत्ता, चिकित्सा सुविधाओं एवं कारागार में उपलब्ध मूलभूत व्यवस्थाओं की गहनता से निरीक्षण किया गया। जिला कारागार में निरूद्ध महिला बन्दियों से वार्ता कर उनकी कुशलता पूछी तथा उनके रहन-सहन, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी प्रबंधों की जानकारी ली। अधिकारीगण द्वारा महिला बन्दियों द्वारा कौशल विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत सिलाई केन्द्र में बनाये जा रहे बैग आदि का भी निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही महिला बन्दियों को शिक्षा, स्वावलंबन एवं पुनर्वास से जुडी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ सुनिश्चित करने के दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जेल अधीक्षक अभिषेक चौधरी, सिटि मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर, जेलर नीरज वास्तव, महिला थाना प्रभारी संगीता डागर आदिमौजूद रहे।

# नए नए युवाओं के खातों मे रकम मंगवाकर बुकी कमा रहे हैं अवैध धन

**चरथावल।** देश प्रदेश मे भाजपा की सरकार बनने पर जहाँ अनेको अवैध कार्यों पर रोक लगी हे वही क्षेत्र के अनेक बुकियो ने अवैध धन कमाने के नए नए तरीको को ढूंढ़ लिया हेस क्षेत्र मे जहाँ बहुत बड़े स्तर पर ऑनलाइन जुए का खेल चल रहा हे वही ऑनलाइन ठगी और जुए का जाल क्षेत्र मे बहुत बड़े पैमाने पर फैल चूका हेस हालत यह हे की ऑनलाइन जुए के द्वारा अनेको आरोपियों ने बड़ी सम्पत्ति जुटाकर सरकार की आँखों मे धूल झोक रहे हेस बहुत जल्दी अमीर बनने की चाहत मे चरथावल ने अनेको युवा नए नए बच्चो के खाते खुलवाकर उनमे ब्लेक मनी को मंगवा रहे हेस और जिनके खाते खुलवा रहे हे उन्हें मामूली रकम देकर अपने आप मोटा धन वसूल रहे हेस जिन व्यक्तियों के यह बुकी खाते खुलवा रहे हे उन्हें जरा भी ज्ञान नहीं हे की यह पैसा उनके खातों मे कहा से आ रहा हे और वह व्यक्ति जिनके खाते खुलवाए जा रहे हे वह थोड़े से लालच मे अपना खाता खुलवाकर इन बुकियो को दे देते हेस और बुकी बहुत बड़े स्तर पर नए नए खातों मे पेसो का लेनदेन कर अवैध धन अर्जित कर रहे हेस इस मकड़जाल मे जहाँ नए नए युवा दिनप्रतिदिन बहुत बड़े पैमाने पर फसते जा रहे हे वही बिना कुछ करे धरे युवा वर्ग को उनके खातों मे पैसे आकर कुछ पैसा मिलने के कारण युवा वर्ग भी इस दलदल मे फसता जा रहा हेस मामले की और अगर नजर डाली जाए तो हमें सच्चाई का पता चलेगा और बेंको मे खुलने वाले अनगिनत खातों के बारे मे पूरी जानकारी मिल जाएगीस जबकि सच्चाई यह हे की यह बुकी जो ऑनलाइन पैसे के अवैध कारोबार को चला रहे हे वह ऐसे व्यक्तियों के खाते खुलवा रहे हे की जिनका दूर दूर तक भी बैंक खातों से वास्ता तक नहीं हे और न ही पूर्व मे इनके द्वारा कोई खाता खुलवाया गया हे और न ही इनके खातों मे कोई लेनदेन पूर्व मे हो पाया हेस क्या इस मकड़जाल के बारे मे युवा वर्ग के परिजनों को भी जानकारी हे यह तो अभी तक साफ नहीं हो पाया हे लेकिन यह बात साफ हो चली हे की युवा पीढ़ी इन ऑनलाइन बुकियो के जाल मे पूरी तरह फसकर ब्लेक मनी को अपने खातों मे जरा से लालच के चककर मे पड़कर अपने खातों का रिकार्ड बुकियो को दे रही हेस और अगर मामले की जाँच होंगी तो अनेको युवा इस ऑनलाइन ब्लेक मनी की दलदल मे फसकर अपना भविष्य बर्बाद कर लेगे और कानूनी कार्यवाही की जद मे आ जायेगेस आखिरकार यह बुकी किसके इशारे पर इस अवैध कार्य को अंजाम दे रहे हे यह तो वह ही जान सकते हे लेकिन सच्चाई यह हे की मामले की अगर जाँच की जाए तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा और अनेको युवाओं को इस मकड़जाल मे फसाकर अपना उल्लू सीधा करने वाले बुकियो के चेहरे से पूरी तरह नकाब हट जायेगा

# आत्मनिर्भरता से भारत बनेगा विकसित राष्ट्र: सोमेंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत मीरापुर विधानसभा के मोरना में एक सम्मेलन का आयोजन भारतीय जनता पाटह्ल द्वारा किया गया जिसमे प्रभारी मन्त्री सोमेन्द्र तोमर ने जीएसटी को घटाने पर होने वाले लाभ के बारे मे विस्तार से बताते हुए भारत को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प के अंतर्गत भाजपा द्वारा जारी अभियान की जानकारी दी

ेरना मे शुकतीर्थ मार्ग पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर और महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ऊर्जा मन्त्री सोमेन्द्र तोमर ने कहा कि विकासशील देश को विकसित राष्ट्र जैसा गौरव दिलाने की सोच केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की है। 2047 तक आत्म निर्भरता को लक्ष्य



बनाकर देश प्रदेश की सरकार कार्य कर रही है।80 करोड़ नागरिकों को मुफ्त राशन 3.75 करोड़ को आवास 25 करोड़ नागरिकों को ग़रीबी रेखा से बाहर करने का काम भाजपा सरकार ने किया है। पूर्व की सरकार द्वारा अनेक प्रकार से 47 प्रतिशत तक टैक्स लिया जाता था। व 65 लाख व्यक्ति ही टैक्स देते थे। वर्तमान मे डेढ़ करोड़ व्यक्ति कर देने मे सक्षम हुए हैं। जीएसटी का सीधा लाभ आमजन को मिल रहा है। नागरिकों की क्रय क्षमता बढ़ रही है।हमें प्रधानमंत्री की आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करना है ।कार्यक्रम संयोजक डॉ. वीरपाल निर्वाल ने कहा कि 2017 के बाद का भारत नये बदलाव का भारत है। आज देश की पहचान निर्यातक के रूप मे बनी है। जिलाध्यक्ष डॉ.सुधीर सैनी ने कहा कि नवरात्र के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री ने प्रत्येक नागरिकों को जीएसटी में बड़ी राहत देकर दीपावली का उपहार दिया है। जिसे बचत उत्सव के रूप में देखा जा रहा है ।कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अरुणपाल ने की व संचालन रामकुमार शर्मा ने किया इस अवसर पर मुख्यरूप से ब्लॉक् प्रमुख अनिल राठी, क्षेत्रीय मन्त्री अमित राठी,अमरनाथ पाल,अंचित मित्तल, अर्चना चौधरी, बृजवीर सिंह,कार्तिक काकरान, सचिन ठाकुर,पंकज माहेश्वरी, संजय कोरी, प्रदीप निर्वाल,जय करण गुर्जर,संजू शर्मा,अश्विनी सहरावत,बाबू प्रकाशवीर,रविन्द्र बेनीवाल, योगेश गुर्जर, नजर सिंह गुर्जर,संजय चौहान, कंवरपाल सिंह, इरम अली, भोपाल सिंह, कल्लू ठाकुर सहित व्यापारी ,भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## संक्षिप्त समाचार

### मंदवाडा से पंजाब के लिए रवाना हुई राहत सामग्री

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव मंदवाडा के ग्रामीण बुधवार को बाढ़ पीड़ितों की मदद करने के लिए एक वाहन में सवार होकर पंजाब राज्य के लिए रवाना हुए। पंजाब रवाना होने से पूर्व युवा प्रगतिशील किसान तैमूर अली राणा ने राहत सामग्री से भरे वाहन को कांधला रोड पर अपने कर कमलों द्वारा हरी झंडी दिखाई और बताया कि अभी भी पंजाब में बाढ पीडित लोगों को मदद की जरुरत है। इसलिए राहत सामग्री ले जाई जा रही है। वे दो लाख रुपये नगद, गर्म कंबल व खाने पीने की पूरी सामग्री लेकर जा रहे हैं। हमारे गांव के मोकीन राणा, इसरार राणा, मुस्तुफा सिद्दीकी, शमीम, मासूम, मारुफ राणा हैं। यह राहत सामग्री इस्लामिया मदरसा मंदवाडा के बैनर तले पंजाब ले जाई जा रही है। राहत सामग्री को पंजाब रवाना करने से पूर्व विशेष दुआ कराई गयी। तैमूर अली ने बताया कि इस्लाम धर्म में पड़ोसी की मदद का भी विशेष महत्व है। यदि कोई पड़ोसी भूखा हो तो उसे भोजन देना चाहिए। पंजाब में बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए हम प्रयासरत हैं क्योंकि आपदा से प्रभावित परिवारों की जिंदगी को सामान्य होने में समय लगता है। किसी पीड़ित की मदद करना बड़ा पुण्य है। इसमें नकद राशि व घरेलू सामान है जो कि पंजाब के पीड़ितों में ही बांटा जाएगा।

### धूमधाम से मनायी गई अग्रसैन जयंती

**बुढ़ाना।** आज बुधवार के दिन बुढाना कस्बे में हरनंदेश्वर धाम मंदिर की बराबर में स्थित कृष्णा पैलेस के भव्य परिसर में महाराजा अग्रसेन जी की जयन्ती का कार्यक्रम बडी ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर वैश्य समाज के लोगों ने महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर पुष्प चढाकर उनके सिद्धान्तों का पालन करने और उनके द्वारा दिये गये एक रुपया और एक ईंट के नारे को अपने जीवन में अपनाकर अपने वैश्य समाज को सामाजिक और आर्थिक रूप में मजबूत बनाने का बहुत ही सुन्दर विचार किया गया। महारा. जा अग्रसेन द्वारा वैश्य समाज के 18 गौत्रों का भी वर्णन किया है। यह सभी गौत्र 18 ऋषियों के नाम पर रखे गये हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अरविन्द गोयल, सुरेन्द्र संगल, राजपाल, आशीष संगल उर्फ चिन्टू, बुढ़ाना नगर पंचायत के वार्ड नंबर 17 के सभासद अजय संगल, अमित गर्ग, भूषण बीज, दिनेश संगल, शिवम कंसल, आयुष गर्ग मोंटी, प्रवीण कोल्ड, मंचित, रविंद्र कंसल, योगेश मित्तल, सतीश गोयल और लाला सलेक चंद सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर्ड इकाई बुढाना नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल के द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया।

### महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**रतनपुरी।** थाना रतनपुरी क्षेत्र के ग्राम फूलत स्थित ग्राम सचिवालय में मिशन शक्ति फेस 5.0 अभियान के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना तथा नशा मुक्त भारत अभियान आदि की विस्तृत जानकारी दी गई।साथ ही बालिकाओं को आत्मरक्षा और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 व 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड लाइन 1098 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930।कार्यक्रम के दौरान एंटी रोमियो टीम थाना रतनपुरी द्वारा महिलाओं व बालिकाओं में सुरक्षा संबंधी जागरूकता बढ़ाने हेतु पंपलेट भी वितरित किए गए। अधिकारियों ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर व सुरक्षित बनाना है ताकि वे समाज में सम्मानपूर्वक अपनी भूमिका निभा सकें।

# रालोद नेताओं पर विद्युतकर्मियों को बंधक बनाने का आरोप

**बुढ़ाना।** रालोद नेताओं पर धरना देने के दौरान विद्युत कर्मचारियों को बंधक बनाने व अधिकारियों के संग गाली गलौज करने का आरोप लगा है। इस मामले में कोतवाली में विद्युतकर्मियों ने तहरीर देते अपने आफिस पर धरना शुरु कर दिया है। एक्सईएन अजीत सिंह ने बताया कि बीती 06 अक्टूबर को सुबह लगभग साढ़े 11 बजे विद्युत एक्सईएन आफिस में कई लोग आए जिन्होंने अपने आपको जन प्रतिनिधि बताया और यहां आफिस में मौजूद अधिका. रियों व कर्मचारियों पर बिना वजह का दबाव बनाकर नारेबाजी व गाली गलौज शुरु कर धमकी दी। दरअसल गांव कुरालसी में प्रति वर्ष माता शाकुम्भरी का मेला लगाया जाता है। मेले में विद्युत सप्लाई अवैध रूप से चालू करवाने के लिए इन लोगों ने जेई, एसडीओ व एक्सईएन पर गलत दघ्बाब बनाकर सप्लाई चालू करायी तो ओवर लोड होने के कारण



ट्रांसफार्मर फुंक गया। जिसके चलते मेले की लाइट बंद हो गयी और मेले में शामिल लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। इस बारे में विद्युत अधिकारियों को मेरे में लाइट चालू कराने के लिए फोन किये गये लेकिन किसी कारण से रात में लाइन चालू नहीं हो सकी। तभी इन्हीं लोगों ने अगले दिन एक्सईएन आफिस पर आकर विद्युतकर्मियों को डरा धमक. ाकर धरना प्रदर्शन शुरु कर अन्य विद्युत संबंधी कार्यों में बाधा पैदा कराई और सभी अधिकारियों को धरने पर ही बंधक बनाते हुए उनके साथ गाली गलौज तक की। जिसको लेकर अब सब विद्युत कर्मचारी और अधिकारी डरे सहमे हुए हैं और वे काम पर भी नहीं जा रहे हैं। इसी विरोध में आज बुधवार को सभी विद्युत अधिकारी और कर्मचारियों ने उक्त लोगों के गलत कार्यों से क्षुब्ध होकर काम काज बंद कर अनिश्चितकालीन धरना शुरु कर दिया है। सभी की मांग है कि अगर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके इनको अरेस्ट ना किया तो वे फिर बड़े स्तर पर धरना प्रदर्शन शुरु कर देंगे। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी क्योंकि हम इस तरह के दबाव में काम नहीं कर सकते। इस संबंध में एक्सईएन बुढ़ाना अजीत सिंह यादव ने मुजफ्फरनगर विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों को भी उक्त घटना से अवगत करा दिया है। यहां पर ये भी तय हुआ कि कुछ अधिकारी बुढ़ाना पुलिस कुछ मुजफ्फरनगर के अधिका. रियों से बात करेंगे। धरने पर गुफरान, ज्ञानेश, कृष्ण, अभितोष मौर्य, शिव कुमार, आशाराम, विकास सिंह, जयराम, ऋषिराज, दिनेश, श्याम किशोर पंडित, अशोक, सै"यद समर और पंकज आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## हिमांशु संगल के आवास पर पहुंचे मंत्री कपिल

**बुढ़ाना।** भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता हिमांशु संगल का आज भाजपा में कद बढ़ा हुआ दिखाई दिया। उनके मौहल्ला शाहवाडा स्थित आवास पर जीएसटी उत्सव सम्मेलन की समाप्ति के बाद उत्तर प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल पूर्व विधायक उमेश मलिक को लेकर पहुंचे। यहां पर दर्जनों व्यापारी ने जीएसटी की दरें घटाने पर मंत्री कपिल देव अग्रवाल और पूर्व विधायक उमेश मलिक का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए हर्ष जताकर मिष्ठान बांटा।

## एडीएम फाइनेंस गजेंद्र सिंह ने पुरकाजी रैन बसेरा का किया निरीक्षण




**पुरकाजी।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर रैन बसेरा का निरीक्षण किया अपर जिला अधिकारी गजेंद्र सिंह ने दिशा निर्देश दिए की दीपावली तक रैन बसेरे को हर तरह दुरुस्त कर लिया जाए ताकि जरूरतमंद किसी भी नागरिक को कोई परेशानी ना हो उन्होंने निर्देश दिया कि पुरुषों एवं महिलाओं के अलग-अलग रूकने की व्यवस्था की जाए। इस मौके पर पुरकाजी चेयरमैन जहीर फारुकी, लेखपाल प्रदीप सैनी, लिपिक समर काजमी, सफाई नायक रविकांत, हाफिज मोहसिन आदि मौजूद रहे।

# डीआईओएस पर धरनारत् शिक्षकों ने लगाया उत्पीड़न करने का आरोप

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के बैनर पर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर चल रहा शिक्षकों का धरना आज भी जारी रहा।

जिला संरक्षक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शिवकुमार यादव के निर्देशन में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए

जिला अध्यक्ष डॉ अमित कुमार जैन ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक तथा वित्त एवं लेखा अधिकारी (माध्यमिक) के द्वारा मनमाने ढंग से अर्गल आपत्ति लगाकर शिक्षको को लगातार भ्रमित करने का कार्य किया जा रहा है जिसके कारण इनके कार्यालय पर लंबे समय से विभिन्न प्रकरण आज तक भी लम्बित हैं हम आज इस धरने के माध्यम से संकल्प लेते है कि जबतक एक-एक समस्या का निराकरण नहीं होगा तब तक धरना लगातार चलता रहेगा।

इस दौरान जिला कोषाध्यक्ष संजय कुमार मोघा, प्रवीण कुमार शर्मा प्रधानाचार्य, रंजन सिंह पुण्डीर, नरेंद्र कुमार, संजीव त्यागी, संजय सिंह, नायारण स्वरूप शर्मा, रामा सिंह यादव, धर्मपाल, बिजेंद्र बहादुर, कुसुम सिंह, रीना यादव, राखी कौशिक, संतोष कुमार, सुरेन्द्रपाल सिंह, सुभाषचंद्र, राजेश कुमार, हेमन्त विश्नोई, अजय अहलावत, वीरेंद्र सिंह, बृज बिहारी



धुरिया, सुनील गोयल, नमन जैन, हंस कुमार, शिक् प्रताप, मुकेश कुमार, वन्दना आर्य, राजीव कुमार, मानपाल सिंह, श्यामजी ब्विवकर्मा आदेश कुमार त्यागी, राजेन्द्र कुमार, दिनेश कुमार, पूणनिन्द शर्मा, शुभम राम्र्मा, यशपाल, श्यामजी। एन.एन मिश्रा आदित्य सक्सेना मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति 5.0 अभियान में 5 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष की जेल

**खतौली।** खतौली पुलिस की तत्परता और मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत किए गए विशेष अभियोजन के परिणामस्वरूप 5 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म करने वाले आरोपी महकार पुत्र धर्मवीर निवासी ग्राम बुआडा कलां, थाना खतौली को बुधवार को विशेष पॉक्सो कोर्ट मुजफ्फरनगर ने 20 वर्ष के कठोर कारावास और 15,000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।जानकारी के अनुसार 27.04.2024 को वादी ने थाना खतौली में लिखित तहरीर देकर बताया कि आरोपी महकार ने उनकी नाबालिग पुत्री को जंगल में ले जाकर दुष्कर्म किया। तहरीर के आधार पर थाना खतौली पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। आरोपी महकार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। थाना खतौली पुलिस ने साक्ष्य संकलन की कार्यवाही पूरी करते हुए गुणवत्ता पूर्ण विवेचना संपन्न की और आरोप पत्र न्यायालय में भेजा। इस अभियोग को मिशन शक्ति 5.0 एवं ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत विशेष अभियान के अंतर्गत चिन्हित किया गया था। एसएसपी संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक अपराध (नोडल अधिकारी मिशन शक्ति एवं ऑपरेशन कन्विक्शनद्ध इन्दु सिद्धार्थ के पर्यवेक्षण में और क्षेत्राधिक. ारी खतौली रामआशीष यादव एवं थाना प्रभारी खतौली दिनेश चन्द के नेतृत्व में प्रभावी पैरवी की गई।एडीजीसी विक्रान्त राठी, दीपक गौतम, कोर्ट पेरो. कार तथा मुख्य आरक्षी सुधीर कुमार और म0मु0आ0 गीता द्वारा अभियोजन में सक्रिय भागीदारी निभाई गई।

## तस्कर के पास से अवैध शराब हुई बरामद

**बुढ़ाना।** फुगाना पुलिस ने महिला मिशन शक्ति टीम और एंटी रोमियो टीम की मदद से एक तस्कर को मुखबिर की सूचना पर एक स्थान से अरेस्ट कर उसके पास से 40 टैट्रा पैक अवैध देशी शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी तस्कर को जेल भेज दिया है। फुगाना सीओ रुपाली राव के निर्देश पर फुगाना थाना अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा ने महिला मिशन शक्ति टीम व एंटी रोमियो टीम के सहयोग से खरड पुलिया पर एक संदिग्ध व्यक्ति को जो कि अपने हाथ में एक थैला लिए हुए था उसको रोककर उसके पास से 40 टैट्रा पैक अवैध देशी शराब बरामद की। आरोपी तस्कर ने अपना नाम सावन पुत्र स्वगह्लय तेजपाल सिंह निवासी ग्राम जिवाना रमाला बागपत बताया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि मिशन शक्ति के अन्तर्गत गठित महिला पुलिस टीमें समाज में अपराध व तस्करी जैसी गतिविधियों पर अंकुश लगाने में भी वे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

# गंगा स्नान मेले के लिए खर्च होंगे 44 लाख 91 हजार

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में आगामी कार्तिक गंगा स्नान मेले को लेकर तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मेले के लिए 44 लाख 91 हजार रुपये का बजट पास हुआ। मुख्य स्नान पांच नवंबर को होगा। जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे।

जिला पंचायत के द्वारा शुकतीर्थ में दो से छह नवंबर तक प्रसिद्ध कार्तिक गंगा स्नान मेले का आयोजन किया जाना है जबकि मुख्य स्नान पांच नवंबर को होगा। बुधवार को तैयारी बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी योगेश कुमार ने मेले के लिए 44 लाख 91 हजार रुपये का बजट का प्रस्ताव रखा है। बैठक में वन, स्वास्थ्य, पशु पालन, नगर पंचायत, विद्युत, एमडीए, पुलिस व प्रशासन विभाग को तैयारी में जुटने के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में एसडीएम जानसठ राहुल देव भट्ट ने कहा कि मेले में निगरानी के लिए सीसी टीवी कैमरे लगाए जायेंगे, गंगा घाट पर गोताखोर, नाव, पीएसी मोटर बोट की व्यवस्था रहेगी। लापरवाही बरतने वाले विभागों के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। श्री गंगा सेवा समिति के महामंत्री महकार सिंह ने कहा कि नगरी के रास्तों की साफ-सफाई की जाए। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल ने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था की जाएगी। इसके बाद अधिकारियों ने गंगा घाट व मेला स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक नायब तहसीलदार ब्रिजेश कुमार, विधि परामर्श दाता रूबी सिह, आबकारी निरीक्षक विकास चौधरी, पूर्ति निरीक्षक गौरव निर्वाण, अवर अभियंता कौशलवीर, सुरेंद्र सिंह, अक्षय कुमार, ड्रेनेज के श्रवण कुमार, प्रधान राजपाल सिंह, डा. आरडी गौड नरेंद्र कुमार, योगेश्वर दत्त त्यागी, संजीव कुमार शील आदि मौजूद रहे।

## अवैध तमंचे के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** थाना रतनपुरी पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी रतनपुरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बुधवार की सुबह नगला भनवाड़ा तिराहे से ग्राम नगंला की ओर जाने वाले रास्ते पर संदिग्ध अवस्था में घूम रहे एक व्यक्ति को रोका। पूछताछ में उसका नाम फुरकान उर्फ लाला पुत्र कुरबान निवासी ग्राम बुन्टा, थाना गढ़ी पुख्ता, जिला शामली वर्तमान निवासी ग्राम नंगला, थाना रतनपुरी, जनपद मुजफ्फरनगर बताया गया।तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने मौके पर ही फुरकान को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। पुलिस जांच में सामने आया कि अभियुक्त फुरकान उर्फ लाला का गंभीर आपराधिक इतिहास है। वह पूर्व में भी कई आपराधिक मुकदमों में जेल जा चुका। गिरफ्तार करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## क्रांति सेना की महिलाओं ने किया लट्ठ पूजन




**मुजफ्फरनगर।** क्रांति सेना कार्यालय पर करवा चौथ पर क्रांति सेना महिला मोर्चा परिवार द्वारा मेहंदी एवं लठ पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया

करवा चौथ के अवसर पर क्रांति सेना महिला मोर्चा परिवार की ओर से पारंपरिक मेहंदी एवं लठ पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भारतीय संस्कृति और परंपरा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पूनम चौधरी, जिला महामंत्री अंजू त्यागी, जिला उपाध्यक्ष शालू चौधरी व सविता गौतम, नगर अध्यक्ष मोनिका एवं सीमा, ब्लॉक अध्यक्ष पूजा शर्मा एवं निधि शर्मा, नगर मंत्री सुमन प्रजापति, तथा मीडिया प्रभारी अनोखी दुबे सहित सेकड़ो महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। मेहंदी कार्यक्रम में महिलाओं ने एक-दूसरे के हाथों पर मेहंदी लगाई और पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पूनम चौधरी जी की ओर से मेहंदी लगाने वाली कन्याओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन में जिलाध्यक्ष बिट्टू सिखेड़ा ने कहा कि लठ पूजन केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह हमारी शक्ति और संस्कृति की रक्षा का भी संदेश देता है।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा एमपीएल गर्ल्स इण्टर कॉलेज मुजफ्फरनगर (यू0पी0 बोर्ड) वर्ष 1986 का कक्षा 10 का प्रमाण पत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

**RESHMA ANJUM D/O MUZAFFAR HUSAIN**
निवासी- हंडिया मौहल्ला, ब्रह्मपुरी, मुजफ्फरनगर।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा पुत्र **मौ0 दाऊद** और पुत्रवधू **गुलफ्शा** मेरे व परिवारवालों के कहने-सुनने में नहीं हैं। उक्त दोनों को मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उनसे संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में उक्त दोनों के द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होंगे।

**इमरान पुत्र अब्बास**
निवासी: ग्राम निराना, थाना सिखेडा, जिला मुजफ्फरनगर।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मेले में दंगल के तीसरे दिन दीपांशु को पटखनी दे मंजीत बना विजेता, 50 से अधिक हुई कुश्तियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** गढी हसनपुर के दुर्गा मन्दिर मेले में दंगल के तीसरे दिन 50 से अधिक पहलवानों ने अपना दम दिखाया और जोर आजमाईस की। सबसे रोचक मुकाबला दीपांशु हरियाणा व मंजीत जलमाना के मध्य हुआ। जिसमें दीपांशु को दूसरे दिन हार का सामना करना पडा। दीपांशु के हारने के बाद दर्शक झूम उठे और जमकर तालियां बजाई। सभी पहलवानों को दर्शको व समिति के लोगो ने नगद राशि देकर सम्मानित किया।

चौसाना के गांव गढी हसनपुर में चार दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तीसरे दिन दंगल मे सैक्डो से अधिक दर्शक पहुॅचें और कुश्तियों को आनंद लिया। ग्रामीण परिवेश में दंगल लोगो के लिए पारंपरिक प्रतियोगिता का हिस्सा माना जाता है। दंगल में सगुन सींगरा-अन्नत दथेडा के बीच कुश्ती खेली गई। जिसमे अननंत ने जीत हासिल की।मोर लुहारी, थानाभवन, अवी ने अपने प्रतिद्वंदी को हराकर जीत हासिल की।अंशिक दथेडा,कैफ गढी हसनपुर, हुसैन, देव, सुफियाान, जावेद गंगोह, अननंत, काली मुंडैट,वक्कार गंगोह,आरिश,समीर निखिल ने अपनी साथी पहलवान को हराकर जीत हासिल की।वही अंकि दथैडा-आजाद अली,आरिस लुहारी-आजाद रूडकी,सक्षम गढी-आमिर कैराना,अवी लुहारी-रितिक, निखिल-हर्ष, अक्षय-कुश बडौत, विवेक -अमित, हुसैन-सावेज के मध्य कुश्तियां बराबर पर रही। इसके अलावा दंगल का बुधवार को विजेता मंजीत जुल्माना रहा,जिसको ग्यारह हजार का नगदी इनाम दिया गया। इस दौरान मेला समिति के लोगो के साथ पुलिसबल मौजूद रहे।



## डा हिमानी अग्रवाल का कार्यक्रम स्थगित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** डॉ. हिमानी अग्रवाल, माद्द सदस्य राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में तहसील कैराना में आज दिनांक 8.10.2025 को आयोजित होने वाला कार्यक्रम निरस्त हो गया है। अब यह कार्यक्रम 9 अक्टूबर 2025 को कैराना तहसील में यथावत आयोजित किया जाएगा। जिसमें सदस्य की अध्यक्षता में 9.10.025 समय 11 बजे से कैराना तहसील में महिलाओं से संबंधित मामलों की जनसुनवाई की जानी है। इसके बाद 11:30 बजे मिशन शक्ति के अन्तर्गत पोषण पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसके बाद 12 बजे थाना कैराना में मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण किया जाना है। इस अवसर पर सभी संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहेंगे।

# गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी को अनुदान योजनान्तर्गत ऑनलाइन आवेदन जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, शामली सुधीर कुमार ने अवगत कराया है कि निदेशक, पिछडा वर्ग कल्याण उप्र लखनऊ के पत्र द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में शादी अनुदान योजनान्तर्गत पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित अन्य पिछड़े वर्ग अल्पसंख्यक समुदाय को छोडकर के गरीब व्यक्ति जिनकी वार्षिक आय शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र दोनो में रु. 1.00 लाख प्रति वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, अपनी पुत्री की शादी अनुदान हेतु ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

जिसमें शासनादेश के अनुसार प्रथम आवत-प्रथम पावत के सिद्धान्त के अनुरूप पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला अथवा दिव्यांगजन आवेदकों को वरीयता क्रम में रखते हुए शादी अनुदान राशि 20000छ- प्रत्एक लाभार्थी की दर से वितरण करने की कार्यवाही की जाएगी व एक परिवार से अधिकतम 02 पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान अनुमन्य होगा।

अवगत कराना है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 31 मार्च 2026 तक होने वाली शादी के लिए पुत्री की शादी अनुदान हेतु शादी की दिनांक से 90 दिन पहले अथवा 90 दिन बाद तक आवेदन ऑनलाइन कराकर सम्बन्धित उपजिलाधिकारी खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय जमा कराएं।

अन्य पिछड़े वर्ग अल्पसंख्यक समुदाय को छोडकर के गरीब व्यक्तियों की पुत्री की शादी अनुदान योजनान्तर्गत विभागीय वेबसाइट www.shadianudan.upsdc.gov.in पर दिए गए लिंक के माध्यम से जनसेवा केन्द्र, लोकवाणी केन्द्र, साईवर कैफे, निजी इण्टरनेट से निर्देशों के अनुसार ऑनलाईन आवदेन कर सकते है।

उक्त योजनाओं की विस्तृत दिशा-निर्देश उक्त वेबासाइट पर प्रदर्शित है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी, शामली, नवीन विकास भवन जनपद शामली में सम्पर्क करें।

## रामचरितमानस पाठ पूर्ण होने पर हवन यज्ञ कर किया भंडारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** सांवरिया देसी गौशाला परिसर में स्थित राधा कृष्ण मंदिर में रामचरित मानस पाठ संपूर्ण होने पर हवन यज्ञ कर भंडारा दिया गया।



निकटवर्ती गांव बीबीपुर की सांवरिया देसी गौशाला और राधा कृष्ण मंदिर में बुधवार सुबह रामचरित्र मानस का पाठ संपूर्ण होने पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। गौशाला के संचालक और नाथ संप्रदाय से जुड़े संत बलवान नाथ के नेतृत्व में आयोजित हवन यज्ञ में पंडित नाथीराम ने विधि विधान से पूजा अर्चना संपन्न कराई। गौशाला समिति सदस्य और वरिष्ठ पत्रकार प्रेम चन्द वर्मा पत्नी मुनेश वर्मा कार्यक्रम में मुख्य यजमान रहे। हवन के बाद कन्या और साधू संतों को भोजन कर कर भंडारे की शुरुआत की गई। व्यवस्था में धीर सिंह, विशू तोमर, कृष्ण पाल , प्रिंस , वासु शिवम आदि का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम में शामली से उमेश कंबोज , राजेश वालिया और दर्जन से अधिक संत महात्मा शामिल रहे।

# वाल्मीकि जयंती पर धूमधाम से निकली शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ग्राम मौजपुर जैतरा में भगवान महर्षि वाल्मीकि जयंती का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक विशाल शोभा यात्रा निकाली गई, जिसने पूरे क्षेत्र को भक्ति के रंग में रंग दिया।

शोभा यात्रा का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक अशोक कुमार राणा, नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह और पूर्व प्रधान आदित्य चौहान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। अतिथियों का स्वागत वाल्मीकि समाज की ओर से पगड़ी बांधकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। शोभा यात्रा गांधी आश्रम जैतरा से प्रारंभ हुई और ग्राम के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकली। जगह-जगह पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। वहीं कई स्थानों पर



हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। शोभा यात्रा में भगवान महर्षि वाल्मीकि, मां शेरावाली, वीर हनुमान, राम दरबार, खाटू श्याम, राधा-कृष्ण और मां सरस्वती की भव्य झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। अखाड़ा दलों ने भी अपने अद्भुत प्रदर्शन से लोगों का मन मोह लिया।

यात्रा अपने निर्धारित मार्गों से होते हुए वाल्मीकि मंदिर, गांधी आश्रम पहुंचकर संपन्न हुई, जहां वाल्मीकि समाज के लोगों ने भगवान महर्षि वाल्मीकि के चरणों में पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर राजीव टांक (अध्यक्ष), राकेश सेलवान (महामंत्री), अरविंद सेलवान (कोषाध्यक्ष) विवेक कुमार, बबलू सिंह, राहुल कुमार, दीपक कुमार, सौरभ कार्तिक, सुरेश , मुकेश कुमार, अरविंद सिंह, भूपेंद्र कुमार, दिव्यांशु, रोहित सहित नवयुवक वाल्मीकि समिति के पदाधिकारी कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### बंधन बैंक में लोन के नाम पर धोखाधड़ी, ग्रामीण ने की कार्रवाई की मांग

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटिल निवासी वासिल पुत्र सब्बीर ने लोन के नाम पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पीड़ित ने बताया कि जरूरी कार्य के लिए उन्हें लोन की आवश्यकता थी। इस दौरान उनकी मुलाकात बंधन बैंक में कार्य करने वाले विक्की, रियाज, शौकीन, अकरम और गुफरान से हुई। इन लोगों ने पीड़ित को लोन दिलाने का आश्वासन दिया और फर्जी तरीके से उनके हस्ताक्षर करा लिए। बाद में इन्होंने लोन देने से इनकार कर दिया।

वासिल ने अन्य बैंक में लोन के लिए आवेदन किया तो पता चला कि उनके नाम पर पहले से ही एक लाख रूपए का लोन चल रहा है और उसकी तीन किस्तें भी जमा हो चुकी हैं। इस जानकारी से पीड़ित के होश उड़ गए। अन्य बैंक शाखा से मिली जानकारी के आधार पर वासिल ने थाने में पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत की।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायत की गहनता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### भाकियू की मासिक बैठक

**हल्दौर।** ब्लॉक कार्यालय परिसर में बुधवार को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की मासिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में प्रमुख मुद्दा बिलाई चीनी मिल द्वारा किसानों का लंबित गन्ना भुगतान रहा। संगठन के वरिष्ठ नेता हुकुम सिंह व ब्लॉक अध्यक्ष नौबहार सिंह ने कहा कि मिल की लापरवाही के कारण किसानों के गन्ने का समस्त बकाया भुगतान न होने से आर्थिक तंगी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र भुगतान नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन का रास्ता अपनाएगा। बैठक में बिजनौर तहसील अध्यक्ष उदयवीर सिंह ने कहा कि गन्ना पेराई सत्र प्रारंभ होने से पूर्व गन्ने का मूल्य 500 प्रति क्विंटल घोषित किया जाए। जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही ने बिजनौर से होकर गंगा एक्सप्रेसवे निकालने, क्षेत्र में गुलदार व संरक्षित पशुओं से किसानों को राहत दिलाने तथा स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक जैसे मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया। किसान संगठन की ओर से मुख्यमंत्री को लगभग एक हजार पोस्टकार्ड भेजे गए।

### सड़क निर्माण न होने से परेशानी

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद तहसील मुख्यालय से कुछ ही दूरी पर स्थित ग्राम अकबरपुर चौगांवा में एक सड़क कई दशकों से नहीं बनी। जिससे सड़क पर चलना ग्रामीणों के लिए जी का जंजाल बना हुआ है। चौक बाजार से होती हुई अकबरपुर चौगांवा, मलूकवाली, भोगपुर, बिजौरी, नयागांव होते हुए यह सड़क दर्जनों गांवों को नजीबाबाद शहर से जोड़ती है। लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं पीडब्ल्यूडी विभाग की उदासीनता के चलते यह सड़क कई दशकों से नहीं बनी है। जिससे आएदिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। जिससे आएदिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। टूटी सड़क पर बाइक सवार गिरकर चोटिल हो रहे हैं। ग्राम मलूकवाली, भोगपुर व बिजौरी आदि गांव के ग्रामीणों एवं छात्र-छात्राएं इसी रोड से होकर निकलते हैं।

### शोषित दलित मुस्लिम समाज पार्टी का गठन

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के ग्राम अलीपुरा निवासी डॉ. कृष्ण दत्त ने क्षेत्र के दबे कुचले, मजलूमों व सभी समाज के गरीब लोगों की आर्थिक, सामाजिक व राजनैतिक स्थिति को देखते हुए पीड़ितों को न्याय दिलाने को शोषित दलित मुस्लिम समाज पार्टी का गठन किया है। उन्होंने कहा कि इस पार्टी के माध्यम से समाज के खासकर दलित व मुस्लिम समाज के लोगों को जोड़कर उनकी समस्याओं का समाधान कराने व उन्हें उनके अधिकार दिलाने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने क्षेत्र के सभी मुस्लिम व दलित समाज के लोगों से आगे आकर उनकी पार्टी से जुड़ने व उनके साथ कंध से कंधा मिलाकर चलते हुए मजबूती प्रदान करने की अपील की है। शोषित दलित मुस्लिम समाज पार्टी का डॉ. कृष्णदत्त राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौ. ताहिर हुसैन को राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सामाजिक एकता का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर जिले के ग्राम भज्जू और चूनसा में जयंती एवं सामा. जिक एकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय लोकदल पार्टी के एस।सी।, एस।टी। प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अमित कुमार लॉक ने शिरकत की और महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित कुमार लॉक ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि भारतीय समाज के प्रथम कवि और आदर्श संत थे, जिन्होंने रामायण के माध्यम से समाज को सत्य, धर्म और समानता का संदेश दिया। उनके आदर्श आज भी समाज में नैतिकता और भाईचारे का प्रतीक हैं। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से



महर्षि वाल्मीकि जी के दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। अमित लॉक ने इस अवसर पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और केंद्रीय मंत्री जयंत सिंह की विच. ारधारा को आगे बढ़ाने तथा उनके हाथों को मजबूत करने का भी आ]वान किया। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक प्रसाद वितरण किया गया और हजय महर्षि वाल्मीकि जीह के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर सुमित कुमार जिला उपाध्यक्ष, वेदप्रकाश भनेड़ा जट जिला उपाध्यक्ष, अजय कुमार, अनिल कुमार, लोकेश कुमार, राजीव कुमार, चमन सिंह, बिट्टू कश्यप, मास्टर योगेंद्र कश्यप, मास्टर मोहित कश्यप, आदेश कुमार जिला महासि. चव, विपिन सचिव, विक्रम सिंह, आकाश, अभिषेक दीपक कुमार, नितिन, सहेंद्र आदि मौजूद रहे।

## सत्य नारायण शिशु मंदिर में मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती

**शामली।** शहर के रेलवे रोड स्थित सत्यनारायण शिशु मंदिर में महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। इस दौरान महर्षि वाल्मीकि को श्रद्धा सुमन समर्पित किए गए। बुधवार को शहर के रेलवे रोड स्थित सत्यनारायण शिशु मंदिर में महर्षि वाल्मीकि के प्रकटोत्सव के अवसर पर प्रधानाचार्य व समस्त स्टाफ सदस्यों ने बच्चों के साथ मिलकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जयंती ने एकता का संदेश दिया है। महर्षि वाल्मीकि प्रचेता के दसवें पुत्र थे। भगवान राम की कथा तथा उनके महान चरित्र से महर्षि वाल्मीकि ने रामायण ग्रन्थ के द्वारा हम सबको परिचित कराया। महर्षि वाल्मीकि को आदि कवि कहा जाता है। प्रधानाचार्य उमेश शर्मा ने बच्चों को महर्षि वाल्मीकि के जीवन से प्रेरणा लेने का आहवान किया।



# समर्थ उप्र-विकसित उप्र 2047 पोर्टल पर फीडबैक की तिथि 31 अक्टूबर 2025 तक बढ़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश को वर्ष 2047 तक एक विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने हेतु विकसित उत्तर प्रदेश/2047 की योजनाध्विजन डाक्यूमेन्ट के निर्माण हेतु सुझाव संकलन अभियान दिनांक 05 सितम्बर, 2025 से दिनांक 05 अक्टूबर 2025 तक संचालित है। यह जानकारी देते हुए जिला. धिकारी शामली शामली अरविन्द कुमार चौहान ने बताया कि उक्त अभियान का उददेश्य जनमानस में जागरूकता उत्पन्न करना तथा नागरिकों की आंकाक्षाओं को संज्ञान में लेकर उन्हें विजन में समाहित करना है। इस हेतु ष्समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश / 2047ष पोर्टल-ीजजचेरूध्ध्ेंउंतजीनजजंतचतंकमीं।नच।हवअ।पद विकसित किया गया है। जिस पर नागरिको द्वारा सेक्टरवार फीडबैक दिए जा रहे हैं। उक्त अभियान के अन्तर्गत नोडल अधिकारी और प्रबुद्धजन, शविभिन्न वर्गों के लोगो से संवाद कर भविष्य की योजनाओं हेतु शिक्षा, कृषि, चिकित्सा, ग्रामीण विकास एवं अन्य क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिकों से सुझाव प्राप्त हो रहें हैं। समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश/ 2047 अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए पर्याप्त जन-भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु फीडबैक दिए जाने की समयसीमा दिनांक 05 अक्टूबर, 2025 से बढाकर दिनांक 31 अक्टूबर, 2025 तक किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध जिलाधिकारी ने सभी संबंधित को निर्देशित कि ष्समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश/ 2047 अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु दिनांक 31 अक्टूबर, 2025 तक पर्याप्त जन-भागीदारी सुनिश्चित कराते हुए पोर्टल पर फीडबैक हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।



## भवचक्र में भटक रहा है मानवः मुनि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में 108 विव्रत सागर मुनि. राज ने कहा कि जीव अनादि काल से चार गति और चौरासी लाख योनियों के भवचक्र में भटक रहा है, जिसका मूल कारण सच्चे देव, शास्त्र और गुरु के सान्निध्य में रहकर भी उनके उपदेशों को न समझना और आचरण में न लाना है।

मुनिराज ने कहा कि मनुष्य बाहरी दिखावे और सांसारिक मोह में उलझा हुआ है। हमारी स्थिति कोल्हू के बैल के समान है, जो पूरे दिन घूमता रहता है, परंतु वहीं का वहीं रह जाता है। इसी प्रकार मनुष्य भी संसार में परिश्रम करता है पर आध्यात्मिक . ष्टि से आगे नहीं बढ़ पाता। उन्होंने कहा कि सच्चा कल्याण केवल गुरु वाणी और जिनवाणी को आत्मसात कर आत्म-सुधार करने से ही संभव है।

## प्रधान व सचिव पर फर्जी विकास कार्य दिखाने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ऊन क्षेत्र के गांव सूबरी निवासी दर्जनों ग्रामीणों ने डीएम कार्यालय में शिकायती पत्र देकर वर्तमान ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव पर फर्जी विकास, निर्माण कार्य कराने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच व भौतिक सत्यापन की मांग की। बुधवार को डीएम कार्यालय में दिए पत्र में उन्होने कहा कि ग्राम पंचायत सुबरी में ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव द्वारा वर्ष 2021-22 से वर्तमान तक ई-ग्राम स्वाराज एप पर फर्जी विकास निर्माण कार्य किए हुए दर्शाए गए है। आरोप है कि ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव द्वारा ग्राम में मनरेगा के अन्तर्गत फर्जी लोगो की उपस्थिति दिखाकर मनरेगा का लाभ दिलाया गया है। उन लोगो को लाभ दिलाया गया है जिनके द्वारा कभी मनरेगा के अन्तर्गत कोई कार्य किया ही नही गया है। कहा कि तालाब का कोई सौन्दर्यकरण नही कराया गया है जबकि ई-ग्राम स्वराज एप पर तालाब का सौन्दर्यकरण किया हुआ दर्शाया गया है। उन्होने ग्राम में फर्जी विकास, निर्माण कार्यो की निष्पक्ष जांच व भौतिक सत्यापन कराने की मांग की। इस अवसर पर सोमवीर, सतीश, सचिन, ओमप्रकाश, शीशपाल, जगपाल, चन्नी, सोयब त्यागी, बिजेन्द्र, मलखान, जगपाल, सोमवीर आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर पंचायत बनत जनपद शामली**

पत्रांक/224/नं0पं0बनत/2025-26 दिनांकः- 8.10.2025

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत/नवीनीकृत फर्मों एवं ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन (SBM) 2.0 के अंतर्गत CB/IEC के अंतर्गत नगर पंचायत बनत में डोर टू डोर गीले कूड़े व सूखे कूड़े के कलेक्शन एवं मौहल्ला समिति के प्रशिक्षण हेतु ट्रेनिंग पार्टनर/IEC पार्टनर की आवश्यकता है, निकाय के पास 90,000.00 रुपये प्रति माह का बजट है के सापेक्ष इच्छुक फर्म/ठेकेदार दिनांक 18.10.2025 को अपनी निविदा सांय 3 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत बनत में प्राप्त कराना सुनिश्चित करें। नीयत समय बाद प्राप्त होने वाली निविदा पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

अध्यक्ष
नगर पंचायत बनत शामली

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बनत शामली

# डीएम कार्यालय में मेधावी छात्राएं निभाएंगी अधिकारियों की भूमिका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी शामली के अनुमोदन टीप दिनांक 25 अगस्त 2025 के अनुपालन में जिला विद्यालय निरीक्षक शामली के पत्र संख्या 3879-81 दिनांक 26 सितंबर 2025 के माध्यम से जनपद के शैक्षिक सत्र 2024-25 के परीक्षा परिणाम के आधार पर चयनित 21 मेधावी छात्राओं की सूची जारी की गई है। उक्त छात्राएं हएक दिन की जिलाधिकारी द्धमेगा इवेंटऋह कार्यक्रम में विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारियों की सांकेतिक भूमिका का निर्वहन करेंगी। इस कार्यक्रम में कक्षा 10 की 10 टॉपर छात्राएं और कक्षा 12 की 11 टॉपर छात्राएं शामिल होंगी। चयनित छात्राएं एक दिन के लिए जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों की भूमिका निभाते हुए शासन.प्रशासन की कार्यप्रणाली से रूबरू होंगी। जिलाधिकारी, शामली की भूमिका सावी जैन पुत्री अंकित कुमार निभाएंगी। पुलिस अधीक्षक, शामली की भूमिका रिद्धि मित्तल पुत्री आलोक मित्तल को सौंपी गई है। मुख्य विकास अधिकारी की भूमिका हिमाचल बेनीवाल, अपर जिलाधिक. ारी वि.रा. मुस्कान, अपर जिलाधिक. ारी न्यायिक अपर्णा सोलंकी, तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी की भूमिका वंशिका गर्ग निभाएंगी। इसके अतिरिक्त अन्य पदों पर निम्न छात्राओं को सांकेतिक जिम्मेदारी दी गई है उप जिलाधिकारी सदर-खुशी वरिष्ठ कोषाधिकारी-प्रियांशी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी -हिमांशी, जिला पंचायतराज अधिकारी-रूहानी लायल, परियोजना निदेशक, डीआरडीए-साक्षी, परियोजना अधिकारी, डीयूडीए-सामिया चौधरी, जिला पूर्ति अधिकारी-अवनी मित्तल, जिला विकास अधिकारी-अनुष्का अग्रवाल, जिला कार्यक्रम अधिक. ारी-तृशा गर्ग, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी-अंशिका निर्वाल, जिला विद्यालय निरीक्षक-अनुष्का सैनी, जिला प्रोबेशन अधिकारी-दिशा सैनी, जिला समाज कल्याण अधिकारी-लक्षिता मित्तल, सहायक श्रमायुक्त-मिष्ठी गुप्ता, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी-दीपांशी रहेंगी। कार्यक्रम का आयोजन 9 अक्टूबर 2025 को पूर्वाह्न 11 बजे किया जाएगा, जिसमें चयनित छात्राएं संबंधित अधिकारियों के कार्यालय में जाकर अपनी-अपनी सांकेतिक भूमिका का निर्वहन करेंगी। इस अवसर पर सभी बालिक. ाओं का स्वागत कर उपहार देकर सम्मानित किया जाएगा।

# पुलिस भुठभेड़ में 25 हजार का इनामी बदमाश घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** मेरठ-करनाल हाईवे पर गांव सिंगरा के निकट सोमवार की देर रात पुलिस और बदमाश के बीच हुई भुठभेड़ में पच्चीस हजार का इनामी हत्या आरोपी बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। एसपी शामली संतोष कुमार ने बताया कि घायल बदमाश राहुल उर्फ छोटा 4 अक्टूबर को गांव मंगलौरा में जयवीर पुत्र बृजपाल की गोली मारकर हत्या के मामले में वांछित था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की विशेष टीम लगाई गई थी। पुलिस को सूचना मिली थी कि राहुल मेरठ-करनाल हाईवे स्थित गांव सिंगरा के पास अपनी रिश्तेदारी में आने वाला है। इस पर पुलिस ने चौकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान पुलिस ने आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन उसने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से राहुल घायल हो गया। पुलिस ने मौके से एक तमंचा, खोखा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ झिंझाना थाने में चार और हरियाणा के करनाल में चार से पांच मुकदमे दर्ज हैं। एएसपी ने बताया कि मृतक जयवीर ने करीब 15 वर्ष पूर्व राहुल उर्फ छोटा के पिता सत्यवान की हत्या की थी, जिसमें सजा पूरी करने के बाद हाल ही में वह गांव लौटा था।



## बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**कोतवाली देहात।** ग्राम मिर्जापुर महेश उर्फ बांकपुर निवासी सुरेंद्र सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह अपनी मोटरसाइकिल से 1 अक्टूबर को रामलीला देखने ग्राम पेरूवाला गया था। रात्रि 11:00 बजे जब वह वापस आने के लिए मोटरसाइकिल लेने गया तब मोटरसाइकिल वहां नहीं थी। काफी ढूंढने के बाद भी मोटरसाइकिल नहीं मिली। सुरेंद्र सिंह ने घटना की तहरीर थाने में दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मोटर साइकिल चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# त्योहारों का सीजन शुरू होते ही बाजारों में बढ़ी रौनक





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** त्योहारों के सीजन में जहां एक ओर बाजारों में रौनक लौट आई है, वहीं दूसरी ओर ई-रिक्शाओं के कारण लग रहे भीषण जाम ने दुकानदारों और ग्राहकों दोनों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। शहर के मुख्य बाजारों में दिनभर जाम की स्थिति बनी रहने से न केवल व्यापार प्रभावित हो रहा है, बल्कि आमजन का आवागमन भी बाधित हो गया है। दुकानदारों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि त्योहारी सीजन के दौरान बाजारों में ई-रिक्शाओं का प्रवेश प्रतिबंधित किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

बुधवार को शहर के प्रमुख बाजारों जैसे कबाडी बाजार, बडा बाजार, नया बाजार, गांधी चौक बाजार में सुबह से ही जाम की स्थिति बनी रही। दर्जनों की संख्या में पहुंच रही ई-रिक्शाएं सड़कों पर जगह-जगह खड़ी हो जाती हैं, जिससे पैदल चलने वालों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दुकानदारों का कहना है कि ई-रिक्शा चालकों की मनमानी और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण ग्राहकों का बाजार में खरीदारी करना मुश्किल हो गया है। ग्राहक जाम के कारण बाजार में प्रवेश करने से बच रहे हैं, जिससे त्योहारी सीजन में बिक्री पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। दुकानदार रजत निर्वाल, देवाशीष बंसल ने बताया कि कई बार प्रशासन और पुलिस को इस समस्या से अवगत कराया गया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। यदि शीघ्र प्रभावी व्यवस्था नहीं की गई, तो दीपावली के नजदीक आने के साथ स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है। मांग की है कि त्योहारी भीड़ को देखते हुए बाजारों में यातायात व्यवस्था दुरुस्त की जाए और ई-रिक्शाओं के लिए वैकल्पिक मार्ग तय किया जाए। जाम लगने से पैदल चलने वाले लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## रामायण पाठ का समापन

**किरतपुर।** संत शिरोमणि महर्षि वाल्मीकि के प्रकोत्सव के मौके पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। वाल्मीकि आश्रम मोहल्ला वाल्मीकि बस्ती में चल रहे वाल्मीकि रामायण पाठ का विधिवत समापन हुआ। सुबह भगवान वाल्मीकि की पूजा-अर्चना और हवन-यज्ञ के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इसके उपरांत प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। शाम को वाल्मीकि मंदिर से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर में संपन्न हुई। शोभायात्रा में सबसे आगे वाल्मीकि ध्वज, उसके पीछे बैंड दल और भगवान वाल्मीकि की अखंड ज्योति रही। मंगलवार को ही वाल्मीकि मंदिर में अखंड पाठ का आरंभ हुआ था, जिसमें भजन-कीर्तन और संध्या आरती का आयोजन किया गया।

# चौ. मुनव्वर हसन के नाम पर स्मृति द्वार का लोकार्पण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार को क्षेत्र के गांव पलठेडी में राजकीय इंटर कॉलेज के मेन रोड पर पूर्व सांसद स्व. चौधरी मुनव्वर हसन के नाम का स्मृति द्वार का लोकार्पण किया गया। जिसका शुभारंभ एमएलसी किरणपाल कश्यप ने किया है। बुधवार को क्षेत्र के गांव पलठेडी में कार्यक्रम का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज के मेन रोड पर किया गया। जहां एमएलसी निधि से पूर्व सांसद चौधरी मुनव्वर हसन के नाम का द्वार बनाया गया, जिसका फीता काटकर एमएलसी किरणपाल कश्यप ने शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एमएलसी किरणपाल कश्यप ने कहा कि पूर्व सांसद स्व। चौधरी मुनव्वर हसन ने क्षेत्र के विकास में अनेकों कार्य किए। उन्होने क्षेत्र के लोगों को आपसी सौहार्द के साथ रहना सिखाया और हिन्दु मुस्लिम सभी लोगों को एक साथ लेकर कार्य करते थे। इस अवसर पर गौरव कश्यप, भारत कश्यप, वतन सिंह सैनी, राजकुमार कश्यप, प्रति, निधि, हरबीर कश्यप, शरीफ अहमद, जयपाल सिंह, चौधरी हरेंद्र सिंह, तेजपाल कश्यप, मुस्तकीम हसन आदि उपस्थित रहे।

# रजिस्ट्री कार्य में आ रही परेशानियों के समाधान की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने सहायक स्टाम्प आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर उपनिबंधक कार्यालय में विक्रयपत्र द्धरजिस्ट्रीत्र्ञ कार्य में आ रही तकनीकी समस्याओं के समाधान की मांग की है।

अधिवक्ताओं ने ज्ञापन में बताया कि उपनिबंधक कार्यालय शामली में बैनामा पंजीकरण के दौरान आए दिन रजिस्ट्री कार्य बाधित रहता है। कभी साइट बंद होने, कभी इंटरनेट समस्या या अन्य तकनीकी कारणों के चलते रजिस्ट्री प्रक्रिया ठप हो जाती है। परिणामस्वरूप एक बैनामा कराने में तीन से चार घंटे तक का समय लग जाता है। कहा कि प्रतिदिन हजारों लोग, जिनमें बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे और बीमार व्यक्ति शामिल हैं, रजिस्ट्री के लिए घंटों लाइन में खड़े रहते हैं, जिससे जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस तकनीकी समस्या के चलते न केवल आमजन, बल्कि अधिवक्ता और दस्तावेज लेखक भी प्रभावित हो रहे हैं। बार एसोसिएशन ने बताया कि इस समस्या की जानकारी उपनिबंधक एवं स्टाम्प आयुक्त शामली को कई बार मौखिक रूप से दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस सुधार नहीं किया गया। चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान शीघ्र नहीं किया गया, तो जिला बार संघ शामली और दस्तावेज लेखक संघ तालाबंदी व हड़ताल करने को बाध्य होंगे। उन्होने इस गंभीर समस्या का निवारण प्राथमिकता के आधार पर कराने की मांग की। इस अवसर पर अध्यक्ष राजपाल सिंह, जसपाल राणा, महेन्द्र सिंह, प्रदीप कुमार, प्रवीन कुमार, अशोक कुमार, दीपा एडवोकेट, अशोक कुमार, सत्यांशु वर्मा, मणिकांत शर्मा आदि मौजूद रहे।

# जल निकासी की नाली को बंद करने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मोहल्ला ब्रहमणान लाजपत राय निवासी कुछ लोगों ने कोतवाली पुलिस को शिकायत की एक व्यक्ति पर जल निकासी की नाली को बंद करने का आरोप लगाया है। जिससे गंदा पानी सडक पर बह रहा है और मोहल्लेवासी परेशान है। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला ब्रहमणान लाजपत राय निवासी पूरणचंद मित्तल, संजय कुमार, सुशील गौतम, कमल गोयल ने कोतवाली पुलिस को शिकायत करते हुए कहा कि उनके घर से निकलने वाली पानी की जल निकासी एक नाली से होकर जाती थी। आरोप है कि पडौसी द्वारा जानबूझकर उक्त नाली को बंद कर दिया गया, जिससे उनकी जल निकासी प्रभावित हो रही है और गंदा पानी घर के बाहर सडकों पर बह रहा है और परेशानियों का सामना करना पड रहा है। उन्होने मामले में जांच कराकर पानी की समस्या का समाधान कराने की मांग की। वही मोहल्लेवासियों ने बताया कि नगर पालिका द्वारा नाली और सडक के निर्माण का टेंडर हो चुका है, लेकिन जानबूझकर परेशान किया जा रहा है। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

## एक नजर

### दस हजार के बिल बकाए पर नियम विरुद्ध कनेक्शन काटने का विरोध, ऊर्जा मंत्रालय से जेई की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** गढी हसनपुर में विद्युत विभाग के जेई की कार्यशैली से आम नागरिक परेशान हो रहा है। आरोप है कि दस हजार से अधिक बिल होते ही विद्युत कनेक्शन काट दिए जा रहे है। ऐसे ग्रामीणों की संख्या अत्याधिक है। आरोप है कि कनेक्शन काटने से पूर्व नियमानुसार कोई नोटिस तक नही दिया जाता। पूछने पर भी केवल जांच का हवाला दिया जाता है। इसके अलावा दथेडा के एक ग्रामीण ने भी अपने एक मामले मे शिकायत की है। दथेडा बिजली उपकेन्द्र पर तैनात जेई पर क्षेत्र के ग्रामीणों ने गम्भीर शिकायत करते हुए आरोप लगाया है। मामला उस समय प्रकाश मे आया जब स्वयं जेई ने गढी हसनपुर के कुछ ग्रामीणों के खिलाफ अभद्रता की शिकायत की। जिसकी जॉच पुलिस ने की तो पता लगा कि जेई ग्यारह हजार के विद्युत बिल बकाया होने पर कनेक्शन काटने पहुॅच गए। पीडितो ने जेई से कनेक्शन काटने की वजह पूछी तो दोनो पक्षो मे कहासुनी हो गई। ग्रामीणों ने जेई से कहा कि कनेक्शन काटने से पूर्व बिल जमा कराने की सूचना मौखिक तौर पर दे सकते थे,अगर हम बिल जमा ना करते तो आप कनेक्शन काट देते। वही नियमानुसार कनेक्शन काटने के लिए नोटिस देने को भी कहा। ग्रामीणों के विरोध पर जेई भडक गया और दबाव बनाने के लिए पुलिस को शिकायत की दी। जांच हुई तो ग्रामीणों ने भी अपना पक्ष रखा और विडियो प्रस्तुत की। इसके अलावा दथेडा के रोहित का भी आरोप है कि हाईटेंशन लाइन को हटाने का इस्टीमेट बना हुआ है लेकिन रोजाना कार्य को टालकर परेशान किया जा रहा है। पीडितो ने ऊर्जा मंत्रालय मे शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

### महर्षि वाल्मीकि जयंती पर शोभायात्रा, का आयोजन



**कांधला।** नगर में महर्षि वाल्मीकि जयंती बड़े ही हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता एवं वाल्मीकि समाज के लोग शामिल हुए। शोभायात्रा का शुभारंभ वाल्मीकि बस्ती स्थित वाल्मीकि मंदिर प्रांगण से हुआ। शुभारंभ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व भाजपा नेता मनीष चौहान तथा मुर्शिद ठेकेदार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।शोभायात्रा प्रारंभ होते ही वातावरण ह्जय महर्षि वाल्मीकिह्न के जयघोष से गूंज उठा। महिलाओं ने मंगल गीतों के साथ वाल्मीकि जयंती की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर वाल्मीकि समाज के लोगों ने मुख्य अतिथियों का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया।इस दौरान भाजपा नेता मनीष चौहान ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि भारतीय संस्कृति के अमर कवि और प्रथम महाकाव्य रामायण के रचयिता थे। उन्होंने समाज को यह संदेश दिया कि शिक्षा और ज्ञान के माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन को ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है। वहीं मुर्शिद ठेकेदार ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के आदर्श आज भी समाज को दिशा देने वाले हैं, हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज में भाईचारा, समानता और सद्भाव फैलाना चाहिए।शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों वाल्मीकि बस्ती, मैन बाजार, कैराना बस स्टैंड मार्ग से होते हुए पुन: वाल्मीकि मंदिर प्रांगण पर संपन्न हुई। रास्ते भर श्रद्धालुओं और नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।शोभायात्रा में सुरक्षा की .ष्टि से पुलिस बल मौजूद रहा। इस दौरान योगराज सिंह,प्रदीप उर्फ बबला, दीपक, देवी चंद्र बिरला, नौशाद जंग, अजहर जंग, डॉक्टर रश्मिकांत जैन, सुरेंद्र कुमार, दिला प्रधान सहित आदि मौजूद रहे।

### प्रधान की फर्जी फेसबुक आईडी बनाई

**कोतवाली देहात।** ग्राम उमरी के प्रधान अली ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनके नाम से किसी ने फेसबुक पर प्रधान उमरी के नाम से फर्जी आईडी बना रखी है। उक्त आईडी से आपत्तिजनक कमेंट किए जा रहे हैं, जिससे उनकी छवि धूमिल हो रही है। शहबाज अली ने आईडी के स्क्रीनशॉट भी पुलिस को उपलब्ध कराए हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## कांशीराम महापरिर्वाण दिवस पर रैली में शामिल होने को रवाना हुए सैकड़ों कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** लखनऊ में कांशीराम के महापरिनिर्वाण दिवस पर आयोजित बसपा की महारैली में शामिल होने के लिए शामली जिले से दर्जनों पदाधिकारी व कार्यकर्ता बुधवार को रवाना हुए। कस्बा बनत से बसपा कार्यकर्ताओं की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

बुधवार को कस्बा बनत स्थित विधानसभा अध्यक्ष विक्रांत बर्मन के आवास पर बसपा के दर्जनों पदाधिकारी व कार्यकर्ता एकत्रित हुए। जहां कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष वीरपाल ने कहा कि 9 अक्टूबर को कांशीराम के महापरिनिर्वाण दिवस पर लखनऊ में महारैली होगी। जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री व बसपा सुप्रीमो मायावती सम्मलित होगी। उन्होने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर यह रैली हो रही है। जिसके बाद सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर चुनाव की तैयारियों में लग जाए और पार्टी की नीतियों को जन जन जक पहुंचाने का काम करे। इस अवसर पर धर्मवीर, हरपाल कश्यप, वीर सिंह मालेंडी, सुनील जाटव, डा। ब्रजपाल, सुशील कुमार, कर्मवीर आदि मौजूद रहे।



# ज्वैलर्स के यहां चोरी करते रंगे हाथ पकड़ा गया ज्योतिष आचार्य



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के शिव चौक स्थित एक ज्वैलर्स के यहां सोने का लॉकेट चोरी करते हुए एक ज्योतिषाचार्य सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। लॉकेट कम मिलने पर ज्वैलर्स ने उसे पकड़ लिया और जेब से लॉकेट बरामद कर माफी मांगने पर उसे छोड दिया, लेकिन चोरी की घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

बुधवार को शहर के शिव चौ स्थित आरके ज्वैलर्स के यहां एक ज्योतिष आचार्य अपनी पत्नी संग करवा चौथ पर गहनों की खरीदारी करने के लिए पहुंचा। जहां उसने लगे का लॉकेट दिखाने के लिए कहा जिस पर दुकानदार ने उसको कई लॉकेट दिखाए, लेकिन सोने के लॉफ्केट देखते समय ज्योतिष आचार्य ने अचानक एक लॉकेट हाथों में छिपा लिया और उसको मौका पाकर जेब में रख लिया और बाकी के लॉकेट को वापस रख दिए। ज्वैलर्स ने जब लॉकेट देखे तो उनमें एक लॉकेट कम था। जिसके बाद आनन-फानन में ज्योतिष आचार्य पकड लिया गया। दबाव डालने पर ज्योतिषाचार्य ने अपनी जेब से लॉकेट बरामद किया तथा माफी मांगने लगा। बताया जाता है कि उक्त ज्योतिष आचार्य मोहल्ला आर्यपुरी में अपना ऑफिस खोलकर बैठा है। बाद में ज्वैलर्स ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के उसे जाने दिया, लेकिन लॉकेट चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जो सोशल मीडिया पर वायरल है और चर्चाओं का विषय बना हुआ है।

## ऑपरेशन दस्तक 46 हिस्ट्रीशीटरों के घर पुलिस की दबिश



**चौसाना।** शातिर और हिस्ट्रीशीटर अपराधियों के सत्यापन के लिए पुलिस ने मंगलवार रात चौसाना में ऑपरेशन दस्तक चलाया। अभियान के दौरान पुलिस चिह्नित बदमाशों के घर पहुंची और उनकी ताजा स्थिति के बारे में जानकारी ली।झिंझाना व चौसाना पुलिस की संयुक्त टीमों ने चौसाना में हिस्ट्रीशीटर बदमाशों के घरो मे दबिश देते हुए अपराध के विरूद्ध कदम उठाया है। अपराधियों को पुलिस का साफ संदेश है,अगर अपराध किया तो खेर नही होगी। शातिर और हिस्ट्रीशीटर अपराधियों के सत्यापन के लिए पुलिस ने मंगलवार रात ऑपरेशन दस्तक चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस चिह्नित बदमाशों के घर पहुंची और उनकी ताजा स्थिति के बारे में जानकारी ली। इस दौरान 46 बदमाश घर में सोते मिले, जबकि कुछ बदमाश घर से लापता थे। चौकी प्रभारी खूब सिह ने बताया कि ऑपरेशन दस्तक के तहत 46 हिस्ट्रीशीटरों को चिह्नित किया था। सभी हल्का दारोगा व टीमों से कहा गया था कि वे अपने-अपने क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों के घर दबिश दें और उनकी मौजूदा स्थिति का सत्यापन करें। रातभर की कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 46 हिस्ट्रीशीटरों के घर दबिश दी। जो हिस्ट्रीशीटर देर रात को घरों से गायब मिले उनके परिवार व जमानतियों से कहा गया है कि वे 72 घंटे के भीतर संबंधित थाने व चौकी में आकर उनकी हाजिरी दर्ज करवाएं, वरना उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आदिल ,ठूनी,रोहित सकौती,मतलूब, इसरार, रिजवान, गलफाम व मुरसलीन सति अन्य के घरो पर दबिश दी गई।

# अस्पताल में जन्मी बेटियों का जन्मोत्सव संपन्न







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार को शहर के जिला अस्पताल में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत अस्पताल में जन्मी बेटियों का जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची उत्तर प्रदेश महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह ने केक काटा और बच्चियों के माताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

बुधवार को जिला अस्पताल के सभागार में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत जन्मी बेटियों का जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची उत्तर प्रदेश महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह व एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन ने किया।

जिला अस्पताल में जन्मी पांच बेटियों का जन्मोत्सव निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह ने केक काटकर मनाया और बेटियों की माताओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। उन्होने कहा कि बेटा बेटी में कोई अंतर नही होता है। बेटी बचाओ और बेटी पढाओ के नारे को आगे बढाना है। कहा कि हमारी बेटियां देश को गौरवांवित कर रही है। आज देश में पुरूष और महिला बराबर है। उन्होने बेटियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन, सीएमएस डा। किशोर आहुजा, वन स्टॉप सैंटर प्रभारी गजाला त्यागी, महिला थाना प्रभारी व एंटी रोमियों प्रभारी मौजूद रहे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद शामली (जनपद शामली)

पत्रांक-21 | दिनांक:- 8.10.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

पंजीकृत ठेकेदारों/इच्छुक फर्म को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद शामली निम्न विवरण अनुसार राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फंड मद के अंतर्गत निम्न कार्य कराना चाहती है, जिसके लिए दिनांक 14.10.2025 समय दो बजे तक निविदाएं आमंत्रित करती है, जो उसी दिन सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष सांय 3 बजे खोली जाएगी तथा निविदा फार्म निर्धारित शुल्क 500/-+GST@18% जमा कर निविदा प्रपत्र दिनांक 8.10.2025 समय 4 बजे तक नगर पालिका के संबंधित विभाग से प्राप्त किए जा सकते हैं।

नोट:- निविदाओं के संबंध में अन्य शर्तें व नियम कार्यालय में आकर किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राप्त दरें |
|---|---|---|
| 1 | दीपावली महापर्व को दृष्टिगत रखते हुए नगर क्षेत्र शामली के मुख्य मार्गों पर झालर लाइटें लगाए जाने का कार्य | |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद शामली


## भाकियू का टोल प्लाजा पर धरना

**किरतपुर।** नेशनल हाईवे पर अधूरे पड़े निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा कराने की मांग को लेकर भाकियू (अराजनैतिक) कार्यकर्ताओं ने भनेड़ा टोल प्लाजा पर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने करीब एक घंटे तक टोल फ्री रखा और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। मौके पर पहुंचे एसडीएम नजीबाबाद शैलेन्द्र कुमार और पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश कुमार से किसानों ने वार्ता की। किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर हाईवे से जुड़ी अधूरी परियोजनाओं को शीघ्र पूरा कराने की मांग रखी। किसानों ने ज्ञापन में गांव बुढ़पुर नैन सिंह की सर्विस रोड, स्वाहेड़ी मेडिकल कॉलेज की सर्विस रोड, गांव चाड़कतुर्क में किरतपुर बिजलीघर से अंडरपास तक और वहां से पश्चिम दिशा की सर्विस रोड का निर्माण कराने की मांग की।

# बैंडबाजों व झांकियों के साथ निकाली शोभायात्रा




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भगवान वाल्मीकि प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में नगर में बैंडबाजों व झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। विभिन्न स्थानों पर लोगों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।

वाल्मीकि जनकल्याण समिति, भगवान वाल्मीकि मंदिर सेवा समिति एवं भारतीय वाल्मीकि धर्मसमाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुए कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व सभासद राकेश गांगुली ने किया। अध्यक्षता सुरेश चौहान, मंच उद्घाटन जसबीर वाल्मीकि, दीप प्रज्जवलित आशुतोष गुप्ता व योगेंद्र गोयल, धर्म ध्वज स्थापना मनीष कश्यप, महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता व अर्जुन सिंघल ने किया। महर्षि की आरती कुलदीप सैनी, अजय गांधी व राजेंद्र नेता तथा लव कुश को तिलक भाजपा नगर मंत्री अमित कुमार ने किया। इसके उपरांत तल्हेड़ी चुंगी से शुरू हुई शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए देर शाम प्राचीन वाल्मीकि मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। महर्षि वाल्मीकि, बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर व लवकुश आदि झांकियां शोभायात्रा का आकर्षण रहीं। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग, चौधरी राजपाल सिंह, समिति अध्यक्ष राजेश टांक, अविनाश वाल्मीकि, गौतम चंचल, सुनील झंझरवाल, राजन लहरी, कुलदीप लहरी, नरेंद्र कुमार, बिरला सूध, दीपक मास्टर, दिपक चंचल, मनोज कुमार, सचिन कुमार, खेमकरण कश्यप, मन्नू भगत, शिवराज रोड आदि शामिल रहे

# प्रकाश पर्व पर निकाली प्रभातफेरी का जगह-जगल पुष्प वर्षा कर किया स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** चौथे पातशाह साहिब श्री गुरू रामदास के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में बुधवार को प्रभात फेरी निकाली गई। जगह जगह पुष्प वर्षा से प्रभातफेरी का स्वागत किया गया।

गुरुद्वारा साहिब से निशान साहिब की अगुवाई में प्रारंभ हुई प्रभातफेरी सुभाष चौक, कैलाशपुरम कालोनी, अशोक विहार, ब्रह्मपुरी कालोनी, लाजपत नगर कालोनी, रेलवे रोड होते हुए पुनः गुरुद्वारा पहुंचकर संपन्न हुई। भाई गुरदयाल सिंह, चंद्रदीप सिंह, सिमरजीत सिंह, चन्नी बेदी, हर्ष नारंग, हर्षप्रीत सिंह ने गुरवाणी गायन कर व संगत ने धन गुरू रामदास के जयकारे लगाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भाई चंद्रदीप सिंह ने कहा कि गुरू रामदास ने अमृतसर नगर की स्थापना कर वहां हरमंदिर साहिब बनाया, जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में संगत दर्शन करती है और गुरु जी के चरणों में अरदास कर मुंह मांगी मुरादे पाती है। इस अवसर पर सतीश गिरधर, सचिन छाबड़ा, गुरजोत सिंह सेठी, हर्ष भारती, हेमंत गिरधर, राजपाल सिंह, विपिन नारंग, प्रिंस कपूर, अमन सेठी, सन्नी सेठी, संदीप धींगड़ा, अमृत सिंह, इंद्रजीत सिंह राणा, अनमोल उप्पल आदि शामिले रहे।

# रामविलास पासवान के योगदान को हमेशा किया जाएगा याद: दास



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** लोजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री स्व. राम. विलास पासवान की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम कर उन्हें याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि वह दबे कुचले, पिछड़ों और दलितों की आवाज थे। देश की राजनीति में महत्वपूर्ण योगदान के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाता रहेगा।

लोक जनशक्ति पार्टी के स्थानीय कार्यालय पर आयोजित हुए कार्यक्रम में लोजपा के राष्ट्रीय महासचिव राघवदास अग्रवाल ने कहा कि रामविलास पासवान ने भारत की राजनीति में महत्वपूर्ण स्थान बनाया वह दबे कुचले, पिछडों और दलितों की आवाज थे। पश्चिमी उत्तर प्रदेश महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष पूजा गर्ग ने कार्यकर्ताओं से स्वर्गीय रामविलास पासवान के सिद्धांतों पर चलकर पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। इससे पूर्व रामविलास पासवान के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पार्टी से जुड़े लोगों ने उन्हें श्रद्धांजली दी। प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश अग्रवाल, जिलाध्यक्ष सुखपाल, मास्टर सुरेंद्र, अजय जाटव, ऋषि कपूर, प्रवेश सैनी, श्याम सिंह, हार्दिक अग्रवाल, कपिल जैन आदि शामिल रहे।

# विद्युत निगम राजस्व वसूली के लिए चलाएगा अभियान

**देवबन्द।** बिजली चोरी रोकने एवं राजस्व वसूली के लिए विद्युत निगम विशेष अभियान चलाकर उपभोक्ताओं से बकाया बिल की वसूली करने के साथ ही बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सांपला मार्ग स्थित उपखंड कार्यालय पर हुई बैठक में निगम के अधिशासी अभियंता मृत्यंजय शाही ने अधिनस्थों को निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रो में हाई लाइन लोस हो रहा है वहां सख्ती बरती जाए, साथ ही बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने राजस्व वसूली में तेजी लाने के लिए अभियान चलाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

# हनुमान के साथ भगवान राम की भेंट व मित्रता का किया वर्णन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह के सौजन्य में चल रही श्री राम कथा अमृत वर्षा के सातवें दिन कथा व्यास आचार्य शांतनु महाराज ने अरण्यकांड की कथा सुनाई। कथा के दौरान प्रस्तुत विभिन्न भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमें और पंडाल जय श्रीराम के नारों से गूंजता रहा।

मेपल्स एकेडमी में बुधवार को कथा सुनाते हुए महाराज ने कहा कि प्रभु श्रीराम अत्रि ऋषि-अनुसुइया के आश्रम में आते हैं। माता अनुसुइया ने सीता जी को स्त्री धर्म की बहुत सी बातें सिखाई। कथा आगे बढ़ाते हुए महाराज ने किष्किंधा पर्वत पर सुग्रीव और हनुमान के साथ भगवान राम की भेंट व मित्रता का वर्णन किया। चित्रकूट में महाराज श्री ने इंद्र पुत्र जयन्त द्वारा काक बनकर माता सीता पर कुदृष्टि रखने व जयंत को श्रीराम जी द्वारा दण्डित करने का वर्णन करते हुए समस्त स्त्री जाति का सम्मान करने की सलाह दी। सुनाया कि श्रीराम द्वारा खर-दूषण के वध हो जाने पर सूर्पणखा ने जाकर अपने भाई रावण से शिकायत की। जिस पर रावण ने अपनी बहन का बदला लेने के लिए स्वर्ण मृग रूपी मारीच को भेज कर छलपूर्वक माता सीता का हरण कर लिया और अपने साथ लंका ले जाकर अशोक वाटिका में रखा। बुधवार को श्रीराम कथा सुनने के लिए झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार, भाजपा प्रदेश महामंत्री धर्मपाल, भाजपा विधान परिषद प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंशी, सांसद चंदन सिंह चौहान, ऊर्जा मंत्री उ0प्र0 सरकार सोमेन्द्र तोमर, नकुड़ विधायक कीरत सिंह, क्षेत्र शारीरिक प्रमुख आर. एस.एस. नरेश विकल, विभाग प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आशुतोष, जिला संघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संजय, जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी आदि देवबंद पहुंचे और कथा सुनने के बाद महाराज का आर्शिवाद लिया।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में आंख व खून की जांच करने के साथ ही विभिन्न मौसमी बिमारियों से बचाव के उपाय बताए गए।

गढ़ी गांव में जामियातुल कुदसियात शिक्षा समिति के तत्वावधान में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, शि. विर में डॉ. साकिब अंसारी, डॉ. असमा और डॉ. नवेद गोड ने आंखों और खून के साथ ही विभिन्न बीमा. रियों से पीड़ित रोगियों की जांच की, इस दौरान उन्होंने लोगों को मौसमी बीमारियों से बचने के उपाय भी बताए और आसपास साफ सफाई रखने का आहवान किया। संस्था के सचिव कारी आमिर उस्मानी ने बताया कि शिविर में 75 से अधिक मरीजों की जांच कर उन्हें औषधि वितरित की गई। उन्होने कहा समय-समय पर संस्था द्वारा शिविर लगाकर स्वास्थ्य सम्बंधित जानकारी दी जाती है। ताकि जरूरतमंद लोगो को लाभ मिल सके। इस मौके पर डारेक्टर मुकीम अब्बासी, हाफिज जैनुल आबदीन, डॉ दिलशाद आदि शामिल रहे।

# रजबहे के किनारे व घर अवैध शराब कारोबारियों के बने हुए हैं सुरक्षित ठिकाने



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** त्योहारों पर लोगों को कच्ची शराब परोसने की तैयारी जोर-शोर के साथ चल रही है, गांव-दर-गांव शाम होते ही भट्टियां सुगलने लगती हैं, रजबहे के किनारे एवं घर अवैध शराब कारोबियों के सुरक्षित ठिकाने बने हुए हैं, खासकर इस धंधे में महिलाओं की भागीदारी भी लगातार बढ़ रही है।

त्योहारी सीजन पर कच्ची शराब कारोबारी मोटा मुनाफा कमाने के लिए लगातार अवैध शराब निकालने के काम में लगे हुए हैं, क्षेत्र के अनेक गांवों में शाम ढ़लते ही कच्ची शराब की भट्टियां सुलग उठती हैं, जंगलों से होकर गुजर रहे रजबहे के किनारे शराब निकालने वालों के लिए सुरक्षित ठिकाने बने हुए हैं, इतना ही नहीं घरों में कच्ची शराब निकालने का काम जोरों शोरों से किया जा रहा है। आबकारी सूत्रों की माने तो बास्तम, जडौदा जट्ट, कुरलकी, बाबूपुर नगली, फतेहपुर तेवड़ा, भायला, कुरड़ी, तल्हेड़ी खुर्द और बास्तम में कच्ची शराब निकाली जा रही है, पुलिस से बचने के लिए पुरुषों के स्थान पर अब इस धंधे में महिलाओं की भागीदारी अधिक हो गई है।

# दृष्टि स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** आरके पब्लिक स्कूल में विश्व दृष्टि दिवस पर दृष्टि स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता समेत कई रचनात्मक गतिविधियां कराई गईं।

आरके पब्लिक स्कूल प्रागण में डा. श्राफ चौरिटी आई हास्पिटल की देवबंद ब्रांच एवं आर्बिश इंटरनेशनल के सहयोग से आयोजित हुए कार्यक्रम में कक्षा तीन से कक्षा आठ तक के बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के माध्यम से आंखों की देखभाल रखने का संद. ेश दिया। चिकित्सकों ने बच्चों से कहा कि आंखों की नियमित देखभाल, संतुलित आहार और डिजिटल उपकरणों का संतुलित उपयोग दृष्टि को सुरक्षित रख सकता है।

स्कूल के अध्यक्ष राजेश चौहान व डा. कुलदीप राणा ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्या मो. निका कपूर ने बच्चों से आंखों की देखभाल रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया। परविंदर त्यागी, सचिन पुंडीर, विशुल शर्मा आदि शामिल रहे।

# प्रधानाचार्य बनी छात्रा ने किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा पायल एक दिन की प्राचार्या बनीं। पदभार संभालने के बाद पायल ने कक्षाओं के अलावा साफ-सफाई आदि का निरीक्षण किया।

मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत छात्रा पायल ने निरीक्षण के बाद कार्यालय अध्यक्ष को समूचित सफाई व्यवस्था रखने समेत आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पायल ने कक्षाओं में छात्र छात्राओं से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याएं जानते हुए निराकरण का आश्वासन दिया। प्राचार्या बनी छात्रा पायल ने छात्रों से फिजूल की बातों से बचने, मोबा. इल आदि का प्रयोग केवल शिक्षण कार्य के लिए करने और अपना पूरा ध्यान पढ़ाई पर केंद्रित करने का आह्वान किया। बताया कि मिशन शक्ति अभियान महिला शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महिलाओं को आगे बढने का अवसर प्रदान करता है। ताकि वह देश के विकास में अपना अहम योगदान दे सकें। मिशन शक्ति प्रभारी डा. टीना ने कहा कि इस प्रकार की भूमिकाओं का निर्वहन छात्राओं में निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाता है और उनका विकास करता है। इस अवसर पर डा. मोहम्मद आरिफ, डा. कुसुमलता, डा. शाहनजर, राजीव कुमार, डा. विनित कुमार, लोकेश शर्मा, प्रमोद कुमार, विश्वास चंद शर्मा आदि शामिल रहे।

# साइबर अपराध की महिलाओं को दी जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मिशन शक्ति फेज-5 व साइबर अपराध की रोकथाम और लोगों को इसके प्रति जागरुक करने के लिए कोतवाली की टीम ने नगर में विभिन्न स्थानों पर महिलाओं और युवतियों को इसकी जानकारी दी। टीम ने महिलाओं को साइबर अपराध की रोकथाम के बारे में जागरुक करने के के साथ ही उन्हें सुरक्षा के प्रति सजग किया और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं व महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों से भी अवगत कराया। इस मौके पर टीम निरीक्षक सतेंद्र कुमार, एसआई सुधा रानी, अशोक कुमार, पुष्पेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# ठाठजट में 11 अक्टूबर को होगा विशाल दीपावली मिलन समारोह

## विधायक राणा ने अपने कार्यकाल में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक कुमार राणा ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता कर 11 अक्टूबर को आयोजित होने वाले विशाल दीपावली मिलन समारोह की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम उनके निवास स्थान ग्राम ठाठजट में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा, जिसमें लगभग 40 से 50 हजार लोगों के शामिल होने की संभावना है।

विधायक राणा ने बताया कि यह दीपावली मिलन समारोह क्षेत्रीय स्तर पर अब तक का सबसे बड़ा जनसमारोह होगा। इस अवसर पर भाजपा के जिला पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि तथा जिले के विभिन्न कोनों से लोग बड़ी संख्या में पहुंचेंगे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर दीपावली के इस पावन पर्व पर सामाजिक और राजनीतिक एकता का संदेश दें।

प्रेस वार्ता के दौरान विधायक राणा ने अपने कार्यकाल में चल रहे विकास कार्यों की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धामपुर विधानसभा में रेलवे स्टेशन का पुनर्निर्माण, रोडवेज बस अड्डे का निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्ग (हाईवे) का चौड़ीकरण जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य प्रगति पर हैं। विधायक ने कहा कि इन विकास योजनाओं से धामपुर क्षेत्र के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि धामपुर में अंडरपास निर्माण का प्रस्ताव भी अंतिम चरण में है, जिससे नगर में जाम की समस्या से काफी राहत मिलेगी।

# खेलों से होता है शारीरिक एवं मानसिक विकास: डीएम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नेहरू स्टेडियम बिजनौर में 69वी उत्तर प्रदेश माध्यमिक विद्यालीय जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन अध्यक्ष एवं जिला विद्यालय निरीक्षक जय करन यादव, उपाध्यक्ष एवं वित्त एवं लेखा अधिकारी मौ.आमिर खान, संयोजक एवं प्रधानाचार्य आरजेपी कैप्टन बिशनलाल, संयोजिका एवं केपीएस प्रधानाचार्य संगीता गुप्ता की देखरेख में आरंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा दीप प्रज्ज्वलित व शान्ति के प्रतीक खेल ध्वज फहरा कर एवं कबूतर उड़ाकर किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं जिलाधिकारी जसजीत कौर ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि खेल बेहतर समन्वय एवं नेतृत्व की क्षमता उत्पन्न करता है। साथ ही खेलों से शारीरिक एवं मानसिक मजबूती, आत्मविश्वास में वृद्धि व ध्यान केंद्रित आदि की प्राप्ति होती है। एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अध्यक्ष एवं जिला विद्यालय निरीक्षक श्री यादव ने कहा कि खेलों से खिलाड़ियों में समय प्रबंधन, अनुशासन और दृढ़ता जैसे गुणों का विकास होता। सांस्कृतिक कार्यक्रम में केपीएस इंटर कॉलेज द्वारा स्वागत गीत एवं किसान इंटर कॉलेज मंडावली, आर्य वैदिक कन्या इंटर कॉलेज बिजनौर द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। आरजेपी इंटर कॉलेज के छात्रों द्वारा पीटी की गई। एनसीसी एवं स्काउट गाइड द्वारा मार्च पास्ट किया गया। संयोजक बिशन लाल एवं संयोजिका संगीता गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर नेहरू स्टेडियम में सुधीर कुमार राजपूत, अरशद अली, डॉ. पवन कुमार, नौशाद अख्तर, डॉ. मंजू देवी आदि ने मनभावन रंगोली बराई।

इस अवसर पर एडीआईओएस जितेंद्र कुमार, निशांत यादव जीआईसी प्रधानाचार्य, धर्मवीर सिंह, सुभाष चंद्र, राकेश कुमार शर्मा, खेल प्रभारी, डॉ. निर्मला शर्मा, केआईसी प्रधानाचार्या, सुनीति त्यागी, प्रधानाचार्य जीजीआईसी बिजनौर मौहम्मद इरफान प्रधानाचार्य बीआईसी बिजनौर, मीरा रानी प्रधानाचार्य आर्य कन्या इंटर कॉलेज, मजहर नामी प्रधानाचार्य मुस्लिम इंटर कॉलेज किरतपुर, मेघराज सिंह प्रधानाचार्य आरएचएस इंटर कॉलेज हल्दौर, भूपेंद्र कुमार प्रधानाचार्य आरएन केला इंटर कॉलेज नजीबाबाद, सुभाष चंद्र प्रधानाचार्य आ. ग्रा. इंटर कॉलेज चंदक, ऋषि राम प्रधानाचार्य बीएसए इंटर कॉलेज काद. राबाद, इंद्रपाल सिंह प्रधानाचार्य इंटर कॉलेज अस्करीपुर, शबाना परवीन प्रधानाचार्य निजीमुद्दौला नजीबाबाद, उपप्रधानाचार्य गयूर आसिफ, जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स, डीओसी स्काउट चंद्रहास सिंह, नरेंद्र कुमार, लेफ्टिनेंट तेजपाल सिंह, सीटीओ भूपेंद्र पाल सिंह, अतुल कुमार रस्तोगी, चंचल पांडेय, नागेंद्र कुमार, राहुल कुमार आदि मौजूद रहे।

# धामपुर शुगर मिल में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**धामपुर।** शुगर मिल द्वारा सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के अंतर्गत दो वर्षों से लगातार मिल से जुड़े गांवों में नि:शुल्क मोबाइल हेल्थ सेवाएं संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में मिल परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें श्रमिकों, कर्मचारियों, बच्चों और उनके परिवारों सहित लगभग 220 लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाकर दवाइयां प्राप्त कीं।

शिविर का उद्घाटन धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने श्रमिकों व कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में स्वास्थ्य परीक्षण कराने की अपील की और कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूंजी है। मिल परिवार का हर सदस्य स्वस्थ रहेगा तो उत्पादन भी सशक्त होगा।

यह स्वास्थ्य शिविर पीएचडी रूरल सर्विसेज, नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित किया गया। संस्था के अनुभवी चिकित्सक डॉ. सुमित यादव व मुख्य फार्मासिस्ट मौहम्मद उस्मान ने प्रतिभागियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक परामर्श दिया। उल्लेखनीय है कि धामपुर शुगर मिल द्वारा जुलाई 2023 से अगस्त 2024 तक कुल 120 स्वास्थ्य शिविर विभिन्न गांवों में आयोजित किए जा चुके हैं। जिनमें लगभग 12,272 लोगों ने लाभ प्राप्त किया। इनमें से पांच शिविर आंखों की जांच के लिए लगाए गए थे, जिनमें 783 मरीजों का उपचार हुआ तथा 507 पुरुषों और महिलाओं को निशुल्क चश्मे वितरित किए गए। वर्तमान वर्ष में तक अब तक 130 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें 15,945 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है। इनमें से छह शिविर आंखों के उपचार हेतु लगाए गए, जबकि आगामी दिनों में छह और नेत्र शिविर आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक गन्ना ओमवीर सिंह, इंजीनियरिंग हेड अभय शर्मा, एचआर हेड विवेक सिंह यादव, कारखाना महाप्रबंधक विजय कुमार गुप्ता, मनोज चौहान मौजूद रहे।

**सूचना**

मैंने हाईस्कूल की परीक्षा स्वामी कल्याण देव हाईस्कूल ग्राम साधारणपुर से अनुक्रमांक 1220526305 से वर्ष 2022 में उत्तीर्ण की थी। जिसका असल प्रमाण पत्र सह अंक पत्र प्राप्त हो गया था जो वास्तव में कहीं खो गया है।

**हितेश पुत्र दिनेश कुमार**
**निवासी ग्राम साधारणपुर**
**देवबन्द जिला सहारनपुर**

# नगर निगम का सबसे बड़ा बजट पारित

## मूल बजट 690 करोड़ 82 लाख 96 हजार में 145 करोड़ 11 लाख 03 हजार रुपये की बढ़ोत्तरी

**सहारनपुर।** महापौर डॉ.अजय कुमार की अध्यक्षता में आज नगर निगम कार्यकारणी ने नगर निगम सहारनपुर के इतिहास का सबसे बड़ा पुनरीक्षित बजट पेश किया। मूल बजट 690 करोड़ 82 लाख 96 हजार में 145 करोड़ 11 लाख 03 हजार की बढ़ोत्तरी करते हुए लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का 835 करोड़ 93 लाख 99 हजार का पुनरीक्षित बजट प्रस्तुत किया। बजट की एक विशेषता यह भी रही कि वार्डो के त्वरित विकास के लिए बजट में 30 करोड़ रुपये की अतिरिक्त व्यवस्था रखी गयी है।



लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी द्वारा प्रस्तुत पुनरीक्षित बजट में नगर निगम ने स्वअर्जित आय ( कर एवं करेत्तर राजस्व ) का लक्ष्य 76 करोड़ 55 लाख से बढ़ाकर 99 करोड़ 23 लाख 10 हजार रखा है। बजट में जहां निर्माण विभाग का बजट 276 करोड़ 40 लाख से दस करोड़ बढ़ाकर 286 करोड़ किया गया है वहीं जलकल विभाग का बजट 54 करोड़ 80 लाख से घटाकर 49 करोड़ 55 लाख किया गया है। यानि जलकल विभाग का बजट सवा पांच करोड़ कम किया गया है। कार्यकारणी द्वारा बजट पर चर्चा के बाद नगर निगम मे शामिल हुए 32 गांवों के विकास के लिए छह करोड़ रुपये अतिरिक्त धनराशि का प्रावधान भी किया गया।

कार्यकारणी ने सभी धर्मो के अंत्येष्टि स्थलों की चारदीवारी और हाईमास्ट लाइट के लिए भी चार करोड़ रुपये की व्यवस्था बजट में की है। महापौर डॉ. अजय कुमार ने डबनी वाला कब्रिस्तान के निकट स्थित तालाब के पास कुछ लोगों द्वारा किये जा रहे कब्जे के प्रयास को रोकने तथा कब्रिस्तान के बाहर अवैध रुप से डाले गए टीन शेड को भी हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कब्रिस्तान की जल निकासी की व्यवस्था करने के आदेश भी अधिकारियों को दिए।

इससे पूर्व पार्षद मंसूर बदर ने जानना चाहा कि स्वकर प्रणाली के जो फॉर्म भरवाए जा रहे है, क्या उनका सत्यापन भी कराया जायेगा ? उन्होंने 32 गांवों के लिए अलग से बजट रखने की भी मांग की। जबकि अभिषेक अरोड़ा टिंकू ने जीआईएस सर्वे टीम के एक ऑपरेटर पर गंभीर आरोप लगाते हुए टीम को सहानपुर से वापिस भेजने की मांग की। उन्होंने गौशाला का बजट बढ़ाने और गौशाला का विस्तार करने की भी मांग की। पार्षद राजेंद्र कोहली का कहना था कि अंबाला रोड की एक ही मार्किट में टैक्स की वार्षिक दरे अलग-अलग है।

पार्षदों की मांग पर नगरायुक्त ने शासन से आये मयूटेशन सम्बंधी नियमों को तत्काल लागू करने के निर्देश दिए। पार्षद फजलुर्रहमान, पार्षद आरती दिवाकर व सुलेख चंद ने भी अपने-अपने वार्डो के मुद्दे उठाये जिन पर नगरायुक्त शिपू गिरि तथा महापौर ने पार्षदों को कार्रवाई के आश्वासन दिए। कार्यसमिति की बैठक में अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव व मृत्युंजय, सहायक नगरायुक्त जे पी यादव, महाप्रबंध जल पुरुषोत्तम कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश चंद व एमएनएलपी सच्चिदानंद त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# आईएमटी में छात्रों को आगे बढने की दी प्रेरणा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में नवप्रवेशित छात्र छात्राओ के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ संस्था के चेयरमैन डॉ एस सी कुलश्रेष्ठ, निदेशक डॉ अंजू वालिया व नवप्रवे. शित छात्रों ने दीप प्रज्वलित कर किया।

संस्था चेयरमैन डॉ एस सी कुलश्रेष्ठ ने एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से छात्रों को जीवन में संघर्ष कर सफलता प्राप्त करने के बारे में बताया। उन्होंने अपने प्रेरणादायक भाषण में छात्रों को जीवन के प्रमुख अनुभवों को शेयर करते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

इस दौरान उनके द्वारा छात्रों से सवाल पूछे गए तथा जवाब देने वाले छात्रों को विभिन्न पुरस्कारों से पुरस्कृत किया गया। संस्था की निद. ेशक डॉ अंजू वालिया ने बताया कि संस्था के चेयरमैन डॉ एस सी कुलश्रेष्ठ प्रतिवर्ष छात्रों से रूबरू होकर उनमें एक नई ऊर्जा भर देते हैं। इसके पश्चात छात्र नए जोश के साथ आगे बढ़ने हेतु प्रेरित हो जाते हैं। कार्यक्रम में संस्था का समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# समस्याओं को लेकर किसानों का ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन (महाशक्ति) के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश प्रभारी रविंद्र त्यागी के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर किसानों की विभिन्न समस्याओं का समाधान कराए जाने की मांग की।



कलैक्ट्रेट में रविंद्र त्यागी ने कहा कि वर्तमान समय में गन्ना कोल्हुओं में पेराई प्रारंभ हो चुकी है, जिनमें गुड़ बनाने हेतु वास्तविक ईंधन के स्थान पर जूते-चप्पल, प्लास्टिक व अन्य कचरे का उपयोग किया जा रहा है। इससे भयंकर प्रदूषण फैल रहा है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ने का खतरा है। प्रशासन से इस संबंध में तुरंत कार्रवाई की मांग की गई है। उन्होंने आगे कहा कि ग्राम कोटा में पैदल पथ न होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। ग्राम के पूर्व दिशा में चार स्कूल स्थित हैं, जहां बच्चों व अभिभावकों का प्रतिदिन आना-जाना रहता है। इस विषय में उत्तर प्रदेश राज्य राजमार्ग प्राधिकरण को कई बार पत्राचार किया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्राम सिड़की में सहारनपुर मुजफ्फरनगर राज्य राजमार्ग (59) पर प्रकाश व्यवस्था का अभाव है, जिसके चलते चोरी जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं। ज्ञापन देने वालों में रविंद्र त्यागी, राजकुमार त्यागी, बिलाल अली, डॉ. सर्वेश शर्मा, तसव्वर, रशीद, प्रिया त्यागी, सुनीता देवी, मरगूब राव और राज सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

## चौपाल का आयोजन

**चिलकाना।** थाना महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम बरथाकायस्थ पठेड़ के पंचायत भवन में मिशन शक्ति फेज 05 अभियान के तहत चौपाल आयोजित करके महिलाओं को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

बुधवार को में मिशन शक्ति इंचार्ज महिला एसआई सुमन, महिला हेड कांस्टेबल ज्योति रानी द्वारा ग्राम सचिव बसंत कुमार व ग्राम प्रधान तबरेज अंसारी की उपस्थिति में ग्राम पंचायत भवन में महिलाओं की एक चौपाल आयोजित की गई। उक्त चौपाल में मौजूद सभी महिलाओं को मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत पंपलेट वितरित किये गए। वहीं विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में महिलाओं को जागरूक किया गया। इस दौरान महिलाओं को पुलिस हेल्पलाइन नंबर, वूमेन पावर लाइन नंबर, आपातकालीन पुलिस सेवा नंबर के बारे में भी बताया गया।

# विधायक चौ.किरत ने दी विकास की नई सौगात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** गंगोह विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई बयार बह रही है। बुधवार को विधायक चौधरी कीरत सिंह और पूर्व मंत्री डॉ. धर्म सिंह सैनी ने ग्राम दौलतपुर उर्फ चापरचिड़ी में विधायक निधि से निर्मित सड़कों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी और क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई।



लोकार्पण समारोह के दौरान मॉजूद भीड को संबोधित करते हुए विधायक कीरत सिंह ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सड़कों का मजबूत होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इन सड़कों के निर्माण से आवागमन आसान होगा और गांवों को विकास की नई दिशा मिलेगी। वहीं, पूर्व मंत्री डॉ. धर्म सिंह सैनी ने कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र की प्रगति की रीढ़ होती हैं। ये सड़कें शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापारिक गति. विधियों को नई गति प्रदान करेंगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार ग्रामीण विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और क्षेत्र में विकास कार्य लगातार जारी रहेंगे।

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सतपाल सिंह, प्रधान प्रेम चंद सैनी, पूर्व प्रधान त्रीसुपाल आर्य,जयपाल सिंह,निदौष सैनी, सुशील सैनी, कुलदीप उपाध्याय, संजीव कुमार, चौधरी सहसपाल, रवि सैनी मेघराज सैनी,संदीप कुमार,राजकुमार खेड़ी, नवीन खटाना,अनुज प्रधान, सुशील कोरी, पूर्व प्रधान पप्पू, बिलू धीमान ,प्रशात सैनी, सहित भारी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित रहे।

# यूपीपीसीएल की लापरवाही पर सीईओ ने जतायी नाराजगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** स्मार्ट सिटी सीईओध्नगरायुक्त शिपू गिरि ने कार्यदायी संस्था यू.पी.पी.सी.एल. के प्रतिनिधियों से नाराजगी जताते हुए कहा कि उनके कार्यो से संबंधित शिकायतों के समाधान हेतु निर्देश दिए जाने के बावजूद न तो किसी ठेकेदार पर कार्रवाई की गई है और न ही समस्याओं का समाधान हुआ है। उन्होंने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए यू.पी.पी.सी.एल. के चेयरमैन एवं संस्था के एम.डी. को पत्र लिखकर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए।



स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) शीपू गिरि आज यहां शाकुभरी सभागार में स्मार्ट सिटी की विभिन्न परियोजनाओं की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने यू.पी.पी.सी.एल. द्वारा पांवधोई नदी के किनारे बनाई जा रही रिटेनिंग वॉल के शेष कार्य को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में स्मार्ट सिटी की कार्यदायी संस्थाओं नगर निगम, मैसर्स आर.सी. सी., सी एंड डी.एस, यू.पी. नेडा, यू. पी.पी.सी.एल., यू.पी.आर.एन.एन., यू.पी.आर.एन.एस.एस, एन.ई.सी., एस.डी.ए. एवं हाइडल आदि के प्रति. निधियों ने हिस्सा लिया। सीईओ शीपू गिरि ने स्मार्ट सिटी की 103 परियोजनाओं में से जिनकी वित्तीय प्रगति पूर्ण हो चुकी है, उनका कार्यदायी संस्थाओं द्वारा ऑडिट कार्य शीघ्र पूरा कराने पर जोर दिया। उन्होंने अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप यादव को यू.पी. आर.एन.एन. द्वारा निर्मित किए जा रहे हैबिटेट सेंटर के कार्य का निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी द्वारा कार्यदायी संस्थाओं को दिए जाने वाले सेनेटेज की प्रक्रिया में पारदर्शिता रखी जाए। प्रत्येक कार्यदायी संस्था की फाइल की जांच कर यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य की गुणवत्ता में कोई कमी न की गई हो तथा कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया गया हो। यदि गुणवत्ता में कमी या देरी पाई जाए तो उस कार्यदायी संस्था के सेनेटेज में कटौती की जाए। बैठक में स्मार्ट सिटी टीम एवं कार्यदायी संस्थाओं द्वारा चल रही परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। समीक्षा बैठक में अपर नगरायुक्तध् अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप यादव, मुख्य अभियंता सुरेश चंद, जीएम (सिविल) दिनेश कुमार सिंघल, कंपनी सचिव शंकर तायल सहित विभिन्न विभागों के अधिशासी अभियंता, परियोजना प्रबंधक एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

# भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस मनाया

**सढौली कदीम।** बेहट भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नगर में श्रद्धा और भक्ति के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



वाल्मिकी सेवा समिति की महिला विंग द्वारा भारतीय संस्कृति के जन्मदाता सृष्टिकर्ता भगवान वाल्मीकि के प्रकटोत्सव के मौके कस्बे के मौहल्ला सड़कपार बाल्मीकि बस्ती में स्थित वाल्मीकि मंदिर में प्रात:काल में नित नेम का पाठ किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर धर्म, सत्य और मानवता के संदेशों का स्मरण किया। नित नेम पाठ के पश्चात ध्वजारोहण (झंडा कार्यक्रम) संपन्न हुआ, जिसमें समाज के वरिष्ठजनों और युवाओं ने संयुक्त रूप से भाग लिया। झंडारोहण के समय वातावरण "जय वाल्मीकि जी की" के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में बल्ली महाराज और गुलशन भारती ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन और उनके द्वारा रचित रामायण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि ने समाज को ज्ञान, समानता और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। इस दौरान आकांशा बिरला, प्रिया, नंदिनी, ज्योति, मिनाक्षी, मीनू, पूजा,मीनू, मोनिका, सुहानी, गोरी, अमृता, शिवानी आदि मौजूद रहे।

# चौपाल में महिलाओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने मिशन शक्ति फेज-5 के तहत ग्राम भोगपुर ग्राम बटन वाला ग्राम आलहेडी में महिला चौपाल का आयोजन किया।



इस कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं को सशक्तिकरण, आत्मरक्षा, और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। चौपाल में बीट महिला आरक्षी प्रीति ग्राम सचिव पुष्पेंद्र, ग्राम प्रधान अरविंद कुमार,आरक्षी सुरेखा ,और होमगार्ड सुमित ने हिस्सा लिया। उन्होंने महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन, सुमंगला योजना, और बाल कल्याण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा, गुड टच-बैड टच, बाल मजदूरी की रोकथाम, डिजिटल अरेस्ट, और साइबर फ्रॉड से बचाव के उपायों पर चर्चा की गई। महिलाओं को साइबर अपराधों से सतर्क रहने और संदिग्ध लिंक या कॉल से बचने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं की समस्याओं को सुना गया और त्वरित समाधान का आश्वासन दिया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर उन्हें चेतावनी भी दी गई। इस पहल ने महिलाओं में जागरूकता और आत्मनिर्भरता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## पतंग के चक्कर में छत से गिरकर बालक की मौत

**गंगोह।** मंगलवार की शाम कटीं पतंग पकड़ने के चक्कर में एक बालक की संतुलन बिगड़ने से छत से गिरने से दर्दनाक मौत हो गई।

गांव सांगाठेड़ा निवासी 13 वर्षीय बालक आसकीन पुत्र महबुब घर की छत पर पतंग उड़ा रहा था। पतंग कट जाने पर वह तेजी से कटी पतंग पकड़ने के लिए उसके पीछे भागा, मगर भागते समय उसका संत. ुलन बिगड़ जाने से वह दो मंजिली बिल्डिंग से नीचे आ गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। बालक को तुरंत निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया। जहां जांचोपरांत डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बालक की मौत से मच गया। मां व बहनों का रोरो कर बुरा हाल है। देर सायं बेहद गमगीन माहौल में उसे सुपुर्दे खाक कर दिया गया।

# सोफिया इन्टरनेशनल स्कूल की टीम ने जीता खिताब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** सोफिया इंटरनेशनल स्कूल में जिला स्तरीय अन्तर विद्यालय वॉली बाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे सोफिया इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने जिला स्तरीय खिताब जीत कर ट्राफी अपने नाम की।



प्रतियोगिता में सोफिया इंटरनेशनल स्कूल की टीम के साथ साथ, जी आर डी एकेडमी, एक्मे ग्लोबल स्कूल, सेंट मैरी एकेडमी, आर डी इंटरनेशनल स्कूल, के एल जी पब्लिक स्कूल,ज्ञान कलश इंटरनेशनल स्कूल, खालसा पब्लिक स्कूल, हरि इंटरनेशनल स्कूल, सेंट जोसेफ स्कूल, दून प्राइड स्कूल, दून हिल्स एकेडमी, कैम्ब्रिज इंटरनेशनल स्कूल समेत 13 विद्यालयों ने प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें के एल जी पब्लिक स्कूल, आर डी इंटरनेशनल स्कूल, कैम्ब्रिज इंटरनेशनल स्कूल और सोफिया इंटरनेशनल स्कूल की टीम सेमीफाइनल में पहुँची। सेमीफाइनल में बहुत ही रोमांचक तरीके से सोफिया इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने फाइनल में अपना स्थान बनाया। आर डी इंटरनेशनल स्कूल और सोफिया इंटरनेशनल स्कूल के बीच हार और जीत का फाइनल मैच बहुत ही रोमांचक हुआ। जिसमें सोफिया इंटरनेशनल स्कूल ने 13-15, 15-13,15-13 अंकों के साथ जिला स्तरीय अन्तर विद्यालय वॉली बॉल प्रतियोगिता अपने नाम की।

आर डी इंटरनेशनल स्कूल की टीम प्रथम रनर अप और कैम्ब्रिज इंटरनेशनल स्कूल की टीम तृतीय स्थान पर रही। अविरल को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी से नवाजा गया। कोच दीपांशु, प्रदीप कुमार विपिन कुमार आदि मौजूद रहे। मुख्य अतिथि दिव्य जैन द्वारा विजेता टीम सहित द्वितीय और तृतीय स्थान पर रही टीम और मैन ऑफ द मैच को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगी टीमों के प्रयासों की प्रशंसा की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता मुख्य रुप से चेयरमैन कोणार्क चौधरी, प्रधानाचार्य मनोज कुमार अवस्थी, कॉर्डिनेटर अर्पिता विजान,राजेश कुमार,केशव अग्रवाल, किरण, स्वाति, पूनम, रजनी, वैशाली, सुनीता, बंदना, निधि, हेमा, शगुन, पारुल, शिवानी, मीनाक्षी, गरिमा, सोनिया, पूजा, शिवांशु, अभिषेक, रमन, अजय, सौरभ, दलजीत, प्रदीप, रोहित आदि उपस्थित रहें।

# जीएसटी रिफॉर्म जनता के लिए उपहार: निम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** विधायक देवेंद्र निम ने कहा कि जीएसटी रिफॉर्म व्यापारियों व आम जनता के लिए उपहार साबित हुआ है। इससे अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।



बाईपास रोड स्थित रॉयल पैलेस में आयोजित जीएसटी कार्यशाला/सम्मेलन में पहुँचे विधायक देवेंद्र निम का व्यापारियों ने भव्य स्वागत किया।संबोधित करते हुए विधायक देवेंद्र निम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता अद्भुत है।जीएसटी की दरों में कमी से बड़ा बदलाव हुआ है।इससे न केवल व्यापारियों को बल्कि आम जनता को भी बड़ी राहत मिली है।आम जनता के लिए महंगाई का बोझ कम हुआ है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस कदम से अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी जो भारत को आत्मनिर्भर भारत बनाने के लक्ष्य को सशक्त बनाएगी।

भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र सैनी ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार हो राज्य सरकारें सभी का एकमात्र उद्देश्य आम जनता,किसान, व्यापारियों के कल्याण के लिए कार्य करना है। भाजपा सरकार आने के बाद देशवासियों के जीवन में खुशहाली बढ़ी है।

इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री वीरेंद्र पुंडीर, पूर्व चेयरपर्सन प्रतिनिधि प्रदीप चौधरी,पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष नवीन गुप्ता, संदीप मित्तल, संजीव मित्तल, नितिन छाबड़ा,सरदार परमिंदर सिंह, राजेश गोयल, मदन अग्रवाल, रवि गुप्ता, अब्दुल गफ्फार, महबूब चौधरी, ऋषभ सिंघल आदि बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## त्रैमासिक बैठक का आयोजन

**चिलकाना।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पटनी में प्रथम त्रैमासिक संकुल बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद सके छह विकास क्षेत्र से आए हुए खंड शिक्षा अधिकारी, एआरपी शिक्षक संकुल ने प्रतिभाग किया।

बुधवार को आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डायट प्राचार्य व जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर अरविंद कुमार पाठक ने कहा कि प्रत्येक अध्यापक को शिक्षक संदर्शिका का निरंतर सप्ताहवार, तिथिवार व कालांशवार उपयोग करना चाहिए। निपुण भारत मिशन अपने लक्ष्यो को प्राप्त करने के अंतिम दौर में है। उन्होंने कहा कि नवंबर 2025 व फरवरी 2026 में डाइट प्रशिक्षुओ के द्वारा थर्ड पार्टी निपुण असेसमेंट किया जाएगा। इसलिए निरंतर निपुण प्लस एप के माध्यम से आकलन व निपुण तालि. का में तिथि अंकित की जानी चाहिए।

# अनुष्का बनी एक दिन की एसडीएम



**नकुड़।** के.एल.जी.एम. इंटर कॉलेज नकुड़ की कक्षा 12 की छात्रा अनुष्का पुत्री सुनील कुमार को बुधवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत एक दिन का उपजिलाधिकारी बनाया गया। अनुष्का ने तहसील पहुंचकर अधिकारियों संग बैठकों में भाग लिया और जनसमस्याओं का समाधान किया।

वास्तविक उपजिलाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने अनुष्का का स्वागत करते हुए मिशन शक्ति कार्यक्रम की उपयोगिता और बालिकाओं के सशक्तिकरण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन बालिकाओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य कैप्टन गौरव मिश्रा, वरिष्ठ प्रवक्ता संध्या सिंह, सुभाष गुप्ता और अरुण वत्स ने छात्रा को सम्मानित करते हुए कहा कि अनुष्का जैसी बेटियां समाज के लिए प्रेरणा हैं। अनुष्का ने कहा कि यह अनुभव उनके जीवन का अहम क्षण है और अब वह सच्चे अर्थों में एसडीएम बनकर समाज सेवा करना चाहती है।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र पंकज को गलत आचरण व नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**विक्रम सिंह पुत्र दलमीर सिंह निवासी ग्राम शेरपुर गुर्जर, थाना रामपुर मनिहारान, जिला सहारनपुर।**

# 10 से 15 अक्टूबर तक होगा जैन गजरथ महोत्सव

## जिलाधिकारी मनीष बंसल ने महोत्सव की तैयारियों के लिए जैन समाज के लोगों संग की बैठक, दिए दिशा निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** 10 अक्टूबर को होने वाली वार्षिक जैन गज रथ महोत्सव यात्रा को निर्विघ्न ढंग से संपन्न करने के लिए जिलाधिकारी मनीष बंसल ने विभिन्न विभागों और जैन समाज के लोगों के साथ बैठक की की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



10 अक्टूबर को जैन समाज की जैन वार्षिक गजरथ महोत्सव यात्रा निकालनी है यह यात्रा छ दिवसीय होती है। इस यात्रा को निर्विघ्न और भव्य ढंग से उत्साह पूर्वक संपन्न करने के लिए जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के साथ जैन समाज के पदाधिकारी संग बैठक की बैठक में बिजली विभाग को जर्जर तारों को बदलने और जो तारे नीचे या झूल रही हैं जर्जर है उनको सही करने के निर्देश जारी किया तो वही नगर निगम को सड़क मार्ग बिल्कुल दुरुस्त करने के आदेश दिए पेयजल व्यवस्था पर भी ध्यान दिया गया इसके अलावा यातायात को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए चिकित्सा सुविधा को भी इस संबंध में निर्देश दिए गए इसके अलावा कई विभाग के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

आपको बता दें कि 10 अक्टूबर को जैन वार्षिक हजरत महोत्सव यात्रा जैन बाग वीर नगर मंदिर जिसे प्रारंभ होकर श्री दिगंबर जैन कॉलोनी चिल. काना रोड जैन बाग रायवाला रानी बाजार हलवाई हट्टा सराफा बाजार नया बाजार चौक फावारा मोरगंज बडतला यादगार रानी बाजार से होते हुए वापस जैन बाग स्थित जैन मंदिर की में पहुंचेगी जहां पर श्रीजी का अभिषेक होगा वही 14 अक्टूबर को जल कलश यात्रा चिलकाना रोड स्थित नवनिर्मित लार्ड महावीर अकैडमी में जाएगी जहां से बाद में वापसी जैन बाग आएगी तो वहीं 15 अक्टूबर को यात्रा एक बार फिर भव्य ढंग से नगर मार्गों पर रहेगी। जैन समाज के अध्यक्ष राजेश कुमार जैन ने कहा कि हम जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों और उठाए गए इसके लिए कदम को लेकर बेहद प्रसन्न है यह सभी व्यवस्था अगर सुचारू रूप से लागू हो जाती हैं तो निश्चित रूप से जैन समाज को इससे बहुत लाभ होगा। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी ने सुरक्षा और यातायात के लिए भी निर्देश जारी कर दिए हैं वहीं अधिकारियों को भी मौके पर जाकर व्यवस्था देखने के लिए कहा है जैन समाज के संरक्षण और भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि हमारे लिए यह बड़े गौरव की बात है कि जैन समाज की यह वार्षिक गजरथ यात्रा पूरे वर्ष में एक बार निकलती है और 6 वर्षीय यात्रा होती है इसमें सकल जैन समाज प्रतिभाग करता है और यह 6 दिन हमारे लिए बड़े ही उत्साह से परिपूर्ण होतेहैं।

मीटिंग में सीडीओ सुमित महाजन अपर जिलाधिकारी संतोष बहादुर सिंह एसपी सिटी ब्यूम जिंदल सिटी अपर नगर आयुक्त प्रदीप यादव मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह सभी विभागो के अधिकारियों सहित जैन समाज के प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# जम्मू कश्मीर में भी खेल को बढ़ावा देगा रालोद: चौ. नीरपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** तीन दिवसीय दौरे पर जम्मू कश्मीर पहुंचे राष्ट्रीय लोक. दल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि जम्मू कश्मीर में भी रालोद खिलाडियों को प्रोत्साहन देगा।

राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित चाड़ओरा में क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करने पहुंचे खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह का राष्ट्रीय लो. कदल खेल प्रकोष्ठ के श्रीनगर प्रभारी इश्फाक हमीद भट्ट व उनकी टीम ने श्रीनगर पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। उन्होने कहा कि खेल हमारे अमूल्य जीवन का अहम हिस्सा है। खेलो से मानसिक, शारीरिक विकास होता है। खेल हमें अनुशासन सिखाता है, खेलो के माध्यम से बच्चों का भविष्य संवारा जा सकता है। हमारे नेता केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी भी युवाओं को खेलो में आगे बढ़ाने के लिए बड़े स्तर पर प्रयास कर रहे हैं। इसलिए आज देश का युवा राष्ट्रीय लोकदल से बड़े पैमाने पर जुड़ रहा है। चौधरी नीरपाल सिंह ने कहा कि जम्मू कश्मीर में भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित, सम्मानित किया जाएगा।

## कोतवाली में मायके पक्ष का हंगामा

**नकुड़।** विवाहिता के साथ मारपीट के मामले में नामजद आरो. पियों पर कार्यवाही न होने से नाराज मायके पक्ष के लोगों ने बुधवार को कोतवाली पहुंचकर जमकर हंगामा किया। उन्होंने पुलिस पर दहेज के आरोपियों को बचाने का गंभीर आरा. प लगाए।

भाजपा नेता अनिल सैनी के नेतृत्व में गांव हसनपुर, लद्देबांस, जुड्डी, सुरुपुरतगा उर्फ नीची नकुड़ निवासी सेठपाल, सन्नी, वतन सिंह, कीर्ती सिंह, बालेश सैनी, सुखबीर सिंह, नीटू सैनी, मांगेराम चौधरी, जयकरण सिंह, नवाब (छापुर), महिपाल सिंह, सेठपाल आदि ने कोतवाली पहुंचकर आरोप लगाया कि कोतवाली पुलिस दहेज लोभी नामजद आरोपियों को संरक्षण दे रही है, तथा प्रकरण में अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

# निगम की जमीनों पर बनें स्कूल व अस्पताल: टिंकू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम कार्यकारिणी बैठक में समाजवादी पार्टी के पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति पर जोर दिया।



टिंकू अरोडा ने कहा कि एक फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर एक फर्म के द्वारा पिछले कई महीने से करोड़ों रुपए के कार्य किए जा रहे है पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा की शिकायत पर जांच कमेटी बनाई गई थी जांच कमेटी में जांच के उपरांत उस पत्र को फर्जी घोषित कर दिया गया लेकिन फिर भी जलकल अनुभव नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा ना ही तो ब्लैक लिस्ट की कार्रवाई की गई और ना ही कोई वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई गई है। लगातार वो टेंडर प्रक्रिया में भाग ले रहा है उसे तत्काल ब्लैक लिस्ट कर वैज्ञानिक कार्रवाई करने की मांग की गई। टिंकू अरोड़ा ने गाजियाबाद नगर निगम की तर्ज पर जैसे नगर निगम ने अपनी जमीनों पर स्कूल इंटर कॉलेज और अस्पताल बना रखे हैं वैसे ही सहारनपुर नगर निगम भी सहारनपुर जनता के हित में अस्पताल और कॉलेजो का निर्माण कार्य जल्द से जल्द करवाये जिससे नगर की जनता को लाभ मिल सके इसके अलावा प्रमुखता से जी आई सर्वे को लेकर टिंकू अरोड़ा ने कहा कि सर्वे के माध्यम से नगर निगम टैक्स विभाग के कर्मचारी नगर की जनता का उत्पीड़न कर रहे हैं जिस किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# आर्थिक रूप से सशक्त होगा देश: जसवंत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि देश को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से स्वदेशी को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि देश की जनता आर्थिक रूप से सशक्त बन सके।



मंत्री जसवंत सैनी दिल्ली रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने जीएसटी दरों में कटौती कर आम जनता को बड़ी राहत दी है। सरकार ने महसूस किया कि कुछ वस्तुओं पर जीएसटी की दरों में कमी आवश्यक है, इसलिए इसमें संशोधन किया गया। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो जीएसटी दरों में और कमी की जा सकती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना आत्मनिर्भर भारत का है, जिसके लिए स्वदेशी को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। युवाओं की मेहनत और लघु एवं मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहित कर देश को औद्योगिक रूप से मजबूत बनाया जा रहा है।

एक सवाल के जवाब में मंत्री सैनी ने कहा कि विपक्ष केवल खामियां निकालने में लगा है, जबकि केंद्र सरकार हर व्यक्ति तक राहत और सहायता पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि स्वदेशी को घर-घर पहुंचाना ही सरकार का लक्ष्य है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी मांगेराम, नगर विधायक राजीव घूमर, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सैनी, महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई, मेयर डॉ. अजय सिंह, पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य मेला राम पवार, डीसीडीएफ अध्यक्ष सोनेन्द्र राणा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# डा. धर्मसिंह व साहिल ने काटा फीता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** मानवता की मिसाल पेश करते हुए विवेक चौहान मेमोरियल ट्रस्ट नकुड़ द्वारा आयोजित 19वे रक्तदान शिविर में नगर व आसपास के 62 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर में सुबह से ही युवाओं और समाजसेवियों का उत्साह देखने लायक था।

रक्तदान शिविर का शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. धर्म सिंह सैनी, युवा नेता साहिल खान और अजीत चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर में रक्त संग्रह का कार्य जिला अस्पताल की विशेषज्ञ टीम ने संभाला। आयोजन को सफल बनाने में देवेंद्र चौहान, डॉ. अमित चौहान, चंद्रशेखर मित्तल, संतोष शर्मा, राशिद खान, नौशाद अब्बासी, जसवीर कश्यप, ठा. नैनपाल सिंह, ईश्वर चंद्र फौजी, सुमित सैनी और पूर्व सभासद शमशाद खान की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी सुरेंद्र कुमार, भाकियू (भानू) के जिलाध्यक्ष राजू माजरा, और कांग्रेस नेता वीरसेन योगी भी उपस्थित रहे। ट्रस्ट सदस्यों ने कहा कि नियमित रक्तदान से न सिर्फ जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है, बल्कि यह सामाजिक एकता और मानवता को मजबूत करने का प्रतीक भी है।

# लड़कियों के साथ लड़कों को भी करना होगा जागरूक: अभिषेक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महानगर की प्रमुख शिक्षण संस्था पाइनवुड स्कूल में मिशन शक्ति 05 के अन्तगर्त आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने डीआईजी. अभिषेक सिह के नेतृत्व में छात्राओं को विभिन्न हैल्पलाइन नंबर व साइबर क्राइम के प्रति जागरुक किया।



दिल्ली रोड स्थित पाइनवुड स्कूल के सभागार में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम का शुभारम्भ सहारनपुर परिक्षेत्र के डी.आई.जी. अभिषेक सिंह, पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल, पुलिस अधीक्षक यातायात सिद्धार्थ वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी रुचि गुप्ता, पुलिस क्षेत्राधिकारी नकुड़ अशोक कुमार सिसोदिया, प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसाइटी के संयोजक सुरेन्द्र चौहान, पाइनवुड स्कूल की डायरेक्टर श्रीमति संतोष गुप्ता व प्रधानाचार्य डा. संजीव जैन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। डी.आई.जी. अभिषेक सिह में कहा कि बालिकाओं को इन कानूनों के प्रति जागरूक करने के साथ ही लडको को भी इसकी जानकारी देनी चाहिए ताकि महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके। एसपी सिटी व्योम विन्दल ने छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम के प्रति जागरुक किया। एसपी कि यातायात सिद्धार्थ वर्मा ने मिशन शक्ति अभियान पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न हैल्प लाइन नंबरों के साध ही सरकार द्वारा महिला कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसाइटी के संयोजक सुरेन्द्र चौहान ने कहा कि सोसाइटी से जुड़े विभिन्न स्कूलों कॉलेजों में भी इस तरह के अभियान चलाये जा रहे है ताकि छात्राओं को मिशन शक्ति के बारे में जागरूक कर उनके साथ होने वाली घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। स्कूल के की डायरेक्टर सन्तोष गुप्ता एवं प्रधानाचार्य डॉ. सजीव जैन ने सभी अतिथियों का आभार जताया। डीआईजी अभिषेक सिंह ने बाल मनोवैज्ञानिक आंचल बाजार को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का संचालन व वरिष्ठ रंगकर्मी राकेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम में मदर टेरेसा नर्सिंग कॉलेज के संस्थापक एस एस राणा, रामपुर कोतवाली प्रभारी सत्येंद्र नागर, महिला थाना प्रभारी बबीता तोमर, थाना साइबर क्राइम के एसआई साबिर अली, एसआई मंजू शर्मा, निरीक्षक सनुज यादव के अलावा मदर टेरेसा नर्सिंग कॉलेज की शिक्षिका एवं छात्राएं मौजूद रही।

## धरना स्थल पर पहुंचे मिल प्रशासन के अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** शाकम्भरी शुगर मिल टोडरपुर पर किसानों के बकाया भुगतान को लेकर चल रहे धरने को आज लगातार ग्यारह दिन हो गए हैं। बढ़ती ठंड व कठिन परिस्थितियों के बावजूद भी किसानों का हौसला अडिग नजर आ रहा है और अपनी मांगों को लेकर धरनास्थल पर डटे हुए हैं।

बुधवार को धरना स्थल पर किसानों के बीच मिल प्रबंधन के पर्सनल ऑफिसर नायब सिंह पहुंचे। उन्होंने से किसानों से वार्ता कर भरोसा दिलाया कि मिल मालिक किसानों के भुगतान की व्यवस्था करने में जुटे हुए हैं और मिल को शीघ्र बेचने का प्रयास भी जारी हैं। फैक्ट्री चलने के लिए लगभग तैयार है, केवल कुछ तकनीकी कमियाँ रह गई हैं जो कि जल्द ही पूरी की जाएँगी। किसानों का भुगतान सुरक्षित है और शीघ्र दिया जाएगा। हालाँकि किसानों ने दो टूक कहा कि वह अब केवल वायदों से नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई और निश्चित भुगतान तिथि चाहते हैं। किसानों ने चेतावनी दी कि जब तक भुगतान की वास्तविक प्रक्रिया शुरू नहीं होती तब तक धरना जारी रहेगा।

इस दौरान चौ. सितम सिंह, चौ. देवी सिंह, चौ. ताहिर चेयरमैन, चौ. जाबिर हसन, सतीश शर्मा, हाजी मुकर्रम, चौ. हाशिम, कय्यूम प्रधान, चौ. अशरफ अली, श्याम कंबोज, चौ. आकिल, डॉ. मेघराज, इंतजार गौर, चौ. नारायण चेयरमैन, अनिल सैनी, डॉ. कुलदीप, राजेश चेयरमैन एवं अन्य किसान मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# समाजवादी पार्टी के रक्तदान शिविर में 130 यूनिट रक्तदान







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी की प्रदेश सचिव रूही अंजुम द्वारा सपा दिग्गजों की अगुवाई में लगाये गये रक्तदान शिविर में 130 यूनिट रक्तदान एकत्र किया गया। एकत्र किया गया रक्त थेलेसिमिया से पीडित बच्चों को नया जीवन प्रदान करेगा।

सडक दूधली में लगाये गये रक्तदान शिविर में कैराना सांसद इकरा हसन, राष्ट्रीय महासचिव चौ.रूद्रसेन, सपा लोहिया वाहिनी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव, पूर्व मंत्री काजी शायान मसूद, वरिष्ठ नेता साहिल खान की विशेष मौजूदगी रही।

सांसद इकरा हसन ने रक्तदान शिविर के लिये आयोजन रूही अंजुम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे शिविर सामाजिक समरसता को बढावा देने में कारगार होते है। समाज के लिये रक्तदान से बेहतर कोई माध्यम नहीं है। राष्ट्रीय महासचिव चौ.रूद्रसेन ने कहा कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों पर चलते हुए रूही अंजुम द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन कर समाज को नई दिशा देने का काम किया गया है।

सपा लोहिया वाहिनी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव ने आयोजन के लिये रूही अंजुम को शुभकामनाएं देते कहा कि उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव व राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों को धरातल पर उतारने का काम किया है। पूर्व मंत्री काजी शायान मसूद ने कहा कि रक्तदान से बडी कोई सेवा नहीं है। एक व्यक्ति के रक्तदान से तीन लोगों की जिंदगी बच सकती है।

वरिष्ठ नेता साहिल खान ने कहा कि रक्तदान शिविर आपसी एकता व देशभक्ति की भावना को दर्शाते है। आपसी समन्वयता के साथ आयोजित शि. विर न केवल लोगों को धर्म जाति की भावना से ऊपर उठकर जाने का संदेश देता है, बल्कि भावी पीढी को भाईचारे की प्रेरणा भी देता है। आयोजक रूही अंजुम ने कहा कि थेलेसिमिया से पीडित बच्चों के लिये रक्त एकत्र कर उन्हें नई जिंदगी देना समाजसेवा का एक बेहतरीन माध्यम है।

इस दौरान ब्यूटीशियन फराह खान, रूही अंजुम के पति मारूफ खान, प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष अनुज, प्रवेज मलिक, डा.मंसूफ, इंतखाब आजाद आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# एक दिन की एसडीएम से मिले एमएलसी शाहनवाज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एक दिन की एसडीएम सदर बनी मुगल माजरा की बेटी शोयबा इंतजार से सपा एमएलसी शाहनवाज खान ने मुलाकात करते हुए लोगों की समस्याओ से अवगत कराते हुए उनके निस्तारण की मांग की।

एक दिन की एडीएम सदर बनाई गई शोयबा इंतजार मुगल माजरा के रहने वाले इंतजार की बेटी और एडवोकेट तारिक इंतजार की बहन है। उनके एक दिन के लिये एसडीएम सदर बनते ही सबसे पहले सपा एमएलसी शाहनवाज खान लोगों की समस्याएं लेकर उनके पास पहुंचे। जहां उन्होंने लोगों की समस्याएं बताकर उनके समाधान की मांग की। जिस पर शोयबा इंतजार ने अधिनस्थों को बुलाकार समस्याओं के समाधान के निर्देश दिये। इस दौरान अमजद महमूद, अदनान चौधरी, जुबैर खान, मैनपाल राणा, तारिक एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

## भगवान वाल्मीकि जयंती मनाई, निकाली शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** भगवान वाल्मीकि कि जयंती समारोह पर समाजसेवी विवेक नामदेव ने फीता काटकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया

नगर में भगवान वाल्मीकि कि शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा वाल्मीकि मंदिर से रवाना हुई यात्रा से पूर्व पूर्व डीसीडीएफ चौयरमेन कृष्ण कुमार पुंडीर व भाजपा नेता विवेक नामदेव ने फीता काट कर शुभारंभ किया शोभायात्रा में शामिल झांकियों ने मन मोहा यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होकर रात्रि में महर्षि वाल्मीकि मंदिर पर जाकर संपन्न होगी। इस दौरान राहुल वाल्मीकि, गोपाल वाल्मीकि,हरीष, रोबिन, विक्की, अरूण, अमन, सुशील, संदीप, अक्षय, सन्नी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे

# देशभक्ति व सेवा का सुंदर संगम: डा.मनीष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय वायुसेना दिवस के उपलक्ष में फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट द्वारा 229वाँ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 121 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।



आज बेहट कस्बे में ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज कुमार पाँचाल ने बताया कि फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट का उद्देश्य सहारनपुर को 100 प्रतिशत स्वैच्छिक रक्तदान वाला जनपद बनाना है। आज वायुसेना दिवस पर यह शि. विर देशभक्ति और जनसेवा का सुंदर संगम है, जहाँ लोगों ने अपने रक्त के माध्यम से जीवनदान का संकल्प लिया। शिविर संयोजक डॉ मनीष सैनी ने कहा कि युवाओं की सहभागिता इस बात का प्रमाण है कि समाज में सेवा की भावना निरंतर बढ़ रही है। हर तीन माह में नियमित रक्तदान कर हम अनेक जिंदगियाँ बचा सकते हैं। विशेष सहयोगी रमन शर्मा ने कहा कि रक्तदान ऐसा महादान है जिसका कोई विकल्प नहीं। फैक्ट्री या प्रयोगशाला में रक्त नहीं बनाया जा सकता, यह केवल इंसान ही इंसान को दे सकता है। उन्होंने खुद्द भी रक्तदान कर संदेश दिया कि वायुसेना दिवस के अवसर पर इस शिविर ने देशभक्ति की भावना को और सशक्त किया है।

रक्तदान शिविर में भोला सैनी, डा विवेक सैनी, रीता गुप्ता, मोहिनी सैनी, शालू मित्तल, आशीष, शांतनु आदि ने भाग लिया।

**किसान सहकारी चीनी मिल्स लि., नानौता (सहारनपुर)**

पत्रांक civil/2043/C दिनांक 8/10/25

**-अल्पकालीन निविदा सूचना-**

समस्त अनुभवी ठेकेदारों से मिल के विभिन्न सिविल सम्बन्धित कार्यों हेतु दिनांक 11.10.2025 तक निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनाक 10.10.2025 से 11. 10.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में रू 100. 00 प्रति निविदा जी.एस.टी सहित जमा कर प्राप्त किये जा सकते है. अन्य नियम व शर्तों के सम्बन्ध में सिविल कार्यालय से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। अधोहस्ताक्षरी को एक या समस्त निविदाये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**(अंकित कुमार)**
**पी.सी.एस.**
**प्रधान प्रबन्धक**

# सम्पादकीय

गुरुवार, 9 अक्टूबर 2025

## यह स्मार्ट तरीका नहीं

हालांकि राजस्थान की जोधपुर जेल में बंद जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने उनसे मुलाकात कर कुशल क्षेम पूछी। श्रीमती अंगमो की यह मुलाकात उच्चतम न्यायालय के श्री वांगचुक की तत्काल रिहाई की मांग वाली उनकी याचिका पर केंद्र और लद्दाख प्रशासन को नोटिस जारी करने के एक दिन बाद हुई। इस मुलाकात के दौरान उनके साथ वकील रीतम खरे भी थे, लेकिन इसी बीच जानकारों ने कहा कि सुशासन और लोकतंत्र का आधार यह है कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मसलों के हल के लिए पर्याप्त लचीलापन और साधन प्रदान करता है। शासन में ज्यादा स्वायत्तता की वैध मांग के रूप में शुरू हुई समस्या से निपटने का स्मार्ट तरीका यह नहीं है कि शांतिपूर्ण ढंग से असहमति दिखानेवालों की एहतियाती हिरासत की इजाजत देने वाले कानूनों का दुरुपयोग किया जाए, बल्कि यह है कि इसके निवारण का रास्ता खोजा जाए। इसका यह मतलब नहीं है कि लद्दाख में राज्य के दर्जे और छठवीं अनुसूची के लिए प्रदर्शनों के दौरान हिंसा और आगजनी में संलिप्त रहे लोगों को कानून से बच निकलने दिया जाए। इसके बावजूद, इन प्रदर्शनों की प्रतिक्रिया में जलवायु एक्टिविस्ट और समाज सुधारक सोनम वांगचुक की राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत हिरासत गलत है। वांगचुक लद्दाख की वैध लोकतांत्रिक आकांक्षाओं के निरंतर और शांतिपूर्ण पैरोकार रहे हैं। पूरे लेह और कारगिल जिलों, साथ ही तमाम धार्मिक, जातीय (एथनिक) और राजनीतिक पहचानों ने इन आकांक्षाओं के साथ जुड़ाव दिखाया है। लद्दाख की पर्यावरणीय और आजी. विका-संबंधी चिंताओं से निपटने की खातिर विधायिका के लिए सतत आंदोलन के साथ, उनके द्वारा अहिंसक असहमति का सहारा लेना, आजादी के आंदोलन के दौरान और उसके बाद स्थापित भारतीय राजनीति के ऐतिहासिक मिजाज के अनुरूप है। भारतीय राज्य की सुरक्षा को उत्पन्न खतरे का मुकाबला करने के लिए बने कानून का इस्तेमाल शांतिपूर्ण ढंग से असहम. ति जताने वाले व्यक्ति के खिलाफ करना, लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति के लिए समस्याजनक असहिष्णुता को सामने लाता है। हालिया फैसलों में, सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि कानून और व्यवस्था के मसले और लोक व्यवस्था के लिए खतरे के बीच साफ-साफ अंतर किया जाना चाहिए। एनएसए लोक व्यवस्था के लिए है, जिसके दायरे में वो कृत्य आते हैं जो समुदाय की समरसता में खलल डालते हैं। ऐसा कोई सबूत नहीं है, जिससे वांगचुक के एक्टिविज्म के इस मापदंड तक पहुंचने का पता चलता हो। ऐसा लगता है कि केंद्र अपने दिमाग का इस्तेमाल करने और यह दिखाने के लिए कि उनकी कार्रवाइयां ह्लोक व्यवस्था के लिए सचमुच खतरा थीं, सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपेक्षित आवश्यक व्यक्तिपरक संतुष्टि तक पहुंचने में नाकाम रहा। केंद्र की प्रतिक्रिया ने साफ तौर पर, असहमति को राजद्रोह जैसे कृत्यों से जोड़ने की कोशिश की है। वांगचुक का मामला इकलौता नहीं है, अतीत में असहमति का गला घोंटने और सामान्य प्रक्रिया को दरकिनार करने के लिए इसी तरह के कानूनों का इस्तेमाल किया गया, जैसा कि भूतपूर्व जम्मू एवं कश्मीर के विशेष दर्जे के समापन के बाद कश्मीरी राजनीतिज्ञों की हिरासत के मामले में देखा गया।

## आजम खान समाजवादी पार्टी के दरख्त



2027 में सपा सरकार बनने जा रही है और पीडीए की आवाज बुलंद होगी, कोई कल्पना कर सकता है कि सुप्रीम कोर्ट में जज साहब के ऊपर जूता फेंका गया हो या जूता निकल गया हो, आज मैं आजम खान साहब का हाल जानने आया था, क्योंकि मैं जेल मिलने नहीं पहुंच पाया था और अब हम लगातार मिलते भी रहेंगे, आजम खान समाजवादी पार्टी के दरख्त हैं, इनकी गहरी जड़ें हैं, आजम खान पर जितनी भी झूठे मुकदमे लगे हैं, वह सब सपा सरकार में वापस लिए जाएंगे, आजम खान यूनिवर्सिटी में अच्छा काम कर रहे हैं , जो यूनिवर्सिटी को बर्बाद कर रहे हैं, वह समाज में हर चीज को बर्बाद कर रहे हैं , 2027 में भारतीय जनता पार्टी को जनता हटाने जा रही है, 2027 में जनता आगे होगी भारतीय जनता पार्टी पीछे दिखाई देगी।

**अखिलेश यादव**
**सपा अध्यक्ष**

# जल संकट का विज्ञान और समाधानः रुड़की से उठी वैश्विक आहट

## जलवायु परिवर्तन के दौर में जल प्रबंधन ही मानवता की सबसे बड़ी परीक्षा बन गया है





मौ. फहीम (तन्हा)

पानी-धरती पर जीवन की पहली और सबसे स्थाई शर्त पर आज यही पानी हमारी सभ्यता के लिए सबसे गंभीर संकट बनता जा रहा है। जलवायु परिवर्तन, जनसंख्या वृद्धि और असंतुलित विकास ने वह परिस्थिति पैदा कर दी है जहां जल ही जीवन नहीं, संघर्ष का कारण भी बन चुका है। ऐसे दौर में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय जल विज्ञान संघकी बारहवीं वैज्ञानिक सभा केवल एक सम्मेलन नहीं, बल्कि एक चेतावनी और अवसर, दोनों का प्रतीक है।

### ज्ञान का संगम और संवाद की आवश्यकता

इस वैश्विक सभा में 49 देशों के 627 वैज्ञानिक और नीति निर्माता एक मंच पर जुटे। 682 से अधिक शोध प्रस्तुतियां इस बात का प्रमाण हैं कि विज्ञान जल संकट को केवल 'प्रकृति की समस्या' नहीं, बल्कि 'मानव-निर्मित चुनौती' के रूप में समझने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उत्तराखंड के मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन का यह कथन कि 'जल विज्ञान जलवायु परिवर्तन के प्रति लचीलापन और आपदा जोखिम न्यूनीकरण की आधारशिला है' दरअसल इस सम्मेलन का सार है। आईआईटी रुड़की जैसे संस्थान जब वैज्ञानिक शोध को नीति और समाज से जोड़ते हैं, तब ज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह जनजीवन की दिशा बदलने की क्षमता रखता है।

### वैश्विक संकट, स्थानीय प्रभाव

संयुक्त राष्ट्र की नवीनतम **World Water Development Report** के अनुसार, दुनिया की करीब 40 प्रतिशत आबादी जल तनाव (**Water Stress**) का सामना कर रही है।

2050 तक वैश्विक जल मांग में 20.30 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है, जबकि जल स्रोत सिकुड़ रहे हैं। भारत में ही प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता 1951 में जहां 5177 घन मीटर थी, वह अब घटकर 1486 घन मीटर रह गई है। जो जल संकट के गंभीर स्तर का संकेत है।

हिमालई क्षेत्र-जहां से भारत की अधिकांश नदियां निकलती हैं, जलवायु परिवर्तन से सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है। ग्लेशियरों का पिघलना, असमान वर्षा और चरम मौसमी घटनाएं आने वाले दशकों में गंगा-ब्रह्मपुत्र बेसिन के जल संतुलन को अस्थिर कर सकती हैं। ऐसे में रुड़की जैसे संस्थानों की भूमिका केवल शैक्षणिक नहीं, बल्कि रणनीतिक और मानवीय दोनों है।

### विज्ञान से नीति तकः सेतु की दरकार

यह सच है कि जलवायु परिवर्तन की चर्चा हर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर होती है, लेकिन 'जल प्रबंधन' अक्सर उन विमर्शों में पीछे रह जाता है। विज्ञान बताता है कि जलवायु परिवर्तन का पहला और सबसे प्रत्यक्ष असर 'जल चक्र' पर पड़ता है। वर्षा के पैटर्न, भूजल पुनर्भरण, नदी प्रवाह और बाढ़-सूखे के चक्र में। ऐसे में आवश्यकता है कि वैज्ञानिक डेटा, स्थानीय अनुभव और नीति निर्णय एक-दूसरे के पूरक बनें।

आईआईटी रुड़की में हुई यह सभा इसी दिशा में उठाया गया कदम है। जहां जल वैज्ञानिकों, नीति निर्माताओं और सामाजिक संगठनों ने मिलकर 'विज्ञान से व्यवहार तक' के मॉडल पर चर्चा की। यह वह सेतु है जो शोध को नीति में और नीति को जमीन पर उतारने में मदद करता है।

### भारत की भूमिकाः नेतृत्व और जिम्मेदारी

भारत अब केवल जलवायु परिवर्तन से प्रभावित देश नहीं रहाय वह एक 'जल नीति मॉडल' पेश करने की स्थिति में है। गंगा स्वच्छता अभियान, अटल भूजल योजना, अमृत मिशन और राष्ट्रीय जल मिशन जैसे कार्यक्रमों ने यह दिखाया है कि सरकारी इच्छाशक्ति और वैज्ञानिक सहयोग साथ मिलें तो परिवर्तन संभव है। परंतु इन योजनाओं की स्थिरता तभी सुनिश्चित होगी जब वे समुदाय-केंद्रित हों। जल का विज्ञान केवल पाइपलाइन या जलाशय नहीं, बल्कि मानव आचरण का विज्ञान भी है।

### भविष्य की दिशाः लचीलापन और साझेदारी

आईआईटी रुड़की में आयोजित यह सम्मेलन इस विश्वास को मजबूत करता है कि विज्ञान में सहयोग ही भविष्य की सबसे बड़ी शक्ति है। जब 49 देशों के वैज्ञानिक एक साथ यह सोचते हैं कि पानी को बचाने के लिए कैसे विज्ञान, तकनीक और नीति एक-दूसरे के साथ कदमताल करें, तो यह केवल सम्मेलन नहीं, बल्कि वैश्विक उम्मीद की शुरुआत है।जैसा कि आईआईटी रुड़की के निद. ेशक प्रो. के.के. पंत ने कहा: यह सभा नए विचारों, दीर्घकालिक साझेदारियों और परिवर्तनकारी नवाच. ारों को प्रेरित करेगी। यह वाक्य उस दिशा की ओर इशारा करता है जहां 'जल नीति' और 'जल विज्ञान' एक-दूसरे के पर्याय बन जाएं।

### निष्कर्षः अब समय जल संरक्षण का ही नहीं बल्कि सभ्यता निर्माण का है

दुनिया में आने वाले वर्षों में युद्धों का कारण शायद विचारधारा नहीं, जल की उपलब्धता होगी। ऐसे में भारत जैसे देश, जिनके पास वैज्ञानिक संसाधन और सामाजिक दृष्टि दोनों हैं, उन्हें विश्व समुदाय के लिए 'जल शांति' के मॉडल प्रस्तुत करने होंगे। रुड़की से उठी यह आवाज दरअसल एक वैश्विक चेतावनी है कि, अब समय केवल जल संरक्षण का नहीं, बल्कि जल-संवेदनशील सभ्यता निर्माण का है।

# मन की बात बोल देने वाला यंत्र...

*इस मशीन को गति देने के लिए उस व्यक्ति को अपने मुंह से उन शब्दों को बोलने की भरसक कोशिश करनी होती थी-यानी उसे बोलने का प्रयास होता है। इस गतिविधि के संकेतों को यंत्र पकड़ सकता है, लेकिन सहभागियों का कहना था कि बोलने की कोशिश करना काफी थकाने वाला होता है हालांकि, अंदरुनी वाणी उत्पन्न करना कम थकाने वाले होता है लेकिन उसके संकेतों से शोधकर्ता बहुत थोड़े से शब्द पकड़ पाए थे, शोधकर्ताओं ने कोशिश जारी रखी। स्टैनफर्ड विश्वविद्यालय के एरिन कुंज ने सबसे पहले तो गति-बाधित लोगों के मस्तिष्क में लगे इलेक्ट्रोड्स का विश्लेषण किया, ये इलेक्ट्रोड मोटर कॉर्टेक्स के उस हिस्से में लगे थे जिसका सम्बंध बोलने के प्रयास से है*



हम मन ही मन कई बातें सोचते हैं लेकिन वे किसी को सुनाई नहीं पड़ती। क्या हो यदि मन की इन बातों को बाहर सुना जा सके? और हाल ही में सेल पत्रिका में प्रकाशित एक शोध पत्र में इसी करिश्मे का उल्लेख किया गया है। इसमें शोधकर्ताओं ने मस्तिष्क में लगाए गए इम्प्लांट्स और डैटा विश्लेषण की मदद से चार लोगों की मन की बातों से सम्बंधित तंत्रिका संकेतों को अलग करने की जुगाड़ जमाई है। ये चारों व्यक्ति गति सम्बंधी दिक्कतों से पीड़ित थे जो उनकी बोलने की क्षमता को बाधित कर रही थी। शोधकर्ताओं ने मस्तिष्क-कंप्यूटर इंटरफेस स्थापित किया जो उनके मन की बातों को वाणी दे सकता है। आप देख ही सकते हैं कि इसकी अपनी समस्याएं हैं-यह तकनीक किसी व्यक्ति के ऐसे विचारों को भी मुखर कर सकती है जो वह मन में ही रखना चाहे।

दरअसल शोध पत्र में इस बात को समझने की को. शिश हुई है कि आंतरिक वाणी कैसे निर्मित होती है। पिछले कुछ दशकों में इंजीनियर्स ऐसे लोगों के लिए कंप्यूटर सिस्टम्स बनाने में सफल हुए हैं जो लकवाग्रस्त होने की वजह से बोल नहीं पाते। इन सिस्टम्स में यह क्षमता है कि वे मस्तिष्क में चल रही गतिविधियों से शब्द निर्मित कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, कुछ महीने पहले कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने एक यंत्र प्रस्तुत किया था जो एमायोट्रॉफिक लेटरल स्क्लेरोसिस (एएलएस) से पीड़ित एक व्यक्ति के दिमाग के मोटर कॉर्टेक्स में लगे इलेक्ट्रोड्स के संकेतों से शब्दों का सटीक व त्वरित पुनर्निर्माण कर सकता था।

इस मशीन को गति देने के लिए उस व्यक्ति को अपने मुंह से उन शब्दों को बोलने की भरसक कोशिश करनी होती थी-यानी उसे बोलने का प्रयास होता है। इस गतिविधि के संकेतों को यंत्र पकड़ सकता है। लेकिन सहभागियों का कहना था कि बोलने की कोशिश करना काफी थकाने वाला होता है।

हालांकि, अंदरुनी वाणी उत्पन्न करना कम थकाने वाले होता है लेकिन उसके संकेतों से शोधकर्ता बहुत थोड़े से शब्द पकड़ पाए थे। शोधकर्ताओं ने कोशिश जारी रखी। स्टैनफर्ड विश्वविद्यालय के एरिन कुंज ने सबसे पहले तो गति-बाधित लोगों के मस्तिष्क में लगे इलेक्ट्रोड्स का विश्लेषण किया। ये इलेक्ट्रोड मोटर कॉर्टेक्स के उस हिस्से में लगे थे जिसका सम्बंध बोलने के प्रयास से है। शोधकर्ताओं ने दो स्थितियों के रिकॉर्डिंग की तुलना की-एक तब जब सहभागी शब्दों को जोर से बोलने का प्रयास कर रहे थे और दूसरी तब जब वे मन ही मन वे शब्द सोच रहे थे। शोधकर्ताओं ने पाया कि इन दोनों स्थितियों (बोलने का प्रयास और मन में सोचना यानी अंदरुनी वाणी) में इसी क्षेत्र की तंत्रिकाएं सक्रिय हुईं। अंदरुनी वार्तालाप पर ध्यान केंद्रित करके कुंज व साथियों ने एक एल्गोरिद्म विकसित किया जो इन संकेतों को ध्वनि में बदल सकता था। अब बारी आई इस मॉडल को प्रशिक्षित करने की। टीम ने सहभागियों से कहा कि वे सवा लाख शब्दों की एक सूची के शब्दों को मन ही मन बोलें और उनकी तंत्रिका गतिविधि को रिकॉर्ड कर लिया। फिर सहभागियों से कहा गया कि वे उन शब्दों का इस्तेमाल करते हुए कुछ पूरे-पूरे वाक्य बोलने की कल्पना करें। परिणाम यह रहा कि उनका मॉडल अंदरुनी वार्तालाप को तत्काल वाक्यों में बदल सका। इसमें गलती होने की दर 26 से 54 प्रतिशत रही जो आज तक के प्रयासों में सबसे बेहतर है। हालांकि गलती की दर काफी अधिक है, लेकिन यह अध्ययन मनोगत वार्तालाप की अच्छी छानबीन है। वैसे इस तरह के अध्ययनों के साथ एक समस्या निजता सम्बंधी भी है। कहीं ऐसा न हो कि वाणी-बाधित लोगों के सारे विचार खुलकर उजागर होने लगें। एक विचार तो यह है कि सारे मनोगत विचारों को नहीं बल्कि सिर्फ उन विचारों को एल्गोरिद्म तक पहुंचने दिया जाए, जिन्हें बोलने की कोशिश वह व्यक्ति कर रहा हो। दूसरा विचार है कि कोई ऐसा पासवर्ड हो जो वह व्यक्ति सोचे तभी विचारों को ध्वनि में तबदील किया जाए। एक व्यक्ति के मामले में यह पासवर्ड वाली व्यवस्था 99 प्रतिशत बार कारगर रही। मस्तिष्क-कंप्यूटर इंटरफेस के विकास के साथ ऐसी व्यवस्थाएं निजता को सुरक्षित रखने के लिए अधिका. धिक जरूरी होती जा रही हैं।

(स्रोत फीचर्स)

# करवाचौथ पर हर्बल प्रसाधनों से दें अपने चेहरे को चांद सा निखार



शहनाज हुसैन

करवा चौथ सभी विवाहित महिलाओं के सौंदर्य से सीधे तौर से जुड़ा है। इस विशेष उत्सव पर सुहागन महिलाएं सज धज कर पति की आरती उतार कर उनकी मंगल कामना करते हुए सूर्योदय से चंदर्योदय तक ब्रत रख कर उनके लम्बे स्वास्थ्य जीवन की कामना करती हैं। करवा चौथ के पवित्र दिन सभी बिबाहित महिलाएं अपने हाथों में मेहंदी, बिन्दी तथा पूरे श्रृंगार के साथ दिन भर अपने जीवन साथी की लम्बी उम्र तथा सुखी दाम्पत्य जीवन के लिए निर्जल व्रत तथा पूजा करती हैं। इस तयौहार में महिलाएं पुरे उत्साह से संजने संबरने के बाद अपने पति के लम्बी उम्र तथा स्वस्थ्य के लिए पुरे बिधि बिधानों के साथ ब्रत और पूजा करती हैं।

इस पवित्र दिन महिलाएं गणेश ,मां गौरी तथा चन्द्रमा की पूजा करती हैं। इस दिन महिलाओं में सजने संवरने का बहूत क्रेज होता है कहा जाता है की इस दिन व्रत रखने से महिलाओं के सौन्दर्य में चांद जैसा निखार उभरता है। हालांकि आजकल महिलाओं में सजने संव. रने में ब्यूटी पार्लर और मॉल का प्रचलन शुरू हो गया है लेकिन अगर आप सचमुच सबसे अलग दिखना चाहती हैं तो ब्यूटी पार्लर के महंगे सौन्दर्य प्रसाधनों की बजाय घरेलू हर्बल प्रसाधनों के उपयोग से आप हुसन की मलिका बन सकती हैं तथा आप दमकी दमकी नजर आएंगी चाहे मौसम का मिजाज कूछ भी हो। करवा चौथ से पहले हाथों तथा पावों की सुंदरता पर फोक्स करने के बाद मेहंदी लगाएं। मेहंदी लगाने के दो घंटे बाद नीम्बू और चीनी के मिश्रण से इसे हटा दें। आप अपनी त्वचा को साफ करके उस पर सनस्क्रीन तथा माइस्चराइजर का प्रयोग कीजिए तैलीय त्वचा के लिए



एस्ट्रीजन्ट लोशन का प्रयोग करने के बाद पाऊडर लगाऐ। तैलीय त्वचा के लिए ज्यादा पाऊडर का प्रयोग मत करें तथा चेहरे के तैलीय भागों पर ही ध्यान दे। पूरे चेहरे तथा गर्दन पर हल्की गीली स्पंज से पाऊडर का प्रयोग करें। इससे चेहरे का सौंदर्य लम्बे समय तक बना रहता है। दो चम्मच गेहूं चोकर, एक चम्मच बादाम तेल, दही, शहद और गुलाब जल का पेस्ट बना कर इसे चेहरे पर लगा कर 20 मिनट बाद धोने से चेहरे की सुन्दरता निखर जाती है तथा चेहरा खिला खिला रहता है। अगर आप फाउंडेशन का प्रयोग करना चाहती है तो केवल जल आधरित फांउडेशन का ही प्रयोग करें तथा हल्के कवरेज के लिए एक या दो बूंद पानी प्रयोग में ला सकती है। फांउडेंशन जितना भी सम्भव है आपकी त्वचा के रंग से मेल जोल खाती होनी चाहिए तथा उसके बाद पाऊडर का उपयोग करें। चेहरे पर प्रकृति आभा के लिए अच्छी तरह ब्लैड करके गालों को ब्लशर से चमकाए। आंखों की सुन्दरता के लिए अपनी पलकों को पेंसिल या काजल से चमकाऐं। आंखों पर कोमल प्रभाव के लिए पलकों पर भूरी या स्लेटी आई शैडों का प्रयोग करें तथा इसके बाद मस्कारा का प्रयोग करें जिससे आंखों पर चमक आ जाएगी तथा मेकअप में भारीपन की दिखावट भी नहीं होगी। मस्कारा को एक भारी मुलम्मे की बजाय दो हल्की तहों में करना चाहिए। पहला कोट करने के बाद इसे सूखने दें तथा इसे कंघी या ब्रश कर लें। इसके बाद दूसरा कोट कीजिए तथा पहली प्रक्रिया को दोहराईए। इसके बाद दूसरा कोट कीजिए तथा पहली प्रक्रिया को दोहराईए। लिपस्टिक की सुन्दरता के लिए घने गहरे रंगों का उपयोग न करें क्योंकि चमकीली लाईट में यह ज्यादा गहरे दिखाई देते हैं जिससे आपकी आभा पर विपरित असर दिखाई देता है। सौंदर्य पर चार चांद लगाने के लिए गुलाबी, ताम्रवर्णी, कांस्यवर्णी रंगों का प्रयोग करें। नारंगी रंग या नारंगी शेड का प्रयोग फैशन का नया प्रचलन है। विकल्प के तौर पर आप हल्के बैंगनी तथा गुलाबी रंगों का प्रयोग भी कर सकती है लेकिन यह सभी रंग अत्याध्कि चमकीले नहीं होने चाहिए।

*इस पवित्र दिन महिलाएं गणेश ,मां गौरी तथा चन्द्रमा की पूजा करती हैं, इस दिन महिलाओं में सजने संवरने का बहूत क्रेज होता है कहा जाता है की इस दिन व्रत रखने से महिलाओं के सौन्दर्य में चांद जैसा निखार उभरता है।*

बिन्दी करवा चौथ के सौन्दर्य का अभिन्न अंग मानी जाती है। अपनी पोशाक से मिलती जुलतें रंग की सजावटी बिन्दी का प्रयोग करें। छोटे चमकीले रत्नों से जडित बिन्दी काफी आर्कषक लगती है। अपने सौन्दर्य में इत्रा लगाना कभी न भूलें क्योंकि यह सोने पर सुहागें का काम करता है उचित जीवनशैली अपनाने से चहेरे पर चमक तथा उत्साह की झलक मिलती है। तेजस्वी आभा के लिए उचित पोषाहार, व्यायाम पर्याप्त नींद, तथा विश्राम अत्यन्त आवश्यक है। त्यौहार से पहले हल्का व्यायाम तथा पैदल चलने की आदत डालनी चाहिए। पैदल चलना शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थ्य दोनों के लिए अत्यन्त लाभकारी साबित होता है। मन की शान्ति तथा स्वास्थ्य के लिए लम्बी गहरी सांसे सबसे ज्यादा लाभप्रद मानी जाती है। करवाचौथ के त्यौहार के दिन नई दुल्हनें तथा युवा महिलाएं दुल्हनों जैसी पोशाक पहनना पसन्द करती है जिससे उन्हें दुल्हन जैसा अहसास प्रदान होने का दुबारा अवसर मिलता है। आज के दौर में परम्पारिक लाल रंग के साथ-साथ गहरा गुलाबी रंग, हल्का गुलाबी रंग, हल्का नीला रंग, फिरोजी नीला रंग, हल्का बैंगनी रंग, स्ट्राबैरी, कांस्य, जामुनी रंग भी काफी आकर्षक तथा लोकप्रिय माने जाते है। युवा महिलाओं में दो रंगों का मिश्रण भी काफी लोकप्रिय माना जाता है।

ड्रैस के तौर पर लैहंगा चोली काफी लोकप्रिय हैं या महिलाएं घने अलंकृत कुर्ते के साथ सलवार-कुर्ते का प्रयोग भी कर सकती है। साड़ी के परम्पारिक तरीके से पहनने की बजाय इस तरीके से पहनना चाहिए ताकि सजावटी चोली तथा सघन आंचल की खूबसूरती साफ तौर पर झलकती रहे। सिली हुई साड़ियों का नया ट्रैंड चल पड़ा है जिसे आच्छादित नहीं करना पड़ता। करवाचौथ में विवाह की तरह विभिन्न आर्कषक पौशाकें पहनी जा सकती है। इस त्यौहार में जरदोजी, जाली क्रेप तथा पतली रेशमी कपड़े वाली पौशाकों को उपयोग में लाया जा सकता है। इस त्यौहार में हीरे सहित सफेद या रंगीन रत्नों से जडित आभूषण प्रयोग में लाए जाते हैं। परम्परा पौशाक में आभूषण भी परम्परागत आकर्षक दिखाई देने चाहिए।

### रूसी तेल खरीद पर बोले ट्रम्प के व्यापार सलाहकार

# भारत अपने फैसले खुद लेता है, हम निर्देश नहीं दे सकते

**वाशिंगटन।** अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि और राष्ट्रपति ट्रम्प के व्यापार सलाहकार जैमीसन ग्रीर ने कहा कि भारत अपने फैसले खुद लेता और अमेरिका दूसरे देशों को यह निर्देश नहीं दे रहा है कि वे किसके साथ संबंध रखें।

न्यूयार्क के इकोनामिक क्लब द्वारा आयोजित एक बातचीत के दौरान ग्रीर ने कहा कि भारत ने हमेशा इतना रूसी तेल नहीं खरीदा है। रूस के साथ उनके हमेशा मजबूत संबंध रहे हैं, लेकिन पिछले दो या तीन वर्षों में उन्होंने न केवल उपभोग के लिए, बल्कि रिफाइनिंग और बेचने के लिए भी रूस से कम कीमत पर तेल खरीदना शुरू किया है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी ऊर्जा खरीद में विविधता लाने लगा है। जैमीसन ग्रीर ने कहा कि ऐसा नहीं है कि रूसी तेल भारतीय अर्थव्यवस्था का कोई आधार है। हमारा मानना है कि वे अपनी तेल खरीद में विविधता ला सकते हैं और उन्हें ऐसा करना चाहिए। सच कहूं तो, मैं पहले से ही देख सकता हूं कि उन्होंने अपनी तेल खरीद में विविधता लानी शुरू कर दी है। मुझे लगता है कि वे इसे समझते हैं।

ग्रीर ने आगे कहा कि जाहिर है कि वे (भारत) एक संप्रभु देश हैं। वे अपने फैसलों को नियंत्रित करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है, जिसमें भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद पर लगाया गया 25 प्रतिशत टैरिफ भी शामिल है। ट्रम्प प्रशासन का आरोप है कि रूसी तेल खरीदकर चीन और भारत यूक्रेन युद्ध को फंड किया जा रहा है। भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ के असर के बारे में पूछे जाने पर ग्रीर ने कहा कि भारत पर ए शुल्क कुछ हफ्तों से लागू हैं। जैमीसन ग्रीर ने कहा, श्भारत एक ऐसा देश है, जिससे हम 40 अरब अमेरिकी डॉलर का सामान ज्यादा खरीदते हैं। इसलिए उनका अमेरिका के साथ पहले से ही एक बेहतरीन समझौता है। जितना हम उन्हें बेचते हैं, वे उससे कहीं ज्यादा बेचते हैं। ऐसे में भारत व्यवहारिक रुख अपना रहा है।श ग्रीर ने जोर देकर कहा कि ट्रम्प रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हम कोशिश कर रहे हैं कि व्लादिमीर पुतिन पर जितना हो सके उतना दबाव पड़े। हमने अपने यूरोपीय सहयोगियों से भी बात की है, जिनमें से कुछ आज भी रूसी तेल खरीद रहे हैं, जो कि एक अजीब बात है। इसलिए हम इस बारे में सिर्फ भारतीयों से ही बात नहीं कर रहे हैं, बल्कि हमने चीनियों से भी बात की है। हमें बस इस युद्ध को समाप्त करने की कोशिश कर रहे हैं, और अगर युद्ध समाप्त हो जाता है, तो स्थिरता आएगी, तो आप रूसी तेल के बारे में फिर से बातचीत कर सकते हैं।

## गूगल को झटका, सुप्रीम कोर्ट का पुराना आदेश बरकरार

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने एक साल पुराने उस आदेश पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया, जिसके तहत गूगल को अपने एंड्राइड एप स्टोर में बड़े बदलाव करने थे। इससे कंपनी को शीघ्र ही प्ले स्टोर में सुधार लागू करना होगा, जो अमेरिका में अधिकांश गैर-एपल स्मार्टफोन के लिए एंड्राइड एप्स का प्लेटफार्म है। आदेश का मकसद गूगल के प्ले स्टोर के विरुद्ध प्रतिस्पर्धा बढ़ाना और उसे अवैध एकाधिकार से रोकना है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का मतलब है कि गूगल को 22 अक्तूबर तक अपने प्ले स्टोर में उन एप्स के लिए बदलाव शुरू करना होगा जो उस एंड्राइड साफ्टवेयर पर चलते हैं। जज जेम्स डोनाटो ने कहा, गूगल द्वारा बनाई गई डिजिटल दीवारों ने कंपनी को अरबों का वार्षिक लाभ दिया। विशेषकर इन-एप लेनदेन पर 15-30 प्रतिशत शुल्क लेने की प्रणाली के जरिए गूगल ने अपने एकाधिकार का फायदा उठाया।

# हमारे मिलिट्री एक्शन से मोदी की लोकप्रियता घटी: पाक

**■ रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा: बिहार में चुनाव के कारण भारत भड़काऊ कार्रवाई कर रहा**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि बिहार चुनाव की वजह से भारत भड़काऊ कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने यह बयान पाकिस्तानी न्यूज चौनल समा टीवी पर बुधवार को दिया। ख्वाजा आसिफ ने कहा कि मई में भारत के खिलाफ पाकिस्तान की सैन्य कार्रवाई से मोदी की लोकप्रियता घटी है।

मोदी के समर्थक भी अब उनकी आलोचना कर रहे हैं। आसिफ ने संघर्ष के दौरान 6 भारतीय फाइटर जेट मार गिराने का दावा किया। आसिफ ने दावा किया कि पहले जो देश भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान न्यूट्रल रहते थे, वे अब हमारे खेमे में शामिल हो गए हैं और जो भारत का समर्थन कर रहे थे, वे अब चुप हैं। यह बात भारत को सालों तक परेशान करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सिर्फ औरंगजेब के समय ही एकजुट था। इतिहास बताता है कि औरंगजेब की हुकूमत के अलावा भारत कभी पूरी तरह एकजुट नहीं रहा। पाकिस्तान अल्लाह के नाम पर बना है। हम घर में आपस में लड़ते हैं, लेकिन भारत से लड़ाई होने पर एक हो जाते हैं।

ख्वाजा आसिफ ने तीन दिन पहले भारत को धमकी देते हुए कहा था कि अब की बार जंग हुई तो भारत अपने लड़ाकू विमानों के मलबे के नीचे दब जाएगा। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया ग पर लिखा कि भारतीय लीडरशिप अपनी खोई हुई विश्वसनीयता पाने के लिए भड़काऊ बयान दे रही है। आसिफ ने आरोप लगाया कि नई दिल्ली जानबूझकर तनाव बढ़ा रही है ताकि नागरिकों का ध्यान घरेलू चुनौतियों से भटकाया जा सके। पाकिस्तान की तरफ से बीते कुछ दिनों से लगातार भड़काऊ बयानबाजी की जा रही है। दो दिन पहले पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता जनरल अहमद चौधरी ने कहा था कि भारत के खिलाफ संघर्ष में चीनी हथियारों ने मई में बेहतरीन काम किया था। उन्होंने कहा था कि हम हर तरह की तकनीक के लिए खुले हैं। चीनी तकनीक ने बहुत अच्छा काम किया। पाकिस्तान ने 7 भारतीय फाइटर जेट मार गिराए थे, जबकि भारत ने एक भी पाकिस्तानी विमान नहीं गिराया। स्टाकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के मुता. बिक, 2020 से 2024 तक पाकिस्तान के हथियारों का 81 प्रतिशत चीन से आया। पाकिस्तान चीन का सबसे बड़ा हथियार ग्राहक है।

## रूस की तरफ से जंग लड़ रहे भारतीय छात्र का सरेंडर

**कीव।** रूस की तरफ से जंग लड़ रहे 22 साल के एक भारतीय छात्र माजोती साहिल मोहम्मद हुसैन ने यूक्रेन के सामने सरेंडर कर दिया। माजोती गुजरात के मोरबी शहर का रहने वाला है। वो पढ़ाई करने रूस गया था।

कीव इंडिपेन्डेंट के मुता. बिक, यूक्रेन की 63वीं मैकेनाइज्ड ब्रिगेड ने मंगलवार को वीडियो जारी कर बताया कि माजोती को ड्रग्स केस में 7 साल जेल हुई थी। जेल से बचने के लिए उसे रूसी सेना में शामिल होने का ऑफर मिला था। माजा. ेती ने वीडियो में कहा कि वह जेल नहीं जाना चाहता था, इसलिए उसने रूसी सेना का कान्ट्रैक्ट साइन कर लिया। उसे सिर्फ 16 दिन की ट्रेनिंग दी गई और 1 अक्टूबर को पहली बार युद्ध में भेजा गया। तीन दिन बाद अपने कमांडर से झगड़े के बाद उसने यूक्रेनी सेना के सामने सरेंडर कर दिया। छात्र ने बताया- मैंने हथियार डाल दिए और कहा कि मुझे लड़ना नहीं है, मुझे मदद चाहिए। उसने ए सभी बातें रूसी भाषा में कही। माजोती ने कहा कि वह रूस वापस नहीं जाना चाहता। उसने यह भी बताया कि उसे सेना में शामिल होने का पैसा देने का वादा किया गया था, लेकिन उसे कुछ नहीं मिला। यूक्रेन ने कई विदेशी सैनिकों को रूस के लिए लड़ते पकड़ा है।

# तालिबान के हमले में 11 पाक सैनिकों की मौत

**इस्लामाबाद।** तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के हमले में मंगलवार रात को 11 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई। इसमें 2 अधिकारी और 9 सैनिक शामिल हैं। अफगानिस्तान सीमा के पास पाकिस्तानी सेना टीटीपी के खिलाफ ऑपरेशन चला रही थी।

इस दौरान दोनों के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें टीटीपी के 19 लड़ाके भी मारे गए हैं। पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशन ने आरोप लगाया कि हमलावरों को भारत का समर्थन मिल रहा है। सेना ने दावा किया कि वह इन्हें खत्म करने में जुटी है। पिछले कुछ महीनों से टीटीपी ने पाकिस्तान में सुरक्षा बलों पर हमले तेज कर दिए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तानी सैनिक टीटीपी के खिलाफ कुर्रम जिले में ऑपरेशन को अंजाम देने पहुंचे थे। इसी दौरान हमलावरों ने उनकी गाड़ी पर बम से हमला किया और फिर फायरिंग की। रायटर्स को भेजे गए एक बयान में पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली और कहा कि उनके लड़ाकों ने काफिले को निशाना बनाया। पाकिस्तानी सेना ने अपने बयान में कहा कि उन्हें कुर्रम में इंडियन प्राक्सी संगठन फितना अल-ख्वारिज से जुड़े आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी, जिसके बाद ऑपरेशन चलाया गया। पाकिस्तानी सेना टीटीपी को फितना अल-ख्वारिज बुलाती है। यह एक अरबी शब्द है। फितना का मतलब 'उपद्रवी' और अल-ख्वारिज का मतलब 'चरमपंथ के रास्ते पर चले जाने वाले लोग' होते हैं। 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से टीटीपी ने पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के खिलाफ गुरिल्ला युद्ध छेड़ रखा है। टीटीपी को पिछले बारह साल में पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा आतंकवादी खतरा माना जा रहा है।

पाकिस्तान का आरोप है कि टीटीपी के लड़ाके सीमा पार अफगानिस्तान से ट्रेनिंग लेकर पाकिस्तान लौटते और हमला करते हैं। हालांकि तालिबान दावा करता है कि वह टीटीपी का समर्थन नहीं करता।पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर पीस स्टडीज के अनुसार, देश में आतंकवादी हमले 2015 के बाद सबसे ज्यादा हो गए हैं, और टीटीपी इसकी मुख्य वजह है। वैश्विक आतंकवाद सूचकांक के इन हमलों की वजह से ही पाकिस्तान आतंकवाद प्रभावित देशों की सूची में दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। 2001 में अमेरिका ने अफगानिस्तान पर हमला किया, तो कई लड़ाके पाकिस्तान के कबाइली इलाकों में छिप गए। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर हमले का समर्थन किया। इससे नाराज होकर 2007 में बेतुल्लाह मेहसूद ने 13 विद्रोही गुटों को मिलाकर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) बनाया। टीटीपी ने कबायली इलाकों में शरिया कानून लागू किया और पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और अफगानिस्तान में विदेशी सैनिकों पर हमले किए। टीटीपी ने यूनिवर्सिटीज, धार्मिक नेताओं और नागरिक ठिकानों को भी निशाना बनाया और यहां तक कि पाकिस्तान के बड़े शहरों में भी हमले किए।




